सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 2 नवम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 295, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## अक्टूबर में जीएसटी संग्रह बढ़कर 1.96 लाख करोड़

जीएसटी दरों में कटौती के बावजूद त्योहारी खरीदारी के कारण अक्टूबर में सकल जीएसटी संग्रह 4.6 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.96 लाख करोड़ रुपये हो गया। } 14

## राजद के कार्यकाल में फैली हुई थी अराजकता

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा राजद के कार्यकाल में बिहार में अराजकता फैली हुई थी। कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी थी। } 16

## आंध्र प्रदेश के मंदिर में भगदड़, नौ की मौत

### राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री मोदी ने श्रद्धालुओं की मौत पर जताया शोक

एजेंसी



काशीबुग्गा (आंध्र प्रदेश)। श्रीकाकुलम जिले के काशीबुग्गा में एक मंदिर में शनिवार को भगदड़ मचने से आठ महिलाओं और एक लड़के समेत कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में स्थित वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में शनिवार को भगदड़ मचने से श्रद्धालुओं की मौत पर दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

इससे पहले श्रीकाकुलम जिला कलेक्टर ने मृतकों की संख्या 10 बताई थी। श्रीकाकुलम के पुलिस अधीक्षक केवी महेश्वर रेड्डी ने को बताया नौ लोगों की मौत हुई है। एक व्यक्ति की हालत गंभीर है, उसकी मौत नहीं हुई है। 12 साल के एक लड़के की मौत हुई है। बाकी सभी मृतक महिलाएं हैं। यह एक निजी मंदिर है। यह कोई सरकारी मंदिर नहीं है। इसका निर्माण हाल ही में हुआ है। काशीबुग्गा उपमंडल प्रभारी डीएसपी लक्ष्मण राव ने बताया कि भगदड़ पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे काशीबुग्गा शहर के वेंकटेश्वर मंदिर में हुई। रेड्डी ने कहा कि हादसा सीढ़ियों के पास लगी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विश्व को अपनी ताकत का एहसास करा रहा है भारत : योगी

### मुख्यमंत्री की उपस्थिति में 1300 छात्रों को वितरित किया गया सैमसंग इनोवेशन कैम्पस के प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कभी पहचान के संकट के दौर से गुजरने वाला भारत आज दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में एहसास करा रहा है। यह बदलाव लीडरशिप (नेतृत्व) की कार्यपद्धति से आया है। समर्थ और प्रभावी नेतृत्व वही होता है जो देश के प्रति दुनिया की धारणा बदलने का सामर्थ्य रखता हो। विगत 11 वर्षों से देश में ऐसी ही लीडरशिप देखने को मिल रही है।

सीएम योगी शनिवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में सैमसंग इनोवेशन कैंपस द्वारा आयोजित प्रमाणपत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और अन्य प्रौद्योगिकी संस्थानों के करीब 1300 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।




मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से आठ विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 2014 के पहले का भारत पहचान के संकट के दौर से गुजर रहा था। भ्रष्टाचार व्यवस्था पर हावी था। वैश्विक स्तर पर देश का सम्मान समाप्त हो रहा था। युवा पहचान को मोहताज हो रहे थे। पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में विकास और जनहित के अनेक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन से वैश्विक स्तर पर भारत की मजबूत पहचान स्थापित करने में सफलता मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा पीएम स्टार्टअप, पीएम स्टैंडअप, डिजिटल इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने भारत को न केवल नई पहचान दी है बल्कि देश को दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनाने में भी भरपूर योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव अचानक नहीं हुआ बल्कि इसके लिए सरकार के स्तर पर अनेक प्रयास किए गए। सीएम योगी ने आमजन के जीवन को सुगम बनाने के लिए युवाओं से इमर्जिंग टेक्नोलॉजी और नवाचार पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। कहा कि ईज ऑफ लिविंग (जीवन सुगमता) बढ़ाने में तकनीकी काफी सहायक हो सकती है। आज तकनीकी के इस्तेमाल से ऐसे नवाचार जरूरी हैं जिससे जीवन को और भी सहज और सरल बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने देश के विकास और जीवन सुगमता के लिए तकनीकी के महत्व ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### महिला विश्व कप फाइनल: इतिहास रचने को तैयार भारत

नवी मुंबई। आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में रविवार को यहां जब मैदान पर उतरेगी तो उसे पिछले सात में से छह मैच जीत कर पहली बार इस टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में पहुंची दक्षिण अफ्रीका की कड़ी चुनौती से पार पाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाना होगा। यह मुकाबला सिर्फ एक खिताब के लिए जंग नहीं हैं, बल्कि महिला क्रिकेट के इतिहास में एक नया अध्याय लिखने जा रहा है क्योंकि इस फाइनल से नया विश्व चैंपियन मिलने वाला है। भारतीय टीम तीसरी बार (2005 और 2017 के बाद) इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है, जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली बार खिताबी मुकाबले में पहुंची है। दोनों टीमें शानदार फॉर्म में हैं और जबरदस्त आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेंगी। भारत पर एक समय लीग चरण से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था।

(विस्तृत खबर भीतर)

### नाबालिग से दुष्कर्म व हत्या के दोषी को फांसी

शाहजहांपुर। जिले की पॉक्सो अदालत ने सात वर्ष की बच्ची से दुष्कर्म एवं उसकी छोटी बहन की हत्या के मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर एक लाख 37 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, थाना कांट अंतर्गत 22 फरवरी 2021 को एक गांव में सात तथा पांच वर्षीय दो बहनें प्राथमिक विद्यालय में नहाने गई थीं। इसी दौरान अनिल उर्फ चमेली उन्हें बिस्किट तथा शहद का लालच देकर गांव से दूर खेतों में ले गया और सात वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और उसकी छोटी बहन की हत्या कर दी। मामले में विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार सिद्धू ने आरोपी को शुक्रवार को फांसी की सजा सुनाई है।

# जल्द ही पूरा देश नक्सलवाद से होगा मुक्त

### छत्तीसगढ़ में पीएम मोदी ने 14,260 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

एजेंसी

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पिछले 11 सालों में देश में माओवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 125 से घटकर तीन रह गई है और उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह दिन दूर नहीं जब छत्तीसगढ़ और भारत का हर कोना इस खतरे से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की 25वीं वर्षगांठ के मौके पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा की सराहना की और कहा कि 25 साल पहले जो बीज बोया गया था, वह अब विकास के वट वृक्ष में बदल गया है।

उन्होंने कहा मुझे इस बात की खुशी है कि आज हमारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद माओवादी आतंक की बेड़ियों से मुक्त हो रहा है। नक्सलवाद की वजह से 50-55 साल तक आपने जो झेला वह पीड़ा दायक है। आज जो लोग संविधान की किताब का दिखावा करते हैं, जो लोग सामाजिक न्याय के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाते हैं उन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए आपके साथ दशकों तक अन्याय किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम में सड़क, उद्योग, स्वास्थ्य देखभाल और ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में 14,260 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने आज ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ करने के



लिए छत्तीसगढ़ के नौ जिलों में 12 नए स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम (एसवीईपी) का उद्घाटन किया। वहीं, 3.51 लाख पूर्ण हो चुके घरों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मोदी ने कहा, मैंने गरीबी को करीब से देखा है, इसलिए प्रधानमंत्री बनने के बाद गरीबों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा, पिछले 11 वर्षों में हमने चार करोड़ गरीबों को घर उपलब्ध कराए, हमारा संकल्प उन्हें तीन करोड़ और घर देने का है। मोदी ने इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत तीन लाख लाभार्थियों को 1200 करोड़ रुपये की किशत जारी की। इससे राज्य भर के ग्रामीण परिवारों के लिए सम्मानजनक आवास और सुरक्षा सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए पत्थलगांव-कुनकुरी से छत्तीसगढ़-झारखंड सीमा तक चार लेन वाले ग्रीनफील्ड राजमार्ग का शिलान्यास किया।

इसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा भारतमाला परियोजना के तहत लगभग 3,150 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा है। यह रणनीतिक गलियारा कोरबा, रायगढ़, जशपुर, रांची और जमशेदपुर में प्रमुख कोयला खदानों, औद्योगिक क्षेत्रों और इस्पात संयंत्रों को जोड़ेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने बस्तर और नारायणपुर जिलों में कई खंडों में फैले राष्ट्रीय राजमार्ग-130 डी (नारायणपुर-कस्तूरमेटा-कुतुल-नीलांगुर-महाराष्ट्र सीमा) के निर्माण और उन्नयन का भी शिलान्यास किया। उन्होंने इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-130सी (मदंगमुडा-देवभोग-ओडिशा सीमा) को दो-लेन राजमार्ग में उन्नत करने का भी उद्घाटन किया। इससे जनजातीय और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सड़क संपर्क में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और बाजारों तक पहुंच में सुधार होगा और दूरदराज के क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा माओवादी आतंक के कारण लंबे समय तक छत्तीसगढ़ के आदिवासी इलाके सड़कों से वंचित रहे, बच्चों को स्कूल नहीं मिले, बीमारों को अस्पताल नहीं मिले और जो वहां थे बम से उसे उड़ा दिया जाता था। डॉक्टर को, शिक्षकों को मार दिया जाता था ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सबसे भारी संचार उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए भारत तैयार

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 4,000 किलोग्राम से अधिक वजनी संचार उपग्रह सीएमएस-03 रविवार को इस अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किए जाने के लिए पूरी तरह तैयार है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि लगभग 4,410 किलोग्राम वजन वाला यह उपग्रह भारत की धरती से भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में प्रक्षेपित किया जाने वाला सबसे भारी उपग्रह होगा। यह उपग्रह एलवीएम3-एम5 रॉकेट के जरिये प्रक्षेपित किया जाएगा, जिसे इसकी भारी भारोत्तोलन क्षमता के लिए बाहुबली नाम दिया गया है।

बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष एजेंसी ने शनिवार को बताया कि प्रक्षेपण यान को पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है और अंतरिक्ष यान के साथ एकीकृत कर दिया गया है तथा इसे प्रक्षेपण-पूर्व कार्यों के लिए यहां दूसरे प्रक्षेपण स्थल पर ले जाया गया है। इसरो ने बताया कि 4,000 किलोग्राम तक भारी पेलोड ले जाने की क्षमता के कारण बाहुबली नाम से जाना जाने वाला 43.5 मीटर लंबा यह यान दो नवंबर यानी रविवार को शाम पांच ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संप्रभुता के लिए सामूहिक सुरक्षा जरूरी

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आसियान देशों व समूह के साझेदारों को किया संबोधित

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामक सैन्य गतिविधियों को लेकर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच शनिवार को कहा कि भारत का मानना है कि यह क्षेत्र खुला, समावेशी और किसी भी प्रकार के दबाव से मुक्त रहना चाहिए। कुआलालंपुर में आसियान सदस्य देशों और समूह के वार्ता साझेदारों के रक्षा मंत्रियों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने क्षेत्र के प्रत्येक राष्ट्र की संप्रभुता सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक सुरक्षा के दृष्टिकोण पर जोर दिया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत का संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन (यूएनसीएलओएस) के पालन पर



जोर और नौवहन तथा उड़ान की स्वतंत्रता का समर्थन किसी देश के खिलाफ नहीं, बल्कि सभी क्षेत्रीय हितधारकों के हितों की रक्षा के लिए है। उन्होंने ऐसे समय में यह टिप्पणी की है जब आसियान के कई सदस्य और लोकतांत्रिक देश विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों के बीच संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के निरंतर पालन की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बम की धमकी के बाद इंडिगो विमान की मुंबई में लैंडिंग

हैदराबाद। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय (आरजीआईए) हवाई अड्डे पर शनिवार को एक धमकी भरा ईमेल आया, जिसमें दावा किया गया कि जेद्दा से हैदराबाद जाने वाले इंडिगो के विमान में एक मानव बम है। इसके बाद विमान का मार्ग बदलकर मुंबई की ओर कर दिया गया, जहां इसे सुरक्षित उतार लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

हवाई अड्डे के अधिकारियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि उन्हें सुबह करीब 5:30 बजे धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें उन्हें हैदराबाद में इंडिगो के विमान को न उतारने की चेतावनी दी गई। पुलिस ने कहा कि ईमेल में कहा गया विमान में सवार लिट्टे-आईएसआई के लोगों ने 1984 के मद्रास हवाई ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आपदा प्रबंधन के लिए उठाये ठोस कदम : धामी

### लोकपर्व 'इगास' पर आपदा प्रभावितों के बीच पहुंचे मुख्यमंत्री

प्रमुख संवाददाता

रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड)। उत्तराखंड के लोकपर्व 'इगास' के अवसर पर मुख्यमंत्री धामी आपदा प्रभावितों के बीच पहुंचे। मुख्यमंत्री ने रुद्रप्रयाग के ग्राम भौंर में आपदा प्रभावित परिवारों के साथ मध्यान्ह भोजन कर मानवीय संवेदना का उदाहरण प्रस्तुत किया।

उन्होंने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि यह प्रदेश आपदा-संवेदनशील जरूर है, लेकिन हमारी सरकार ने आपदा प्रबंधन को सशक्त और प्रभावी बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। राहत कार्य केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि मानवीय जिम्मेदारी है, जिसे संवेदनशीलता और तत्परता के साथ निभाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने ग्राम



भौंर में ग्रामीणों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और उनके अनुभवों, चुनौतियों तथा आवश्यकताओं को विस्तार से सुना। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रभावित परिवारों को समयबद्ध तरीके से राहत सहायता दी जाए और पुनर्निर्माण कार्यों को शीघ्र, पारदर्शी और प्राथमिकता आधारित तरीके से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री धामी ने आपदा के दौरान जान-माल की हानि झेलने वाले परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और मृतक कुलदीप सिंह नेगी (वन श्रमिक) तथा ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 24.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- अच्छी पुस्तकें होती हैं व्यक्ति की सच्ची साथी : योगी (पृष्ठ-02)
- यूपी में अप्रेजल समिति ने दी 12 नये प्रोजेक्ट्स को मंजूरी (पृष्ठ-02)
- चीन की कारखाना गतिविधि में सातवें महीने गिरावट (पृष्ठ-10)
- रुपया उबरकर 88.69 प्रति डॉलर पर सपाट बंद (पृष्ठ-10)
- तीन साल से लंबित जीएसटी रिटर्न नहीं भर पाएंगे व्यवसाय (पृष्ठ-10)

**विशेष खबर** आज क्षेत्र, भाषा, जाति की संकीर्णता के आधार पर बढ़ रही है विभाजन की प्रवृत्ति

# समाज को एकजुट रखने का सूत्र है वंदे मातरम : होसबाले

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने राष्ट्र गीत वंदे मातरम की रचना की 150वीं वर्षगांठ पर इसके रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय को शनिवार को याद किया और लोगों से इसकी भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया, क्योंकि समाज में विभाजन की प्रवृत्ति बढ़ रही है।

संघ सरकार्यवाह ने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्र की आत्मा का गीत है, जो अपने दिव्य प्रभाव के कारण 150 वर्षों के बाद भी संपूर्ण समाज को राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना से ओत-प्रोत करने का सामर्थ्य रखता है। उन्होंने एक वक्तव्य में कहा आज जब क्षेत्र, भाषा, जाति आदि संकीर्णता के आधार पर विभाजन की प्रवृत्ति बढ़ रही है, ऐसे में वंदे मातरम वह सूत्र है, जो समाज को एकता के सूत्र में बांधकर रख सकता है। होसबाले ने कहा कि राष्ट्र गीत को भारत के सभी क्षेत्रों और भाषाओं में सार्वभौम स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा यह आज भी समाज की राष्ट्रीय चेतना सांस्कृतिक पहचान और एकात्म भाव का सशक्त आधार है। उन्होंने कहा कि 1896 में रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा इसे गाये जाने के बाद से यह गीत देशभक्ति का मंत्र और राष्ट्र की आत्मा बन गया। होसबाले ने कहा कि इस मंत्र की व्यापकता को इस बात से समझा जा सकता है कि देश के अनेक विद्वानों और महापुरुषों, महर्षि अरविंद, मैडम भीकाजी कामा, महाकवि



सुब्रमण्यम भारती, लाला हरदयाल, लाला लाजपत राय आदि ने अपने पत्र पत्रिकाओं के नाम में वंदे मातरम जोड़ा था। उन्होंने उल्लेख किया कि महात्मा गांधी भी अनेक वर्षों तक अपने पत्रों में समापन वंदे मातरम के साथ करते रहे। होसबाले ने एक वक्तव्य में कहा वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र गीत के रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय को कृतज्ञतापूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करता है। रवींद्रनाथ टैगोर ने 1875 में रचित इस गीत को 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया था। होसबाले ने कहा उस वक्त से, यह गीत देशभक्ति का मंत्र ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय उद्घोष, राष्ट्रीय चेतना तथा राष्ट्र की आत्मा की ध्वनि बन गया। उन्होंने कहा कि इसके बाद, बंग-भंग आंदोलन सहित भारत के स्वाधीनता संग्राम के सभी सेनानियों का नारा वंदे मातरम ही बन गया था। उन्होंने कहा वंदे मातरम गीत की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सभी स्वयंसेवकों सहित सम्पूर्ण समाज से आह्वान करता है कि वंदे मातरम की प्रेरणा को प्रत्येक हृदय में जागृत करते हुए स्व के आधार पर राष्ट्र निर्माण कार्य के लिए सक्रिय हों और इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को उत्साहपूर्वक भागीदारी करें। उन्होंने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि संगठन पर सिर्फ इसलिए प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता क्योंकि कोई ऐसा चाहता है। साथ ही कहा कि ऐसी मांग करने वालों को अतीत से सीखना चाहिए। आरएसएस की यहां तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी बैठक के समापन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, होसबाले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के उस बयान पर जवाब दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि संघ को प्रतिबंधित कर देना चाहिए।

## भारतीय लोकतंत्र की आत्मा संविधान में निहित : सीजेआई

जिला संवाददाता

प्रयागराज। उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने शनिवार को कहा कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा संविधान में निहित है और भारत में संविधान के कारण ही लोकतंत्र की नींव मजबूत है।

यहां इलाहाबाद विश्वविद्यालय में आयोजित एक संगोष्ठी के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति गवई ने कहा, कई देशों में केंद्र और राज्यों में अलग-अलग संविधान कार्य करते हैं, लेकिन भारत में एक की संविधान राज्यों और केंद्र के लिए कार्य करता है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, गवई ने कहा कि जिला स्तर से न्यायिक व्यवस्था प्रारंभ होकर उच्च न्यायालय होते हुए उच्चतम न्यायालय तक जाती है। इससे सभी को न्याय की अवधारणा संभव हो पाई है। प्रधान न्यायाधीश ने नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे देशों के अस्थिर लोकतंत्र का उदाहरण देते हुए कोलेजियम प्रणाली को सही ठहराया और कहा कि इस व्यवस्था में नियुक्तियों में राज्य सरकार और केंद्र सरकार और विभिन्न एजेंसियों के इनपुट शामिल होते हैं और इसके आधार पर ही न्यायाधीशों की नियुक्ति होती है। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर के प्रयासों से ही देश की शक्ति संरचना को तीन चरणों यानी विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# अच्छी पुस्तकें होती हैं व्यक्ति की सच्ची साथी : योगी

## सीएम योगी की बच्चों से अपील- स्मार्टफोन देखने के बजाय अच्छी पुस्तकों में करें अपने समय का निवेश

विशेष संवाददाता (vol)




**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय (डीडीयू) परिसर में आयोजित गोरखपुर पुस्तक महोत्सव 2025 का शुभारंभ किया। यह पुस्तक मेला 1 से 9 नवंबर तक चलेगा।

- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया गोरखपुर पुस्तक महोत्सव का शुभारंभ**
- **1 से 9 नवंबर तक दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में चलेगा पुस्तक मेला**
- **200 से अधिक स्टॉलों पर उपलब्ध होंगी विविध विषयों की पुस्तकें**
- **मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों से की बातचीत, वितरित कीं पुस्तकें**
- **मुख्यमंत्री ने श्रीराम दरस मिश्र को दी श्रद्धांजलि**

कार्यक्रम का आयोजन नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी) और डीडीयू विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने बच्चों को पुस्तकें वितरित कीं और स्कूली विद्यार्थियों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यक्ति की सबसे सही मार्गदर्शक और सच्ची साथी अच्छी पुस्तकें होती हैं। उन्होंने भारत की श्रवण परंपरा और गुरु-शिष्य परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे ऋषियों ने ज्ञान को लिपिबद्ध कर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने की अद्भुत परंपरा विकसित की।

उन्होंने कहा कि यह पुस्तक महोत्सव आने वाले 9 दिनों तक 200 से अधिक स्टॉलों के माध्यम से गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोगों को अपनी रुचि की पुस्तकें खरीदने का शानदार अवसर प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि पीएम मोदी हमेशा कहते हैं 'वेन सिटिजन, कंट्री लीड' यानी जब नागरिक पढ़ते हैं तभी देश आगे बढ़ता है। सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर की भूमि इसलिए भी विशेष है क्योंकि पिछले 100 वर्षों से गीता प्रेस भारत और विश्व में सनातन धर्म की विचारधारा को अपनी पुस्तकों के माध्यम से पहुंचा रहा है। उन्होंने साहित्यकार फिराक गोरखपुरी, मुंशी प्रेमचंद, प्रो. विश्वनाथ त्रिपाठी जैसे लेखकों का स्मरण किया और हाल ही में दिवंगत साहित्यकार श्रीराम दरस मिश्र को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुस्तकें हमेशा नई प्रेरणा देती हैं। हमें उनसे जुड़ना चाहिए। अगले 9 दिनों में यहां अनेक विमर्श, परिचर्चा, पुस्तकों के विमोचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। गोरखपुर विश्वविद्यालय के साथ शहर की सभी संस्थाओं को इसमें भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार राज्यभर में पुस्तकालयों का जाल बिछा रही है। प्रदेश की 57,600 ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालयों के साथ पुस्तकालय स्थापित किए गए हैं। 1.56 लाख से अधिक प्राथमिक विद्यालयों में से 1.36 लाख विद्यालयों का कायाकल्प किया गया है, जिनमें पुस्तकालय और डिजिटल लाइब्रेरी की व्यवस्था की गई है ताकि बच्चों में पढ़ने की संस्कृति विकसित हो सके। मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील की कि वे स्मार्टफोन पर अनावश्यक समय व्यर्थ न करें और अपने समय का सदुपयोग पुस्तकों के अध्ययन में करें। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन पर निर्भरता युवाओं में अवसाद और विचलन बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री मोदी की पुस्तक एग्जाम वारियर्स छात्रों के लिए एक उपयोगी मार्गदर्शक है। इसे हर विद्यार्थी को पढ़ना चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अच्छी पुस्तकें न केवल परीक्षा में मदद करती हैं बल्कि जीवन के कठिन समय में भी मार्गदर्शन देती हैं। धार्मिक, पर्यावरणीय, तकनीकी और एआई से जुड़ी पुस्तकों से हमें ज्ञान और प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि हम सभी को स्मार्टफोन पर खर्च घटाकर पुस्तकों में निवेश करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देवोत्थान एकादशी है, यह शुभ अवसर भगवान विष्णु की कृपा का प्रतीक है। इसी पावन दिन पर पुस्तक महोत्सव का शुभारंभ हुआ है, यह पूरे प्रदेश के लिए शुभ संकेत है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आंगनबाड़ी दीदियों को सम्मानित किया। इसमें निशा, चिंता, प्रेमलता, पुष्पा, बिंद्रावती को मुख्यमंत्री ने पुस्तकें भेंटकर सम्मानित किया। वहीं एनबीटी और डीडीयू की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को सम्मानित किया गया। इसमें श्रीजा शरण, अभय वर्मा, रश्मिका दुबे, आदेश कुंवर सिंह, दिव्या विश्वकर्मा, शिवम कुमार गुप्ता, तोषिका चौहान, शिवांगी पांडेय, निलय कुमार, अभिषेक सिंह, देवानंद गुप्ता और आयुष किशोर को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ला, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ला, श्रीराम चौहान, श्रवण निषाद, विमलेश पासवान, महिला आयोग उपाध्यक्ष चारू चौधरी, डीडीयू की कुलपति प्रो पूनम टंडन, अवनीश अवस्थी, एनबीटी के चेयरमैन मिलंद सुधारक मराठे, युवराज मलिक, आचार्य पवन त्रिपाठी सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## जनता की समस्याओं के समाधान को संकल्पित है सरकार : सीएम

### जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

जिला संवाददाता (vol)



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जनता की समस्याओं के समाधान को संकल्पबद्ध है। किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया वे तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जबरन जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और बिना भेदभाव सबको न्याय मिले।

प्रतिकूल मौसम के चलते इस बार जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में किया गया था। जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। सीएम से मिलकर अपनी समस्या बताने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक रही। सभागार में कुर्सियों पर बैठे लोगों के पास सीएम योगी खुद गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को इत्मीनान से सुना और समझा।

- **अधिकारियों को दिए निर्देश, शीघ्रता से करें समस्याओं का निस्तारण**

सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

हर बार की तरह इस बार भी जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। उनसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

## राजेश कुमार पाण्डेय बने रेलवे बोर्ड में अपर सदस्य सिग्नल

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर राजेश कुमार पाण्डेय को पदोन्नति पर रेलवे बोर्ड में अपर सदस्य (सिगनल) बनाया गया है। पदोन्नति पर महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर एवं प्रमुख विभागाध्यक्षों ने बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

श्री पाण्डेय ने एम.टेक की उपाधि प्राप्त करने के उपरान्त भारतीय रेलवे सिगनल इंजीनियरिंग सेवा के 1989 बैच के माध्यम से 1991 में रेल सेवा में प्रवेश किया और आपकी प्रथम नियुक्ति सहायक सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर के पद पर बरौनी (तत्कालीन पूर्वोत्तर रेलवे) में हुई। इसके पश्चात आपने समस्तीपुर मण्डल एवं पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय में विभिन्न पदों पर कार्य करने के पश्चात आर.डी.एस.ओ., पश्चिम रेलवे, रेल विद्युतीकरण, अपर मण्डल रेल प्रबंधक, समस्तीपुर (पूर्व मध्य रेलवे), पूर्वोत्तर रेलवे पर मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर (कार्य) एवं मुख्य सिगनल इंजीनियर तथा मण्डल रेल प्रबंधक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पद के दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।

आपके नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे पर वर्ष 2024-25 में 101.93 रूट किलोमीटर ब्लॉक सिगनलिंग, 09 स्टेशनों पर इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग का कार्य पूरा करने के साथ ही 22 समपारों को इंटरलॉक किया गया। आपकी देख-रेख में महाकुम्भ-2025 के दौरान भीड़ पर निगरानी के लिए प्रयागराज रामबाग एवं झूसी स्टेशनों पर कुल 270 सी.सी.टी.वी. सर्विलांस सिस्टम वी.एम.एस. एवं एफ.आर.एस. सर्वर के साथ लगाये गये। श्री पाण्डेय एक कुशल रेल प्रशासक है। आप अधिकारियों एवं कर्मचारियों में समान रूप से लोकप्रिय है।

## हर पात्र व्यक्ति को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए बूथों पर सक्रिय हो : भूपेन्द्र चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। यह बैठक दो चरणों में सम्पन्न हुई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों, अभियानों और संगठन की भावी कार्ययोजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

- **भाजपा के राज्य मुख्यालय पर संगठनात्मक बैठक सम्पन्न**
- **धर्मपाल ने कहा, वंदे भारत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा 07 नवम्बर से पूरे प्रदेश में करेगी कई कार्यक्रम**

बैठक में पार्टी द्वारा चलाए जा रहे आत्मनिर्भर भारत अभियान, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर पार्टी द्वारा आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों, भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 7 नवंबर को होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों और मतदाता पुनरीक्षण अभियान पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए आगामी कार्ययोजना तैयार की गई। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, और विभिन्न अभियानों के संयोजक सम्मिलित हुए। बैठक का संचालन पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने किया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का आंदोलन है। उन्होंने कहा कि आगामी 7 नवंबर को भारत के राष्ट्र गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर होने वाले समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं को व्यापक स्तर पर आयोजित सहभागिता करनी होगी। वंदे मातरम केवल गीत नहीं, यह हमारे राष्ट्र की आत्मा है, जिसने आजादी के आंदोलन में करोड़ों लोगों में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित की थी। आज फिर से वही भाव जगाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ता प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मतदाता सूची में जोड़ने का संकल्प लेकर अपने बूथों पर सक्रिय हों। लोकतंत्र की मजबूती मतदाता की सक्रियता से होती है, और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी सुनिश्चित करे। धर्मपाल सिंह ने आगामी अभियानों की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए कहा कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने का अवसर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पुर्नपुष्टि का पर्व है, जिसमें हर कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने बताया कि वंदे भारत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी द्वारा 07 नवम्बर से पूरे प्रदेश में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 07 नवम्बर को पूरे प्रदेश में 18 स्थानों पर वंदे भारत अभियान को लेकर एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। अभियान का प्रदेश संयोजक पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक त्रिपाठी को बनाया गया है।



धर्मपाल सिंह ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान से पार्टी पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों एवं अभियान के संयोजको से आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में पूरी गंभीरता और निष्ठा से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण केवल एक निर्वाचन प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आधारशिला को मजबूत करने का अभियान है। उन्होंने कहा कि संगठन के प्रत्येक स्तर पर बूथ, शक्ति केंद्र और मंडल तक यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित होने से छूट न रहे। उन्होंने विशेष रूप से नए मतदाताओं जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है उनके नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए योजनापूर्वक कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बूथ समितियां, स्थानीय स्तर पर समन्वय बनाकर मतदाता सूची के संशोधन, नाम जोड़ने, सुधार और विलोपन की प्रक्रिया में सक्रिय योगदान दें। प्रत्येक कार्यकर्ता यह जिम्मेदारी समझे कि उसके बूथ पर कोई भी पात्र नागरिक मतदान से इसलिए ना वंचित रह जाए कि उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज ना हो सका।

## प्रभावित किसानों को मुआवजा एवं राहत सहायता दी जाये

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों में प्रभावी मोंथा चक्रवात के चलते पिछले दों दिनों में हुई बारिश के करण उत्तर प्रदेश के किसानों को हुए भारी नुकसान को देखते हुए शनिवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर किसानों के प्रति अपनी चिंता व्यक्त की है।

- **मुख्यमंत्री को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने लिखा पत्र**

अजय राय ने अपने पत्र लिखा कि प्रदेशभर में हुई बेमौसम बरसात ने किसानों की फसलों को बर्बाद कर दिया है। यह बरसात किसानों पर कहर बनकर टूटी है। पिछले दिनों हुई बारिश से खेतों में खड़ी धान, आलू, तिलहन एवं हरी सब्जियों की फसलें नष्ट हो गई हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। बबार्दी का



आलम यह है कि महोबा में अपनी नष्ट हुई फसल को देखने के बाद किसान छोटेलाल की सदमें से मौत हो गई है और झांसी में किसान कमलेश यादव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अजय राय ने पत्र में लिखा है कि कांग्रेस सदैव किसानों के साथ खड़ी है और प्रदेश सरकार से मांग करती है कि किसानों को इस कठिन परिस्थिति में तुरंत राहत एवं सहायता प्रदान कराए जाने के लिए निम्न कार्यवाही अविलम्ब सुनिश्चित करें।

इसमें कृषि विभाग की टीमों द्वारा त्वरित सर्वे कराकर फसलों के नुकसान का सटीक आकलन कराया जाए। प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा एवं राहत सहायता प्रदान की जाए। महोबा के मृत किसान स्व. छोटेलाल एवं झांसी के मृत किसान कमलेश यादव के परिवार को 50-50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

## भाजपा सरकार में हर वर्ग का शोषण : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा की जनविरोधी नीतियां ही उसके पतन का कारण बन गयी हैं। सत्ता के घमंड में किसी की भी रोजी-रोटी छीन लेने का काम भाजपाई इसीलिए करते हैं क्योंकि इससे इनके अहंकार की संतुष्टि होती है। भाजपाई जनता को दुःख देकर सुखी होते हैं। ये उनको भी नहीं छोड़ते जिन्होंने इनको वोट दिया था।


भाजपा सरकार में हर वर्ग का शोषण हो रहा है। भाजपा से जुड़े लोग भी अब खुलेआम अपने शोषण और अपमान की आवाज उठा रहे है। पूरे प्रदेश की जनता भाजपा सरकार और उसके अहंकार से पीड़ित, अपमानित और दुःखी है। भाजपाई किसी के सगे नहीं होते है, धोखा देना भाजपाइयों का सबसे बड़ा गुण है। भाजपा जाए तो चैन आए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सभी को धोखा दिया है किसानों, नौजवानों, महिलाओं,



व्यापारियों सभी से झूठे वादे किए। जो वादा किया उसे पूरा नहीं किया। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। भाजपा सरकार किसानों के लिए खाद, बीज और जरूरी उपकरणों की व्यवस्था नहीं कर पा रही है। जब से भाजपा सरकार आई है किसान डीएपी और यूरिया के लिए हर सीजन में परेशान ही रहता है। यह सरकार किसानों को धान समेत उनकी अन्य फसलों की एमएसपी नहीं दिला पा रही है। सरकार बिचौलियों को मुनाफा कमवा रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से हर वर्ग त्रस्त है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। देश में सबसे ज्यादा अपराध की घटनाएं उत्तर प्रदेश में हो रही हैं। उत्तर प्रदेश में साइबर क्राइम, महिला अपराध सबसे ज्यादा है। सरकार साइबर अपराध, महिला अपराध रोकने में फेल है। किसानों को खाद उपलब्ध कराने में फेल है। नौजवानों को नौकरी देने में फेल है।

## लखनऊ को पाक-कला का यूनेस्को सृजनशील शहर घोषित करने से पीएम खुश




**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लखनऊ को यूनेस्को द्वारा पाक-कला का सृजनशील शहर घोषित किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लखनऊ शहर एक जीवंत संस्कृति का पर्याय है, जिसके केंद्र में पाक-कला की समृद्ध परंपरा है। उन्होंने कहा कि यूनेस्को से मान्यता प्राप्त होना शहर के इस विशिष्ट पहलू को उजागर करता है। उन्होंने दुनिया भर के लोगों से लखनऊ आने और इसकी विशिष्टता का अनुभव करने का आह्वान किया। इस घटनाक्रम के संबंध में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के एक पोस्ट का जवाब देते हुए मोदी ने एक्स पर लिखा कि लखनऊ एक जीवंत संस्कृति का पर्याय है, जिसके मूल में शानदार पाक-कला संस्कृति है। मुझे खुशी है कि यूनेस्को ने लखनऊ के इस पहलू को मान्यता दी है और मैं दुनिया भर के लोगों से लखनऊ आने और इसकी विशिष्टता को अनुभव करने का आह्वान करता हूं।

# यूपी में अप्रेजल समिति ने दी 12 नये प्रोजेक्ट्स को मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में किसानों व उद्यमियों की आमदनी बढ़ाने और युवाओं के लिए रोजगार की अपार सम्भावनायें है। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के तहत दी जा रही सुविधाओं तथा प्रदत्त व प्राविधानित अनुदान आदि के बारे मे लोगो को जागरूक व प्रेरित किया जाय, ताकि अधिक से अधिक उद्यम स्थापित हो सकें। इसी कड़ी मे उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों के परीक्षण के लिए अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीना की अध्यक्षता में शनिवार को उद्यान आईआईए सभागार में अप्रेजल समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में 17 प्रस्तावों का प्रस्तुतिकरण किया गया, जिसके सापेक्ष 12 प्रस्तावों को समिति द्वारा नीति के अंतर्गत प्रदत्त व्यवस्था के अनुसार अर्ह पाया गया तथा राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी (एसएलईसी) के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की अनुशंसा की गयी।

- **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को मिला बढ़ावा**
- **इन प्रोजेक्ट को राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी के समक्ष अनुमोदन के लिए किया जायेगा प्रस्तुत**




बैठक में अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण शासन द्वारा एचवीआर फूड्स प्रा. लि., जौनपुर को मसाला उत्पादन की आधुनिक इकाई को पूर्ण व्यवस्थित करने एवं उत्पादन प्रारम्भ करने के कारण संबन्धित निवेशक हर्षवर्धन सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। हर्षवर्धन सिंह द्वारा इग्लैण्ड से एमबीए की पढ़ाई पूर्ण कर अपने गृह जनपद में इकाई की स्थापना को गयी, जिसके लिए समिति द्वारा प्रशंसा की गयी। संबन्धित निवेशक द्वारा प्रदेश सरकार एवं संबन्धित अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समिति को अवगत कराया गया कि प्रदेश के निवेशक सौर ऊर्जा से संयत्रों के संचालन को प्राथमिकता दे रहे है, जिसके कारण नीति अंतर्गत वर्ष 2023 से अब तक 58 प्रोजेक्ट्स स्वीकृत हुए हैं, जिनमे सौर ऊर्जा संयन्त्रो की स्थापना की गयी है। फोजन फूट एवं वेजिटेबुल से सम्बन्धित प्रस्तावों के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया कि सम्बन्धित फर्मे स्थानीय स्तर पर कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) से समन्वय कर रॉ मैटेरियल की आपूति सुनिश्चित करायेगें एवं भारत सरकार की योजना कलस्टर डेवलेपमेण्ट प्रोग्राम से अपनी यूनिट को जोड़ेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि ऐसे प्रस्तावों जिसमें विदेशी मशीनों को आयात किए जाने का उल्लेख है एवं वह मशीने भारत में भी निर्मित होती हैं, से संबन्धित प्रकरण पर मेक इन इण्डिया के सिद्धांत अंतर्गत भारत में निर्मित मशीनों के सापेक्ष ही ग्रांट इन सब्सिडी का निर्धारण किया जायेगा। अंतर की धनराशि निवेशक द्वारा स्वयं वहन की जायेगी। यह भी निर्णय लिया गया कि चावल एवं आटा से संबन्धित इकाई स्थापना को खाद्य प्रसंस्करण अंतर्गत नहीं चिन्हित किया गया है, क्योंकि यह एक मिलिंग प्रोसेस मात्र है। चावल एवं आटा से अन्य उत्पादों की इकाई स्थापना पर प्रमुखता से विचार / मूल्यांकन किया जायेगा।

यमी टॉयस प्रा.लि. नोयडा की निवेशक नीरज कुमारी द्वारा चीन के शहर नानजिंग से ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया। सैफरेश एग्रो प्रा.लि. सहारनपुर की निवेशक पूजा राणा एवं ज्योती चौबे (उत्तराखण्ड निवासी) अन्य उद्यमियो द्वारा प्रतिभाग किया गया, बताया गया कि चौबे बिजनेस स्कूल लंदन से एमबीए की डिग्री प्राप्त की है, इनके पति द्वारा दुबई में वर्तमान में रेस्टोरेंट का संचालन किया जा रहा है। बैठक में उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के सम्बन्धित अधिकारी भी मौजूद रहे।

## ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस की कार्यवाहक चेयरमैन बनी प्रज्ञा सिंह



**लखनऊ।** ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस (एआईपीसी) ने उत्तर प्रदेश में अपने संगठन को गतिशील और सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रज्ञा सिंह को उत्तर प्रदेश इकाई का कार्यवाहक चेयरमैन नियुक्त किया है। बता दें कि प्रज्ञा सिंह एक प्रसिद्ध आर्किटेक्ट और समाजसेवी होने के साथ-साथ लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़ी हुई हैं। उनके द्वारा पेशेवरों, उद्यमियों और युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किया जाता रहा है। नवनियुक्त चेयरमैन प्रज्ञा सिंह ने इस जिम्मेदारी के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरे लिए सम्मान और जिम्मेदारी दोनों है। मैं राहुल गांधी के विजन राजनीति में प्रोफेशनल्स की भागीदारी को सशक्त रूप से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हमारा उद्देश्य होगा कि प्रदेश के हर जिले में पेशेवरों की आवाज को एक मंच मिले। ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस का उद्देश्य देशभर के विभिन्न क्षेत्रों जैसे उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक, आर्किटेक्चर, मीडिया आदि से जुड़े पेशेवरों को राजनीति से जोड़ना और जनहित के मुद्दों पर नीति निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

# नगर आयुक्त ने किया विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शनिवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में चल रहे निर्माण और विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति और समयबद्धता को परखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरूआत नगर आयुक्त ने अमीनाबाद घंटाघर में बन रही पार्किंग से की। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया और ठेकेदारों को निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने घंटाघर के दूसरे गेट के पास किए गए अवैध कब्जे को तत्काल हटवाने और आम नागरिकों के आवागमन के लिए रास्ता सुचारू रूप से खुलवाने के निर्देश भी दिए। नगर आयुक्त ने कहा कि उपयोग योग्य सामग्री को हटाकर उसका पुनः सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि संसाधनों की बबार्दी न हो। इसके बाद नगर आयुक्त गौरव कुमार ने गोमतीनगर के विभूतिखंड क्षेत्र में पहुंचे, जहां उन्होंने सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत हो रहे सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को सड़क निर्माण में उच्च गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए कार्य को तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यों की निरंतर निगरानी की जाए ताकि किसी भी स्तर पर

- **गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्णता के दिए निर्देश**

लापरवाही न बरती जा सके। निरीक्षण के तीसरे चरण में नगर आयुक्त जोन-8 स्थित हैवतमऊ तालाब पहुंचे। उन्होंने झील के पुनरोद्धार कार्यों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) के निर्माण, पाथवे इंटरलॉकिंग और रेलिंग कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव और मुख्य अभियंता महेश वर्मा को कार्यों की गति बढ़ाने और गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न रहने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने झील से जुड़े भूमि विवादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए ताकि परियोजना में देरी न हो। निरीक्षण के अंतिम चरण में नगर आयुक्त सुशांत गोल्फ सिटी स्थित दिव्यांग पार्क और साहित्यिक पार्क पहुंचे। उन्होंने पार्कों में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा कि कार्यों में तेजी लाई जाए और अधिक संख्या में मजदूर लगाकर काम को समय पर पूरा किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की गुणवत्ता और सौंदर्य दोनों का विशेष ध्यान रखा जाए। नगर आयुक्त ने हार्टिकल्चर कार्य को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए ताकि पौधे समय रहते विकसित हो सकें और पार्क की हरियाली का सौंदर्य बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि बीच में आ रही सभी बाधाओं को दूर कर शीघ्र कार्य संपन्न कराएं। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता महेश चंद वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# विद्यार्थी सभी परंपराओं से जुड़े लोगों के साथ मिलकर कार्य करें : विशाल सिंह

## दिल्ली विविधता में एकता की भावना का जीवंत उदाहरण : प्रो. आरके मित्तल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में शनिवार को 'दिल्ली राजयत्व दिवस' के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर आईएएस अधिकारी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सूचना निदेशक विशाल सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के तौर पर राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह एवं भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-आईआईएसआर) के निदेशक डॉ. दिनेश सिंह उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जो अपनी विविधता में अद्वितीय है, चाहे कार्यक्षेत्र की बात हो, शिक्षा की, संस्कृति की या किसी अन्य क्षेत्र की, भारत का अनुभव अत्यंत समृद्ध और बहुआयामी है। दिल्ली के संदर्भ में उन्होंने कहा कि यह शहर देश का आर्थिक, प्रशासनिक और सांस्कृतिक केंद्र है, जो भारत की प्रगति और एकता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि पिछले 25 वर्षों में दिल्ली ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, संस्कृति, कला और खानपान जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय परिवर्तन देखे हैं, जिन्होंने भारत की पहचान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और सशक्त बनाया है। दिल्ली न केवल आधुनिक भारत की जीवनधारा है, बल्कि विविधता में एकता की भावना का जीवंत उदाहरण भी है।

मुख्य अतिथि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि आज हम सभी उत्तर प्रदेश में दिल्ली राज्यत्व दिवस मना रहे हैं, जो केवल एक राज्य का उत्सव नहीं बल्कि विभिन्न राज्यों और संस्कृतियों के बीच सहयोग, सहभागिता और एकता का प्रतीक है। यह दिवस हमें यह संदेश देता है कि भारत जैसे विशाल देश की शक्ति उसकी विविधता में निहित है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और आदर्शों को गहराई से समझना चाहिए, क्योंकि बाबासाहेब ने एक ऐसे भारत की परिकल्पना की थी जहां समानता, बंधुत्व और न्याय के सिद्धांतों के आधार पर सभी नागरिक आगे बढ़ें। विद्यार्थियों को सभी संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं से जुड़े लोगों के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए, आपसी संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को और मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसर हमें यह याद दिलाते हैं कि हमारी जिम्मेदारी केवल अपने राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे राष्ट्र के विकास और एकता के प्रति है।

विशिष्ट अतिथि एवं राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह ने चर्चा के दौरान कहा कि हम सभी के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि हम अन्य संस्कृतियों और विभिन्न राज्यों से जुड़े व्यक्तियों के व्यक्तित्व, विचारों और जीवन मूल्यों को जानें और समझें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय मीडिया सेंटर 'दिल्ली- देश की धड़कन' विषय पर डॉक्युमेंट्री प्रस्तुत की गयी। साथ ही मंचासीन अतिथियों द्वारा 'दिल्ली- एक यात्रा' संकलन का विमोचन किया गया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय की ओर से कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। उन्होंने विभिन्न विषयों पर अपनी कविताएं प्रस्तुत की और दर्शकों का मन मोहा।

# अधूरी व्यवस्था के चलते नहीं मिल रही पिंक टॉयलेट की सुविधा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम प्रशासन की उदासीनता के चलते पिंक टॉयलेट की सुविधा महिलाओं को नहीं मिल रही है। पुराने लखनऊ में महिलाओं की सुविधा के लिए आधी-अधूरी तैयारियों के साथ पिंक टॉयलेट और पब्लिक टॉयलेट की व्यवस्था तो कर दी गई लेकिन यह सुविधा पब्लिक को नहीं मिल सकी है। पार्षद की ओर से कई बार कार्यकारिणी से लेकर सदन तक में उक्त मामले को रखा गया और निस्तारण किए जाने की मांग की गई लेकिन नतीजा सिफर ही रहा है।

कोनेश्वर चौराहा, हरदोई रोड पर एक पिंक टॉयलेट की व्यवस्था की गई थी। इसी तरह लोहिया पार्क, चौक के पास भी पिंक टॉयलेट शुरू किया गया था। पिंक टॉयलेट की सुविधा मिलने से लोगों ने राहत की सांस ली थी लेकिन गुजरते वक्त के साथ ये पिंक टॉयलेट शोपीस बनकर रह गए। आलम यह है कि अभी तक इनकी शुरूआत ही नहीं की जा सकी है। पार्षद ने बताया कि चरक चौराहे पर सुलभ शौचालय को जर्जर मानते हुए छह माह पहले ही बंद किया जा चुका है। पब्लिक का मूवमेंट अधिक होने के कारण इसका खासा यूज होता था। टॉयलेट के मेंटीनेंस को लेकर कई बार निगम प्रशासन के अधिकारियों से कहा गया लेकिन अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। पार्षद ने बताया कि पब्लिक की जरूरतों को देखते हुए ही पिंक टॉयलेट का उद्घाटन किया गया था। एक पिंक टॉयलेट पार्क के पास है और एक मंदिर के पास। दोनों ही जगह महिलाओं की संख्या अधिक रहती है। उम्मीद थी कि गुजरते वक्त के साथ पिंक टॉयलेट की सुविधा पब्लिक को मिलेगी लेकिन अभी तक ये शुरू ही नहीं हो सके हैं। यह भी बताया गया कि कार्यकारिणी और सदन में भी इस मामले को रखा जा चुका है लेकिन हर बार बजट की वजह को समस्या बता दिया गया है। पार्षद अनुराग मिश्र ने बताया कि मुख्य रूप से नगर निगम प्रशासन की ओर से इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया। जिसकी वजह से पिंक टॉयलेट जर्जर हालत में पहुंच गए हैं। कई बार मामला उठाए जाने के बाद भी कोई सटीक जवाब नहीं दिया जाता है।

# चौक चौराहे के नामकरण पर विवाद

## स्मृति पत्थर से लालजी टण्डन का नाम गायब, लोग नाराज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय लाल जी टंडन की स्मृति में चौक चौराहे का नामकरण लालजी टंडन चौराहा किए जाने के बाद अब यह नाम विवादों में आ गया है। 2021 में समारोह में पत्थर भी लगाया गया था। पर लगे स्मृति पत्थर से नाम मिटा दिए जाने की जानकारी सामने आई है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

बता दें कि कार्यकारिणी में चौराहे का नामकरण साहित्यकार पद्मभूषण अमृत लाल नगर के नाम से किए जाने का प्रस्ताव दिया गया था। लेकिन आपत्ति जताई गई कि पूर्व में ही चौराहे का नामकरण होने के साथ ही पत्थर भी लगाया जा चुका है।

इसके बाद विवाद का दौर शुरू हो गया है। लोगों का कहना है कि यह नामकरण पूर्व में नगर निगम की स्वीकृति से किया गया था, ताकि पूर्व राज्यपाल स्व.




लालजी टंडन की स्मृति चिरस्थायी रहे। लेकिन हाल ही में चौराहे पर दूसरा नाम भी अंकित कर दिया गया, जिससे एक ही स्थान पर दो नाम और तीन पत्थर दिखाई देने लगे। स्थानीय नागरिकों ने सवाल उठाया है कि आखिर श्रद्धांजलि स्वरूप रखे गए नाम को मिटाने की जरूरत क्यों पड़ी? उनका कहना है कि यह केवल एक नाम नहीं, बल्कि लखनऊ की संस्कृति, सौम्यता और सेवा भावना का प्रतीक है। बताया जा रहा है कि मामले की जांच कराई जा रही है। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी ने बिना अनुमति पत्थर या नाम बदलने की कार्रवाई की है, तो उस पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। लालजी टंडन लंबे समय तक लखनऊ की राजनीति में सक्रिय रहे और उन्होंने बतौर सांसद, विधायक तथा राज्यपाल के रूप में जनता की सेवा की। ऐसे में उनके नाम पर रखे गए चौराहे के नाम को लेकर उठे विवाद से शहर के नागरिकों में गहरा असंतोष है।

# लविवि की डॉ. आदित्य आभा सिंह को प्रो. वाई.एस. मूर्ति मेडल 2025 से सम्मानित

**लखनऊ।** लविवि के वनस्पति विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. आदित्य आभा सिंह को ऑल इंडिया बॉटैनिकल सोसाइटी (एआईबीएस) द्वारा प्रतिष्ठित प्रो. वाई.एस. मूर्ति मेडल (2025) से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 48वीं ऑल इंडिया बॉटैनिकल कॉन्फ्रेंस एवं बायोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी ऑफ प्लांट डायवर्सिटी फॉर बायोइकोनॉमी अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान प्रदान किया गया, जिसका आयोजन 29 से 30 अक्टूबर तक नॉर्थ ईस्टर्न हिल यूनिवर्सिटी (एनईएचयू), शिलांग में किया गया। प्रो. वाई.एस. मूर्ति मेडल भारतीय वनस्पति विज्ञान जगत में एक महत्वपूर्ण सम्मान माना जाता है, जो हर वर्ष उत्कृष्ट शोध कार्य करने वाले शिक्षाविदों और वैज्ञानिकों को प्रदान किया जाता है। डॉ. सिंह को यह सम्मान उनके सी-4 पौधों (विशेषकर मक्का) पर वायुमंडलीय प्रदूषक ओजोन के प्रभाव तथा जलवायु परिवर्तन से जुड़े कारकों जैसे बढ़ते कार्बन डाइऑक्साइड स्तर के साथ उसकी अंतःक्रिया पर किए गए महत्वपूर्ण शोध के लिए दिया गया है।

# इंदिरा नगर में गंदे पानी की आपूति, प्रदर्शन

**लखनऊ।** इंदिरानगर सी ब्लॉक में गंदा पानी आने से लोग त्रस्त हैं। लगातार शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण न होने पर शनिवार को लोगों ने सड़क पर बैठ कर प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अप्रैल से गंदा पानी आ रहा। इसमें सीवरेज की गंदगी आ रही है। वीपी सिंह ने कहा कि अप्रैल से यह समस्या बनी हुई है। जलकल विभाग के अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं। कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। इसके कारण समस्या बनी हुई है। हम लोग मलयुक्त पानी पीने को मजबूर हो गए हैं। गिरधर सिंह ने कहा कि गंदा पानी आ रहा है। इस लाइन से लगभग 200 घर प्रभावित हो रहे हैं। सीवरयुक्त गंदा पानी आने से लोग बीमार हो चुके हैं। यह अप्रैल से लगातार हो रहा है। जल संस्थान के अधिकारी कर्मचारी आते हैं। कुछ काम करके चले जाते हैं, लेकिन बदबूदार पानी से निजात नहीं मिल पा रही। कोई सुनने वाला नहीं है। खरीदकर पानी पीना पड़ रहा है। मनराल सिंह ने बताया कि हम लोग थक चुके हैं। कोई सुनने वाला नहीं है। अब लोग घरों से निकलकर धरना दे रहे हैं। जलकल विभाग के अधिकारियों के खिलाफ लोगों ने नारेबाजी कर रहे हैं। अधिकारियों होश में आओ, जल कल विभाग मुदार्बाद के नारे लगा रहे हैं। लोगों ने कहा कि जब तक सफाई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचेंगे और लाइन को साफ नहीं करेंगे तब तक धरना प्रदर्शन चलता रहेगा।

# वरुण विहार योजना में किसानों का विरोध

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की वरुण विहार योजना में जमीन के एक समान मुआवजे को लेकर किसानों में गहरा आक्रोश है। मोहान रोड स्थित ग्राम पंचायत सकरा के मजरा गौरी गांव में भारतीय किसान यूनियन (लोकतांत्रिक अराजनैतिक) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजाराम लोधी के नेतृत्व में किसान गोष्ठी हुई। गोष्ठी में किसानों ने आंदोलन की रणनीति तय की। सर्वसम्मति से नई किसान संघर्ष कमेटी का गठन भी किया गया, जिसकी अगुवाई पंचायत अध्यक्ष प्रेम चंद्र यादव करेंगे। सभा में सुंदर यादव, सोहनलाल यादव, राम प्यारे यादव, रामकिशन यादव और अमरदीप समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# साइबर ज्ञान का अभाव समाज के लिए गंभीर चुनौतियां उत्पन्न कर सकता है : डॉ. पुनीत मिश्रा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शनिवार को साइबर जागरूकता दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा डिजिटल युग में सुरक्षित और जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ मनीष गज्जर ने साइबर अपराधों की बढ़ती प्रवृत्तियों, उनसे निपटने की रणनीतियों और जन-जागरूकता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि कृष्ण शर्मा ने अपने संबोधन में ऑनलाइन सुरक्षा, डिजिटल पहचान की रक्षा, पासवर्ड प्रबंधन और साइबर अपराधों से बचाव के व्यावहारिक उपायों पर चर्चा की। विशिष्ट अतिथि डॉ. पुनीत मिश्रा ने डिजिटल साक्षरता और नैतिक जिम्मेदारी के महत्व पर अपने विचार साझा किए तथा बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में साइबर ज्ञान का अभाव समाज के लिए गंभीर चुनौतियां उत्पन्न कर सकता है। कार्यक्रम के स्वागत भाषण में विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन कुमार मिश्र ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का हार्दिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन निदेशक डॉ. राजेंद्र कुमार त्रिपाठी तथा वित्त अधिकारी संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. महेश कुमार की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम के उपसंयोजक के रूप में डॉ. रामजीत सिंह यादव, डॉ. हेमंत सिंह और डॉ. मयूर राहुल ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शान-ए-फातिमा, डॉ. सायमा अलीम, इंजीनियर तस्लीम जमाल, इंजीनियर अमन मिश्रा, इंजीनियर दिगेश पांडेय तथा इंजीनियर अमलेंद्र कुमार रहे।

# डॉ. रामबहादुर व गीतकार सत्येन्द्र को मिला कृष्णदत्त मिश्र स्मृति सम्मान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कृष्णदत्त मिश्र साहित्य संस्थान, लखनऊ द्वारा यश शेष कविवर कृष्ण दत्त मिश्र की 84वीं जयंती के अवसर पर उ प्र हिंदी सस्थान में आयोजित किए गए भव्य सारस्वत समारोह में कृष्णदत्त मिश्र स्मृति सम्मान-2025 लोकभाषा अवधी के प्रख्यात साहित्यकार डॉ. रामबहादुर मिसिर एवं वरिष्ठ बन्दकार एवं गीतकार सत्येन्द्र तिवारी को प्रदान किए गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्य मनीषी प्रो सूर्य प्रसाद दीक्षित ने की।

मुख्य अतिथि प्रो हरिशंकर मिश्र, विशिष्ट अतिथि द्वय डॉ दिनेश चन्द्र अवस्थी एवं प्रो अलका पाण्डेय थी। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. मोनिका पाठक की सुमधुर आवाज में निराला की वाणी वन्दना से हुआ। संस्थान

- **उ प्र हिंदी सस्थान में सम्मान समारोह आयोजित**

की वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रो. शोभा बाजपेयी ने मंच पर उपस्थित सभी मंचस्थ विद्वानों, सम्मानित होने वाले साहित्यकारों एवं कार्यक्रम में आए सभी प्रबुद्धजनों का स्वागत किया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपाल कृष्ण शर्मा 'मृदुल' ने स्मृति शेष श्री कृष्णदत्त मिश्र के काव्य में सामाजिक सरोकारों और वैचारिक चेतना पर प्रकाश डालते हुए उनके साहित्यिक योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के सचिव संजय मिश्र समर्थ ने बताया कि यशःशेष कविवर कृष्णदत्त मिश्र की जयंती के अवसर पर प्रति वर्ष दो वरेण्य साहित्यकारों को संस्थान द्वारा पाँच हजार एक सौ रुपये की धनराशि, अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाता है। उन्होंने कार्यक्रम में पधारे समस्त साहित्यकारों और प्रबुद्धजनों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार श्री शिवमंगल सिंह मंगल ने किया।

# संघ भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप करता है कार्य : डॉ. दिनेश शर्मा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्यसभा सांसद एवं यूपी के पूर्व उपमुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा ने कहा कि संघ परिवार के स्वयंसवेकों ने कठिन परिस्थितियों में राष्ट्र सेवा के लक्ष्य के लिए कार्य किया है। ये ऐसा संगठन है जो आने वाले सौ साल बाद की आवश्कताओं को सोंचकर आगे बढता है।

विद्या भारती के संरक्षक ब्रह्मदेव शर्मा (भाई जी) की प्रेरणा से भारतीय शिक्षा शोध संस्थान से संबद्ध विद्या भारती द्वारा संचालित भावराव देवरस सभागार, निरालनगर, लखनऊ के लिए अपनी सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत स्वीकृत 20 किलोवाट सोलर पावर प्लांट का लोकार्पण करते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि सोलर प्लांट की स्थापना विद्युत व्यय कम करने का एक अनुपम साधन है। पूर्व के समय में जब संसाधनों का अभाव हुआ करता था तथा सुविधाए भी नहीं थी तब भी संघ के स्वयंसेवक पूर्ण मनोयोग से सेवा करते थे। उनके सेवाकार्यों पर कई जगहों पर शोध चल रहा है। वे बिना किसी श्रेय की अपेक्षा के सेवा में लगे रहते हैं।

सांसद ने कहा कि प्रशंसा को सुनकर व्यक्ति को अहंकार आ जाता है। अहंकार से व्यक्ति के संचित पुण्य नष्ट हो जाते हैं। भगवान राम के लंका पर विजय से लौटने के बाद हनुमान जी की माता सीता, लक्ष्मण जी और स्वयं प्रभु राम ने जब प्रशंसा की तो हनुमान जी बचाओ चिल्लाने लगे। इस पर प्रभु राम ने पूछा कि हनुमान यहां पर सब तुम्हारी प्रशंसा कर रहे हैं फिर तुम इस प्रकार क्यों चिल्ला रहे हो, तब हनुमान जी ने कहा कि प्रभु आपकी, माता सीता व लक्ष्मण जी की सेवा से मुझे कुछ पुण्य मिला है और आपकी प्रशंसा से मुझे अहंकार हो जाएगा जिससे ये पुण्य नष्ट हो सकता है इसलिए चिल्ला रहा था।

# शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए बनेगी एकीकृत रणनीति

## प्रदेश में स्थित पुलिस मॉडर्न स्कूलों में गुणवत्तापरक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु गोष्ठी का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शनिवार को को उत्तर प्रदेश पुलिस पारिवारिक कल्याण समिति (वामासारथी) की अध्यक्षा मीनाक्षी सिंह के नेतृत्व में पुलिस मॉडर्न स्कूलों में गुणवत्तापरक शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से लखनऊ में एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया।

25वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली, 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर, गोमती नगर लखनऊ एवं रिजर्व पुलिस लाइन्स लखनऊ के प्रधानाचार्यों ने सहभागिता की।

गोष्ठी के दौरान इन विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया जिसमें डिजिटल शिक्षा के माध्यम से शिक्षण की गुणवत्ता में वृद्धि। शिक्षकों के सतत प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु खेलकूद, एन.सी.सी. एवं स्काउटिंग की भूमिका। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं ई-लर्निंग के नवाचारों का समावेश। करियर काउंसलिंग सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की दिशा। बुक्स डोनेशन ड्राइव के माध्यम से पुस्तकों के आदान-प्रदान व वाचन संस्कृति को प्रोत्साहन। विद्यालयों के लिए मंथली एकेडमिक प्लानर की अवधारणा, जिससे शिक्षण कार्य अधिक संगठित एवं लक्ष्योन्मुख हो सके।

गोष्ठी में अध्यक्षा मीनाक्षी सिंह के साथ-साथ समिति की सलाहकार सुनीता रावत, उपाध्यक्षा बृजरानी स्वर्णकार, सदस्यगण श्रीमती श्वेता सेंगर, चारु गाबा, तनु मोर्डिया, मानिनी श्रीवास्तव, निहारिका (कक्कर) तथा शिक्षा प्रभारी डॉ. शिल्पी उपस्थित रहीं। गोष्ठी में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश के सभी पुलिस मॉडर्न स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार हेतु एकीकृत रणनीति अपनाई जाएगी। इसके अंतर्गत डिजिटल लर्निंग मॉड्यूल्स का विस्तार, विद्यार्थियों की करियर मार्गदर्शन कार्यशालाएँ, पुस्तक दान अभियान तथा मंथली एकेडमिक प्लानर का क्रियान्वयन किया जाएगा।

# बरेका ने देश-विदेश में बनारस का नाम ऊंचा किया : डॉ. विश्वम्भर नाथ मिश्रा

**वाराणसी/लखनऊ।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को बनारस रेल इंजन कारखाना के प्राविधिक प्रशिक्षण केन्द्र सभागार में सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बरेका के वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, बरेका धर्मेन्द्र कुमार द्वारा स्वागत उद्बोधन से हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. विश्वम्भर नाथ मिश्रा, प्रोफेसर, आईआईटी बीएचयू के आगमन के उपरांत दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

मुख्य सतर्कता अधिकारी बरेका अंकुर चंद्रा द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 की थीम और उद्देश्यों पर आधारित एक विस्तृत पावर पॉइंट प्रस्तुति (पी.पी.टी.) प्रस्तुत की गई, जिसमें ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्ठा के मूल्यों को संगठनात्मक संस्कृति का अभिन्न अंग बनाने पर बल दिया गया। इसके बाद बरेका की सांस्कृतिक टीम द्वारा सीमित आवश्यकता, अनन्त इच्छाएं शीर्षक पर प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित सभी को भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना से जागरूक किया। कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय से यह संदेश दिया कि प्रत्येक नागरिक और कर्मचारी की सतर्कता ही संगठन को स्वच्छ और सक्षम बना सकती है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित निबंध, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और क्विज प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. विश्वम्भर नाथ मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि सतर्कता केवल एक विभागीय दायित्व नहीं, बल्कि यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। जब प्रत्येक व्यक्ति अपने कार्य में ईमानदारी और पारदर्शिता अपनाता है, तभी संगठन और राष्ट्र मजबूत बनता है।

# छह रेलगाड़ियां रद, एक का मार्ग परिवर्तित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा वाराणसी मण्डल के कादीपुर-सारनाथ स्टेशनों के मध्य समपार संख्या-12/सी पर सड़क उपरिगामी पुल निर्माण हेतु ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का पुनर्निर्धारण, नियंत्रण, निरस्तीकरण, शार्ट टर्मिनेशन एवं शार्ट ओरिजिनेशन किया जायेगा। निरस्तीकरण के तहत 05163/05164 औड़िहार-सारनाथ-औड़िहार सवारी गाड़ी 15 नवम्बर को निरस्त रहेगी। 55131/55132 बलिया-प्रयागराज रामबाग-बलिया सवारी गाड़ी 15 नवम्बर को निरस्त रहेगी। 65109/65110 आजमगढ़-वाराणसी सिटी-आजमगढ़ मेमू गाड़ी 15 नवम्बर को निरस्त रहेगी।

मार्ग परिवर्तन के तहत नई दिल्ली से 14 नवम्बर को चलने वाली 12562 नई दिल्ली-जयनगर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाराणसी, पं.दीन दयाल उपाध्याय जं., पाटलिपुत्र एवं सोनपुर के रास्ते चलाई जायेगी।

पुनर्निर्धारण/नियंत्रण के तहत आनन्द विहार टर्मिनस से 02, 03, 04, 16, 17 नवम्बर को चलने वाली 04090 आनन्द विहार टर्मिनस-पटना विशेष गाड़ी मार्ग में 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। प्रयागराज रामबाग से 15 नवम्बर को चलने वाली 65132 प्रयागराज रामबाग-मऊ मेमू गाड़ी प्रयागराज रामबाग से 120 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 14 नवम्बर को चलने वाली 14016 आनन्द विहार टर्मिनस-सीतामढ़ी एक्सप्रेस आनन्द विहार टर्मिनस से 120 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। गोरखपुर से 15 नवम्बर को चलने वाली 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस गोरखपुर से 90 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी।

भटनी से 15 नवम्बर को चलने वाली 65107 भटनी-वाराणसी सिटी मेमू गाड़ी भटनी से 90 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। रक्सौल से 15 नवम्बर को चलने वाली 14007 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस मार्ग में 45 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। गोरखपुर से 02, 03, 16 एवं 17 नवम्बर को चलने वाली 15004 गोरखपुर-कानपुर अनवरगंज एक्सप्रेस गोरखपुर से 40 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। गोरखपुर से 13 नवम्बर को चलने वाली 15004 गोरखपुर-कानपुर अनवरगंज एक्सप्रेस मार्ग में 10 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन के तहत छपरा से 15 नवम्बर, 2025 को चलने वाली 15111 छपरा-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस वाराणसी सिटी के स्थान पर मऊ में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी मऊ से वाराणसी सिटी के मध्य निरस्त रहेगी। वाराणसी सिटी से 15 नवम्बर को चलने वाली 15112 वाराणसी सिटी-छपरा एक्सप्रेस वाराणसी सिटी के स्थान पर मऊ से चलाई जायेगी। यह गाड़ी वाराणसी सिटी से मऊ के मध्य निरस्त रहेगी। वाराणसी सिटी से 15 नवम्बर को चलने वाली 15130 वाराणसी सिटी-गोरखपुर कैण्ट एक्सप्रेस वाराणसी सिटी के स्थान पर मऊ से चलाई जायेगी।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# पिकअप की टक्कर से 20 फीट दूर गिरा होमगार्ड, मौत




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हरदोई हाईवे पर शनिवार तड़के मार्निंग वॉक कर रहे राज्यमंत्री के आवास पर तैनात होमगार्ड को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी, कि होमगार्ड करीब 20 फीट दूर सड़क किनारे जा गिरे। हादसे में उनकी मौत हो गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए पिकअप का पता लगा रही है। रहीमाबाद के तरौना गांव निवासी होमगार्ड बुद्धिपाल (55) राज्यमंत्री के आवास पर ड्यूटी करते थे। शनिवार की भोर वह घर से मार्निंग वॉक पर निकले थे। इस बीच हरदोई हाईवे पर पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार पिकअप टक्कर मार कर निकल भागा। पिकअप की टक्कर से होमगार्ड 20 फीट दूर सड़क किनारे जा गिरा। गंभीर रूप से घायल होकर वह काफी देर पड़ा रहा। देर होने पर जब वह घर नहीं पहुंचे तो बेटी मोहिनी ने उन्हें तलाशना शुरू किया। जब बेटी पेट्रोल पंप के आगे पहुंची तो देखा बुद्धिपाल सड़क किनारे बेहोश पड़े मिले। परिजन उन्हें सीएचसी मलिहाबाद ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि पेट्रोल पंप के सीसीटीवी कैमरे में हरदोई की तरफ से आ रहा डाला टक्कर मार कर भागता दिखा है। बुद्धीपाल राज्य सरकार में मंत्री जयवीर सिंह के आवास पर ड्यूटी करते थे। वाहन का पता लगाया जा रहा है। परिजनों के मुताबिक बुद्धिपाल के घर में पिता बाबूलाल, चार बेटियां ज्योति, रोशनी, मोहिनी, शिल्पी, बेटा दीपक और पत्नी आशा हैं।

**बैरियर से टकराकर बाइक सवार की मौत :** गौतमपल्ली में शुक्रवार देर रात बैरियर से टकरा कर बाइक सवार डीजे आपरेटर की मौत हो गई। युवक दोस्तों के साथ पार्टी कर लौट रहा था। तभी 1090 चौराहे पास चटोरी गली के पास हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने मोबाइल व बाइक नंबर से उसकी शिनाख्त कर परिजनों को अवगत कराया। इंदिरानगर इलाके के जरहरा निवासी 31 वर्षीय शनि गौतम स्काई विज कंपनी में डीजे ऑपरेटर था। शुक्रवार रात ऑफिस के दोस्तों के साथ पार्टी में गया था। वहां से लौटने के दौरान करीब 3 बजे शनि बाइक से अकेले चटोरी गली की तरफ चला गया। जहां लामार्टिनियर स्कूल के पास बैरियर में टकरा गया। वहां मौजूद गार्ड प्रमोद यादव आवाज सुनकर पहुंचा तो शनि गंभीर हालत में पड़ा था। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। उसके भाई संजय ने बताया कि शनि की तीन साल पहले रेखा से शादी हुई थी। दोनों का डेढ़ साल का एक बेटा है। इंस्पेक्टर गौतमपल्ली रत्नेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना के बाद युवक की पहचान नहीं हो पा रही थी। उसके मोबाइल और बाइक नंबर की मदद से पहचान हुई। जिसके बाद युवक के परिजनों को बुलाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

**बाइक व ट्रैक्टर ट्राली की भिडंत से बाइक पर पीछे बैठे युवक की हालत गम्भीर:** मिलीजानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के घटघटा बाबा तीर्थ के पास अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें पुलिस ने एंबुलेंस से माल सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद पीछे बैठे युवक सूफियान(35) को ट्रामा सेंटर भेज दिया। जबकि बाइक चला रहे युवक सुऐब(25) को उपचार के बाद घर भेज दिया।

घटना शनिवार लगभग ग्यारह बजे की है। दोनों युवक बाइक से अतरौली की तरफ से अपने घर संडीला जा रहे थे। जबकि ट्रैक्टर ट्राली माल की तरफ से नेवादा जा रही थी। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला और पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की गयी जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीकेटी में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के दौरान बाइक चला रहा युवक छिटक कर दूर जा गिरा, जबकि उसकी मां की मौके पर ही मौत हो गई। जख्मी युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना के समय मृतका अस्पताल में भर्ती अपने बेटे को देखकर दूसरे बेटे संग घर लौट रही थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बीकेटी क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहा युवक छिटककर दूर जा गिरा। वहीं, बाइक पर पीछे बैठी युवक के मां की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए भेजने के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। जानकीपुरम के रामपुर गांव निवासी लकी गौतम के मुताबिक उसके बड़े भाई रामचरित्र बीकेटी के सीतापुर रोड स्थित पारस हॉस्पिटल में भर्ती हैं। उसे हॉस्पिटल में देखने के बाद उसकी मां रामकुमारी (55) दूसरे भाई राममिलन संग बाइक से घर जा रही थीं। सीतापुर रोड पर उनकी बाइक में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। भीषण टक्कर से बाइक चला रहा राममिलन उछलकर दूर जा गिरा। हादसे में रामकुमारी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने राममिलन को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस का कहना है कि मृतका के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया।

## दोस्ती की आड़ में युवक ने किशोरी को बुलाकर किया रेप, गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ के काकोरी इलाके में एक किशोरी को उसका मुस्लिम दोस्त बहला-फुसलाकर गांव के एक बंद मकान में बुला ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। काफी देर बाद पीड़िता घर पहुंची। उसने परिजनों को आपबीती सुनाई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। काकोरी इलाके के एक गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को शुक्रवार की देर रात एक युवक बहला-फुसला कर बुला ले गया। आरोपी उसे गांव के एक बंद पड़े मकान में ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इधर काफी देर से किशोरी घर नहीं दिखी तो परिजनों को शंका हुआ। परिवार वालों ने उसकी तलाश की। काफी देर बाद वह बदहवास हालत में घर पहुंची। परिजनों ने उसे पूछताछ की तो उसने आपबीती सुनाई। जिसके बाद पीड़िता के पिता ने आरोपी अतीक अहमद उर्फ टुनमुन के खिलाफ काकोरी थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला कि आरोपी और किशोरी की पहले से जान पहचान थी। दोनों फोन पर बात भी करते थे। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## आशियाना मे ई-रिक्शा चोरी दस दिन बाद मुकदमा दर्ज

**आलमबाग।** आशियाना थाना इलाके से बीते दस दिन पूर्व थाना क्षेत्र मे संचालित एक निजी अस्पताल के पास खडा ई रिक्शा पार कर दिया और मौके से फरार हो गए। आशियाना थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एल निवासी ब्रजेश पुत्र स्व रामऔतार के अनुसार वह बीते 19 अक्टूबर की रात्रि करीब 1 बजे थाना क्षेत्र मे संचालित सूर्या हास्पिटल के बगल में वाली गली में अपना ई रिक्शा संख्या यूपी 32 क्यू टी 5768 खडा कर कुछ सामान खरीदने चला गया और थोड़ी देर बाद वापस आने पर उसका ई रिक्शा अपने स्थान पर मौजूद नहीं था। जिसकी खोजबीन करने के बाद उसने स्थानीय आशियाना थाने मे पुलिस से शिकायत की है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पीडित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## आज मनाया जायेगा अवध बार एसोसिएशन का 125 वां स्थापना दिवस

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ स्थित अवध बार एसोसिएशन की स्थापना के 125 वर्ष पूरे होने पर 2 नवंबर को उसका स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति (नामित) सूर्यकांत होगें । वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुख्य न्यायमूर्ति (उत्तर प्रदेश) अरुण भंसाली व मुख्य न्यायमूर्ति ( दिल्ली) देवेंद्र कुमार उपाध्याय भी कार्यक्रम में षिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम गोमतीनगर स्थित हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के ऑडिटोरियम में अपरान्ह आयोजित होगा। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता , न्यायमूर्ति एम सी त्रिपाठी व न्यायमूर्ति राजन राय गेस्ट आफ आनर के रूप में कार्यक्रम की षोभा बढ़ायेगें। यह जानकारी अवध बार के महासचिव ललित तिवारी ने दी है। बार के अध्यक्ष पंडित एस चंद्रा ने बताया कि अवध बार की स्थापना आज से 125 वर्श पहले हुई थी । उन्होंने कहा कि अपने स्थापना से आज तक इस बार ने हाई कोर्ट के कई नामी न्यायमूर्तिगण प्रदान किये हैं तो वहीं बड़ी संख्या में यहां ऐसे कानूनी विद्वान भी हुए हैं जिन्होंने इस हाई कोर्ट की ख्याति में चार चांद लगाये हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अवध बार के अध्यक्ष पं0 एस0 चंद्रा करेंगे तथा संचालन का कार्य बार के महासचिव ललित किशोर द्वारा किया जाएगा।

## मां भगवती जागरण व मेला आज गढ़ी चुनौटी में

लखनऊ। सरोजनी नगर की ग्राम पंचायत गढ़ी चुनौटी स्थिति चादें बाबा धाम मे कल दो नवंबर 25 को माँ भगवती जागरण व मेला आयोजित किया जा रहा हैं। कार्यक्रम मे दो नवंबर 25 को ज्योति आगमन एवं जागरण का कार्यक्रम संपन्न होगा। जागरण मे गुणगान कर्ता श्री जी जागरण परिवार, लखनऊ द्वारा एवं साज सज्जा सौरभ दरबार आर्ट ग्रुप द्वारा किया जायेगा। जिसके मुख्य गायक रितेश कुमार व अंशु सिंह, अनुराग सिंह गायक एवं गायिका द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत मे तीन नवंबर 25 को प्रसाद वितरण व ज्योति विसर्जन का आयोजन होगा।

## दरवाजे पर पटाखा जलाने को लेकर पड़ोसियो में कहासुनी के बाद मारपीट

आलमबाग । आशियाना थाना इलाके के औरंगाबाद क्षेत्र में बीते दस दिन पूर्व दिवाली की सुबह बच्चों द्वारा घर के दरवाजे पर पटाखा जलाने के विरोध में पडोसियों मेरे कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। वही स्थानीय आशियाना पुलिस दोनों पक्षो ने स्थानीय आशियाना थाने मे पुलिस से शिकायत की है । आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित औरगांबाद जागीर मे रहने संजय धानुक पुत्र भाई लाल के अनुसार बीते 21 अक्टूबर की शाम करीब 9:30 बजे उनके घर के बच्चे घर के बाहर पटाखे, फुलझडी जला रहे थे। आरोप है पडोस में रहने वाले दिलाप धानुक, अर्जुन धानुक, प्रदीप धानुक पुत्रगण बच्चन लाल औरंगाबाद जागीर निवासी ने उसके बच्चों को मां बहन की गालिया देते हुये भगा दिया जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने पूछताछ की तो उक्त लोगो ने गाली गलौज कर मारपीट करने लगे जब वह जान बचाने के लिये अपने घर के अन्दर भागा तो दिलीप धानुक, अर्जुन धानुक, प्रदीप धानुक पुत्रगण बच्चन लाल व अभिषेक उर्फ राका पुत्र झब्बू निवासी बन्थरा लखनऊ निवासी ने जबरन उसके घर में घुसकर उसकी लाठी डंण्डो व लात घूसो से पीटाई करने लगे और बीचबचाव करने उसकी भाभी आई तो उक्त सभी लोगो मे उसकी भाभी को भी मारना पीटना शुरू कर दिया अर्जुन ने उसकी भाभी को तमाचा मारते हुए गाली गलौज करने लगा। वही पीडित संजय धानुक का कहना था मौका पाकर उसकी भाभी ने बचाव के लिये संदीप को फोन किया तो संदीप के आने पर भी उपरोक्त सभी लोगो ने जान से मारने की नियत से उसको भी बहुत बुरी तरह से लात धुसो व डण्डो से मारा पीटा और उसके कपड़े भी फाड़ दिए। जिसकी जानकारी उन्होंने पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर देने के बाद स्थानीय थाने मे पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार दोनों पीडितों की शिकायत पर जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत खारा, वि.ख.- धनपतगंज, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26** **दिनांक-01.10.2025**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- खारा, विकासखंड- धनपतगंज, जनपद-सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष- 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/भठ्ठा मालिक दिनांक- 01.11.2025 से दिनांक- 08.11.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत खारा पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 08.11.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | खड़ंजा से तिवारी के घर तक खड़ंजा निर्माण कार्य। | 1.77 लाख रुपए। | एस.ओ.बी. ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2. | सड़क से सत्य साईं आश्रम तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 14.63 लाख रुपए। | इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 3. | खड़ंजा से जितेन्द्र के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 5.87 लाख। | इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट**- समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होगी।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- खारा, वि.ख.- धनपतगंज
जनपद-सुलतानपुर।

## डीजीपी ने किया उप्र सतर्कता अधिष्ठान भवन का वर्चुअल शिलान्यास



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। डीजीपी द्वारा उप्र सर्तकता अधिष्ठान कानपुर सेक्टर (विजिलेन्स) के प्रस्तावित भवन का वर्चुअल शिलान्यास किया गया।

मुख्यमंत्री के निर्देशन में सतर्कता अधिष्ठान को विभिन्न जनपदों में 09 सेक्टर कार्यालयों हेतु भूमि क्रय/भवन निर्माण की कार्यवाही प्रचलित है, जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान, कानपुर सेक्टर (विजिलेन्स) के कार्यालय भवन के लिए ग्राम बगदौधी कछार, परगही कछार परगना व तहसील सदर जनपद कानपुर नगर में आवंटित है। उक्त प्रस्तावित भवन का वर्चुअल शिलान्यास शनिवार को को राजीव कृष्णा डीजीपी उप्र/निदेशक, सतर्कता अधिष्ठान उप्र द्वारा किया गया। कार्यालय भवन निर्माण हेतु आवंटित भूमि का क्षेत्रफल 2000 वर्गमीटर है। कार्यालय भवन का निर्माण बहुमंजिला किया जायेगा, जिसमें अधिकारियों के कार्यालय, आगन्तुक कक्ष, सतर्कता अधिष्ठान थाना, गार्द रूम, गोपनीय कार्यालय, प्रधान लिपिक कार्यालय, आंकिक कार्यालय व मीटिंग हाल आदि का निर्माण किया जायेगा।

# पार्सल भेजने के नाम पर जालसाजों ने महिला से हड़पे 2.47 लाख रुपये




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**आलमबाग।** साइबर जालसाजों ने बीते चार दिन पूर्व आलमबाग कोतवाली इलाके मे रहने वाली महिला को निशाना बना फोन काल पर विदेशी रिश्तेदार बन लाखों रुपए विदेशी मुद्रा व आभूषण का पार्सल भेजने के नाम पर झांसे में लेकर 2.47 लाख रुपए ट्रांसफर करा हड़प लिया। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित अर्जुन नगर निवासी नेहा वासवानी पत्नी कपिल वासवानी के अनुसार बीते 27 अक्टूबर को कालर ने उसके व्हाटसएप पे व्यास काल अपने को चचेरा भाई बताया जो कि अमेरिका के फिनलैण्ड निवासी के रूप मे परिचय दे एक पार्सल भेजनें की बात कहते हुए उसकी दोनो बेटिंयो के लिए गहने व कुछ विदेशी मुद्रा भेजनें की बात कह उसके पास महाराष्ट्र एयरपोर्ट से फोन आने की बात कह अपना पता करफर्म बता देने की बात कही। वही पीडिता का कहना था बीते 27 अक्टूबर की सुबह करीब दस बजे अर्चना नामक महिला ने फोन काल कर महाराष्ट्र इंटरनेशनल एयर कारगो लजिस्टिक सेन्टर से बोलने की बात कह उसके पार्सल आने की बात कह उसे छुडवाने के लिए फ्रेड (भाडा) चार्जेस, कस्टम ड्यूटी व एन्टी मनी लाडिंग एक्ट के चार्जस देने की बात कही। आरोप है कि उक्त महिला अर्चना ने चार भारतीय एकाउन्ट नम्बर का विवरण मैसेज के माध्यम से भेजा जिसका भुगतान उसने बीते 27 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक दो अपने अलग-अलग बचत खातो से कुल 2,47,200 रुपए का भुगतान किया। जिसके पश्चात कोई भी पार्सल नही मिलने पर उसे अपने संग धोखाधडी का एहसास हुआ। जिसके पश्चात उन्होने साइबर सेल सहित स्थानीय आलमबाग कोतवाली मे पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**बुजुर्ग का फोन हैक कर हैकरों ने खाते से उड़ाये 88265 रुपये:** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे रहने वाले बुजुर्ग का साइबर हैकरों ने फोन हैक कर खाते से 88265 रुपए पार कर हडप लिया। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित कनौसी निवासी 75 वर्षिय बुजुर्ग विद्या सागर भसीम पुत्र स्व० ताराचन्द्र भसीम के अनुसार बीते बीते मंगलवार 14 अक्टूबर को साइबर हैकरों ने उनका मोबाइल फोन हैक कर खाते से 88265 रुपए पार कर हडप लिया। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने बैंक स्टेट मेन्ट निकलवा साइबर सेल सहित स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली मे पुलिस से शिकायत की है पुलिस के अनुसार पीडित बुजुर्ग की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा मे मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है.।

## नकब लगाकर जेवरात और नकदी चोरी



**माल ।** माल थाना क्षेत्र के आंट गढ़ी सौंरा गांव में चोरों ने एक घर के पीछे से दीवार में सेंध लगाकर नगदी और जेवरात समेत अस्सी हजार का माल पार कर दिया। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

मिलीजानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के आंट गढ़ी सौंरा गांव निवासी दर्जी रुस्तम मौर्य ने बताया की बीते शुक्रवार की रात्रि घर के सभी सदस्य खाना खाकर घर में सो गए थे। आधी रात बाद चोरों ने घर के पीछे खेतों की तरफ से ईंट की दीवार में सेंध काट कर घर के अंदर घुसे और कमरे में रखे बक्शे के अंदर से सोने के कान के झाले, गले का हार, पैर की पायल, कान का झाला, गले का माला, बिछिया, पायल सहित अस्सी हजार रुपए की नगदी पार कर ले गए। सुबह लगभग आठ बजे मां जगरानी की नींद खुली घर के अंदर जाकर देखा और घर सभी लोगों को जगाया तो घर के अंदर के सभी जेवरात गायब थे, पीछे दीवार में बड़ा सेंध कटा था। घर से पचास मीटर दूर पीछे खेत में बक्शा व बिखरा हुआ सामान पड़ा था।

वहीं, बच्चों के द्वारा गुल्लक में इकट्ठा किए सिक्के पड़े थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना का जायजा लिया। इस चोरी की घटना से ग्रामीणों मे दहशत का महौल बना हुआ हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी नवाब अहमद ने बताया कि पुलिस मामले में गहनता के साथ छानबीन कर रही हैं।

## आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**माल।** बीती 5अक्टूबर को नाबालिक को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाले आरोपित को माल पुलिस ने एकमाह बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि लड़की को पुलिस ने 8अक्टूबर को ही बरामद कर परिवार को सौंप दिया था।

मिलीजानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने गत 5अक्टूबर को माल थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी सत्तरह वर्षीय नाबालिक बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया था, जिसकी शिकायत माल थाने पर कर मुकदमा दर्ज कराया था। जिसे उप निरीक्षक मांधाता सिंह और राजा बाबू विश्वकर्मा ने टीम के साथ बेटी के बताये मुताबिक पहली नवंबर को बरगदिया से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ने अपना नाम शिवम उर्फ श्रीओम हरदोई जनपद के अतरौली थाना क्षेत्र के छतिहा बताया। पूर्व में दर्ज किये गये मुकदमे में धारा64बीएनएस व3/4 की बढ़ोत्तरी कर आरोपित को जेल भेज दिया।

## दहेजके मुकदमे में कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज

आलमबाग। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके मे रहने वाली एक विवाहिता ने पति समेत सास ससुर पर दहेज मुकदमे में दबाव बनाने और उसकी व्यक्तिगत निजी जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से उसका ईमेल एकाउंट और फेसबुक हैक कर लेने का आरोप लगा न्यायलय से मदद की गुहार लगाई है कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित एलडीए कॉलोनी सेक्टर डी 1 में रहने वाली महिला रिया वर्मा पत्नी अभय रस्तोगी के अनुसार उसका ठाकुरगंज जरनैलगंज कलोनी मेंरहने वाले उसके पति अभय रस्तोगी, ससुर सुरेश चंद्र रस्तोगी और सास पूनम वर्मा के खिलाफ घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न का मुकदमा चल रहा है जिस मुकदमे में कृष्णा नगर पुलिस द्वारा आरोप पत्र दाखिल किया चुका है उक्त मुकदमे में समझौते के लिए उसके ऊपर कई बार दबाव बनाया जा चुका है अपने मंसूबों में असफल होने पर उसके पति ने अपने माता पिता के साथ मिलकर षडयंत्र कर उसका ईमेल एकाउंट और फेसबुक हैक कर लिया और उस अपने नंबर अपडेट कर लिए।

# डिजिटल अरेस्ट एक उभरता हुआ साइबर अपराध : डीजीपी

- डीजीपी ने किया मेरठ में आयोजित साइबर जागरूकता कार्यशाला का वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये शुभारम्भ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** राजीव कृष्णा, पुलिस महानिदेशकने शनिवार को जनपद मेरठ में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाष चन्द्र प्रेक्षाग्रह में आयोजित साइबर जागरूकता कार्यशाला का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन भानु भास्कर, पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी, प्रभारी कुलपति हरेकृष्ण एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ विपिन टाडा एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के मिशनशक्ति के प्रभारी प्रोफेसर बिन्दु शर्मा उपस्थित रहे। कार्यशाला में व्यापारी संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के स्नातक/परास्नातक छात्राएं, गार्गी कालेज की छात्राएं, केएल इंटरनेशनल की छात्राए, बी0डी0एस0 स्कूल की छात्राएं व अन्य स्कूलों/कॉलेजों की छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

पुलिस महानिदेशक, उप्र द्वारा अपने सम्बोधन में कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों का पुलिस की तरफ से स्वागत करते हुये कहा कि मेरे द्वारा प्रदेश स्तर पर जिन दस प्राथमिकताओं को चिह्नित किया गया था, उसमे साइबर क्राइम एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। वर्तमान परिदृश्य में समाज का ऐसा कोई भी वर्ग शायद ही बचा हो जो साइबर क्राइम से प्रभावित न हुआ हो। हमारे स्कूली बच्चे साइबर बुलिंग का शिकार होते हैं, महिलाएं व बालिकाए साइबर स्टाकिंग एवं अन्य महिला केन्द्रित साइबर अपराध का शिकार होती है। डिजिटल अरेस्ट एक उभरता हुआ साइबर अपराध है, जिससे समाज के विभिन्न सभ्रान्त वर्गों के नागरिक शिकार हुए है तथा उन्होंने अपने जीवन भर की कमाई इसमे गवां दी है। साइबर क्राइम से बचाव के लिए मजबूत पासवर्ड और अपडेट सॉफ्टवेयर, अधिकारियों को तुरंत रिपोर्ट करना और सरकारी/संगठन की स्ट्रेटेजी जैसे पब्लिक अवेयरनेस कैंपेन और कानून लागू करने वाली ट्रेनिंग जैसे तरीकों को मिलाकर निपटा जाना चाहिए। पुलिस महानिदेशक उप्र द्वारा कहा कि अधिकांश लोग 3 कारणों लालच ,भय और लापरवाही से आर्थिक अपराध के शिकार हो रहे है। आर्थिक अपराध के पीड़ित लोगों को 3 उपाय तत्काल किये जाने चाहिय। इसके लिए 1930 डायल करना, गोल्डन टाइम में रिपोर्ट करना, सही तथ्यों को भरना। पुलिस महानिदेशक उप्र द्वारा बच्चों को ऑन लाइन गेमिंग के दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुये यह भी कहा कि आज के युग में सोशल मीडिया नशे की लत की तरह युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है, इसके लिये हमे और अधिक सतर्क एवं जागरूक रहने की आवश्यकता है। उ0प्र0 पुलिस द्वारा थानों के हेल्प डेस्क को व्यवसायिक रूप से दक्ष बनाये जाने का प्रयास चल रहा है, जिसके फलस्वरूप उ0प्र0 में पिछले 02 महीने में साइबर अपराध से सम्बन्धित 24 प्रतिशत धनराशि फ्रीज करायी गयी है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/प्लांट, यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती हैं।

**क्रम सं.-01,** निविदा संख्या: EL-MWS-GKP-2025-26-13, कार्य का विवरण : कोच अल्टरेशन इन इलेक्ट्रिकल सिस्टम इन 4000 कोचेज ऑफ 3-टियर एल.एच.बी., एलॉटेड क्वांटिटी 100 नं. कोचेज। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 76,05,165/-, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 1,52,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने की तिथि से-12 महीना।

• आन लाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि: 24-11-2025, समय 11:15 बजे तक। • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य यांत्रिक इन्जीनियर/प्लांट (कार), गोरखपुर
मुजाधि/यॉंत्रिक-88

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# क्षीर सागर में शयन से जागे श्री हरि, मंदिरों व घरों में हुई पूजा



देवउठनी एकादशी पर भजन कीर्तन करती महिलाएं



हरिओम मंदिर में प्रार्थना करती महिला फोटो–अमित वर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देवउठनी एकादशी पर आज भक्तों ने विष्णु भगवान की पूजा-अर्चना की। वहीं कई जगह भक्तों ने आज ही सालिग्राम और तुलसी विवाह कर सुख समृद्धि की कामना की।

व्रती महिलाओं ने प्रातःकाल स्नानादि से निवृत्त होकर आंगन में चौक बनाया। उसके बाद भगवान विष्णु के चरणों को अल्पना से बनाएं और उन्हें ढक दिया, चौक के चारों ओर गन्ने लगा दे इसके बाद चौक पर सारे फल और सब्जियां रखकर और देवउठनी एकादशी की रात में सुभाशित स्त्रोत का पाठ, भगवत कथा और पुराणादि का पाठ और भजन कीर्तन किया गया। भगवान विष्णु जी भी इस दिन चार माह के शयन के बाद उठते हैं और शुभ कार्य शुरु हो जाता है। वहीं कुछ भक्तों ने घरों में तुलसी-विष्णु की विवाह के लिए मंडप सजाया। मां तुलसी और भगवान सालिगराम की शादी की गई। तुलसी के संग शालिग्राम की स्थापना की गई। गमले के चारों ओर गन्ने का मंडप बनाकर। तुलसी को ओढ़नी ओढ़ाए और गमले को साड़ी पहनाकर श्रृंगार हुआ।

**मंदिरों में उत्सव जैसा रहा माहौल:** चार महीने तक महालक्ष्मी के साथ क्षीर सागर में अखंड निद्रा लेने वाले भगवान विष्णु शनिवार को भक्तों की आराधना के बाद जाग गए। भगवान के जागने के साथ ही कार्तिक में मास पर्यंत चलने वाले दीपोत्सव की छटा और चटख हो गई। वहीं हरि प्रबोधनी एकादशी होने की वजह से भोर में ही गंगा तटों पर स्नानार्थियों का रेला उमड़ पड़ा। भक्तों ने भगवान को जगाने के लिए आराधना शुरू कर दी। वैसे गंगा तटों पर दीपदान और अर्घ्य देने का सिलसिला भोर में ही शुरू हो गया था। तुलसी से भगवान विष्णु के विवाह की रस्म पूरी की जाने लगी। राजधानी लखनऊ के मंदिर में उत्सव जैसा माहौल था। शहर के कई मंदिरों से भव्य बारात निकाली गई। गोमती घाट पर भव्य समारोह में मंत्रोच्चार के बीच तुलसी के साथ भगवान की शादी रचाई गई। मनकामेश्वर घाट की ओर से भी तुलसी विवाह का उत्सव मनाया गया।

**भगवान को गन्ने का लगा भोग:** देवउत्थान एकादशी को भगवान को नये गन्ने का भोग अर्पित किया गया। सीजन का यह पहला भोग खेतों से काट कर लाया गया। इस दौरान बाजार में गन्ना, सकरकंद व सिंघाड़े खरीदने की होड़ मची रही।



**बाजारों में गन्ने व सिघाड़ा की खूब हुई बिक्री:** देवोत्थान एकादशी का पर्व श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। घरों से लेकर मंदिरों तक देवी-देवताओं का पूजन किया गया। घरों में तुलसी पूजन का भी आयोजन किया गया। लखनऊ के बाजारों में गन्ना, सिघाड़ा, मूली और गुड़ की खूब बिक्री हुई। मान्यता है कि देवोत्थान एकादशी पर सभी देव जागृत हो जाते हैं, इसलिए के साथ सभी शुभ कार्यों की शुरूआत हो जाती है। शहर से लेकर कस्बों और गांवों तक लोगों ने व्रत रखकर सिघाड़ा, शकलकंदी, गुड़ का प्रसाद ग्रहण किया।

**प्रकाश पर्व : गन्ना, शकरकंद व अन्य फलों का लगाया भोग :** गुरु नानक देव जन्मोत्सव के उत्सव के चौथे दिन शनिवार को हरि ओम मंदिर में भक्तिभाव पूर्ण कार्यक्रम की शुरूआत आसा- दी वार से हुई इसके बाद श्री अनूप केसरवानी ने अपने मधुर भजनों से संगत को भाव विभोर कर दिया भजनों के रस में डूबने के बाद तुलसी कथा व तुलसी विवाह हुआ तुलसी विवाह में महिलाओं का जोश व उत्साह देखते ही बनता था तुलसी फेरा सोहर व गीतों के साथ श्रीमती अंजू नागपाल, हरदेवी, गीता हरजानी, कविता मीना केसरवानी, शांता वाधवानी ने माहौल में एक नया भक्ति रंग भर दिया। इसके साथ विवाह में गन्ना, शकरकंद व अन्य फलों का भोग लगाया गया और आयी संगत को एकादशी व्रत का प्रसाद लंगर वितरण किया गया।

## शालिग्राम संग आये बाराती धूमधाम से हुआ तुलसी विवाह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी देव उत्थान एकादशी के शुभावसर पर दुर्गा जी मंदिर में तुलसी जी और सालिग्राम जी का विवाह धूम धाम से संपन्न हुआ। विवाह के लिए अयोध्या धाम से साधुओ की बारात शाम 5 बजे राधाकृषण मंदिर ऐश बाग लखनऊ पहुंची, वहां से 108 साधुओं की बारात ऐशबाग रामलीला ग्राउंड, रामनगर, तिलकनगर, कुंडरी होते हुए शास्त्रीनगर स्थित श्री दुर्गा जी मंदिर पहुंची। बारात को देख कर नगरवासियों में कोतूहल था, साधू-संतो की बारात देखने लायक थी, सभी को एक जैसे वस्त्र मंदिर से भेंट किये गए थे। घरों से बारात पर फूलों की वर्षा की जा रही थी. मंदिर के कार्यकर्त्ता, अधिकारी एवं गणमान्य लोगों ने फूलों का हार पहना कर बारातियों का स्वागत किया।

श्री सालिग्राम जी एवं तुलसीजी का विवाह बड़े विधि विधान से सम्पन्न किया गया। मुख्य यजमान श्री अजय गुप्ता के साथ मंदिर से सर्व श्री ताराचंद अग्रवाल, राम नरेश मिश्र, पवनजी अग्रवाल, राजेंद्र गोयल, रामकिशन जयसवाल, ओम प्रकाश गुप्ता विशेष रूप से विवाह कार्य में अति व्यस्त दिख रहे थे।

बारातियों को एकादशी के कारण फलाहारी भोजन कराया गया। नगरवासियों एवं भक्तगणों ने इस अवसर पर अनेक उपहार भी तुलसी जी को भेंट किये जो बारातियों के साथ अयोध्या धाम भेजे जायेंगे। दुर्गा जी मंदिर हिन्दू संस्कृति की रक्षा के लिए सभी धार्मिक परम्पराओं का निर्वहन करता रहा है। इस अवसर पर विदुषी एवं कथावाचक पूज्य कल्याणी देवी ने इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्र और कथाओं को मूर्त रूप देने का दुर्गा जी मंदिर का ये कार्य अति प्रसंशनीय है।

सनातन महासभा की ओर से तुलसी विवाह का आयोजन जानकी पुरम स्थित संस्था कार्यालय में शनिवार को अध्यक्ष डा. प्रवीण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। डॉ प्रवीण ने बताया कि महिलाओं ने विशेष रूप से तुलसी व शालिग्राम भगवान का विवाह पूजन के साथ किया। इस विशेष सनातन संस्कृति को जीवित रखने की परंपरा को घर घर में आयोजित किया गया।

# तेरे धाम की शान निराली...भजन पर झूमे श्रद्धालु, लगे जयकारे

● श्री श्याम जन्मोत्सव पर उमड़ा भक्तों का हुजूम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शनिवार, जन्मदिन आ गया बाबा श्याम का,हैप्पी बर्थडे श्याम बाबा..., श्याम सलोने हैप्पी बर्थडे..., बधाई जन्मोत्सव की देने आया हु..., तेरे धाम की शान निराली... भजनों को गाते हाथों में मोर पंख, गुलाब की कली और श्री श्याम के लिए मिश्र मेवा का भोग लेकर पहुंचे सुबह मंदिर के कपाट पहले तो पंडित सुहेल देव मिश्र ने आरती कर भक्तों को भक्ति भाव में डूबे दिया लखनऊ शहर के हर कोने श्री श्याम ध्वजा यात्रा मंदिर भक्त मन्दिर पहुंचे। श्री श्याम परिवार महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया किबीश्री श्याम जन्मोत्सव पर श्री श्याम मन्दिर में पूर्व मध्य रात्रि से भक्तों का ताता लगा था सुबह से लाखों भक्तों ने श्री श्याम जन्मोत्सव पर भक्त दर्शन करने पहुंचे ये क्रम मध्य रात्रि तक चला। बड़ी संख्या में श्री श्याम भक्त बाबा के लिए केक लेकर पहुंच रहे थे लगभग एक हजार से अधिक भक्त केक का भोग लगाया ।मंदिर आने वाले भक्तों को सुलभ दर्शन हो इसको लेकर मन्दिर प्रशासन ने दो चौड़ी लाइन बनाई गई थी तो वहीं निकासी के दो द्वार से भक्तों को सुलभ दर्शन हो रहे थे। कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम जन्मोत्सव के दूसरे दिन 2 नवंबर रात्रि 7बजे से सुप्रसिद्ध भजन गायिका ब्रजवासी पूर्णिमा पूजन दीदी के भजनों का गुणगान किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, सुधीश गर्ग, अनुराग साहू, अनिल गुप्ता, वीरेंद्र अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, पुनीत माहेश्वरी, विकास अग्रवाल, रत्नेश अग्रवाल, लोकेश, प्रदीप बंसल उपस्थित रहे।

## राग रंग दिल की आवाज ने सुरों और भावनाओं से बांधा समां

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** युवा उत्थान समिति द्वारा आयोजित संगीतमय संध्या राग रंग दिल की आवाज ने लखनऊ के संगीत प्रेमियों को सुर, लय और भावनाओं के सुंदर संगम में डुबो दिया। यह कार्यक्रम संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जहाँ सभागार खचाखच भरा हुआ था और हर कोना संगीत प्रेमियों की तालियों और उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गौरव कृष्ण बंसल, वरिष्ठ प्रोफेसर, इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात सुंदर सरस्वती वंदना और कार्यक्रम के थीम सॉन्ग राग रंग की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्ति और संगीत रस से भर दिया। इसके बाद मंच पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में गायन प्रस्तुतियाँ दीं – देवेन्द्र मेंघी, अनूप सिन्हा, प्रवीन श्रीवास्तव, पूनम दीननाथ, मनोज कपूर, आनंद कृष्ण, सीमा विरमानी, डॉ. राजेश श्रीवास्तव, सिद्धार्थ शुक्ला, संजय अब्रोल, शिखा अब्रोल, अनुश्रुता सिन्हा और हिमांशु वर्मा ने। संगीत का जादू रचने में साथ दिया पंचम बैंड ने, जिन्होंने अपने लाइव म्यूज़िक की शानदार प्रस्तुति से पूरे माहौल को ऊजार्वान और आनंदमय बना दिया। सुरों और ताल का ऐसा अद्भुत संगम दर्शकों को अंत तक बांधे रखे रहा। कार्यक्रम का समापन दर्शकों की तालियों और सराहना के साथ हुआ। राग रंग दिल की आवाज ने लखनऊ की सांस्कृतिक दुनिया में एक और यादगार शाम जोड़ दी।

# यूपी दर्शन उत्सव का हुआ शानदार आगाज



● सदा बहार नगमों में सुरों का संगम, ऐमन जावेद फारूकी एंड ग्रुप ने बांधा समां

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी दर्शन उत्सव का शानदार आगाज पूरे विधि विधान के अनुसार मंत्र उच्चारण हवन, आरती, के द्वारा एकादशी पर्व के अवसर पर मुख्य यजमान प्रगति इवेंट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह द्वारा किया गया लखनऊ विकास प्राधिकरण तथा जीन्क पार्क द्वारा लखनऊ दर्शन पार्क गोमती नगर में 20 नवंबर 2025 तक यह आयोजन किया जा रहा है।

एक नवंबर रविवार शाम रेट्रो संगीत की मधुर लहरें गूंज उठीं, जब सुप्रसिद्ध गायिका ऐमन जावेद फारूकी एंड ग्रुप ने मंच संभाला। कार्यक्रम की शुरूआत ऐमन जावेद फारूकी ने वंदे मातरम से देश को नमन करते हुए की । हाल कैसा है जनाब का, अपलम चपलम, एक से बढ़कर एक नगमों की बहार में अवध की शाम सुरों में घुलने लगी सुरों के जादू से शाम में चार चांद लगा दिए हो जैसे..

सुप्रसिद्ध गायक जूनियर शब्बीर कुमार ने यम्मा यम्मा ये खूबसूरत समा से सुरों का जादू बिखेरा वही नीतू श्रीवास्तव ने रुला के गया सपना मेरा , साजिद अब्बासी ने तू मोरनी जंगल की और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायिका अमन जावेद फारूकी ने दिल को छूलेने वाले गीत अजीब दस्ता है ये से की जिसने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा ऐमन जावेद फारूकी और अमन जावेद फारूकी द्वारा प्रस्तुत गीत ₹मेरे महबूब में क्या नहीं₹ की अद्भुत प्रस्तुति, जिसे दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। कार्यक्रम का संचालन ऊजार्वान अंदाज में एंकर अथर्व तिवारी ने किया। प्रगति इवेंट के अध्यक्ष विनोद सिंह ने एस जे क्रिएशन की डायरेक्टर समाज सेविका सहर जावेद फारूकी और सभी आमंत्रित कलाकारों का सम्मान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की सभी कलाकारों को संस्था के उपाध्यक्ष एन बी सिंह ने प्रशस्ति पत्र लेकर सम्मानित किया।

## मोक्ष की प्राप्ति के लिए काशी विश्वनाथ सभी तीर्थों में श्रेष्ठ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अखिल भारतीय उत्तराखण्ड महासभा के तत्वावधान में ज्ञान सरोवर विद्यालय, वृंदावन योजना रायबरेली रोड, कालिन्दी पार्क के पास नौ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जो 25 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक चलेगा।

अखिल भारतीय उत्तराखण्ड महासभा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक असवाल ने जानकारी दी कि 2 नवम्बर रविवार को श्री शिव महापुराण कथा का समापन होगा। उस दिन कथा प्रातः 8 बजे से शुरू होकर 10 बजे तक चलेगी। उसके के बाद कथा स्थल पर रुद्राभिषेक किया जाएगा, जिसमें सभी भक्तगण भागीदारी करेंगे। इसके बाद हवन का कार्यक्रम होगा और फिर सभी भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

प्रति दिन की तरह प्रातः 10 बजे आज के यजमान दिनेश तिवारी, सुधीर चंद, महेंद्र सिंह राणा, ताजवर सिंह राणा, प्रेम सिंह बिष्ट, कमल सिंह रावत, राहुल पांडे, मंगल सिंह रावत और अंजना राजे द्वारा विधिविधान से पूजा अर्चना की गई। सांय की बेला में कथा वाचक, व्यास पंडित मुकेश शुक्ला जी ने कथा को आगे सुनाते हुए श्री शिव महापुराण कथा में बताया कि भारत में विभिन्न स्थानों पर स्थित 12 ज्योतिर्लिंग - सोमनाथ, मल्लिकार्जुन, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, केदारनाथ, भीमाशंकर, विश्वनाथ, त्र्यंबकेश्वर, वैजनाथ, नागेश्वर, रामेश्वरम और ग्रिश्नेश्वर - सभी भगवान शिव के पवित्र स्थल हैं। इनकी पूजा और आराधना से भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है। ये ज्योतिर्लिंग भगवान शिव की महिमा और शक्ति का प्रतीक हैं और इनकी पूजा करने से भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान, शांति और मुक्ति की प्राप्ति होती है।

व्यास जी ने इन 12 ज्योतिलिंगों में काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग के महत्व के बारे में कहा, जो उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित है। यह हिंदू धर्म के सबसे पवित्र शहरों में से एक है। यहाँ भगवान शिव की पूजा करने से मोक्ष की प्राप्ति, पापों से मुक्ति और आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति होती है। इन्हीं सभी कारणों से काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग सबसे महत्वपूर्ण ज्योतिर्लिंग है। आज कथा स्थल पर मुख्य रूप से भवान सिंह रावत, केशव बिटालू, डी डी नरियाल, आर पी जुयाल, हेमंत गडिया, जगदीश बिष्ट, बहादुर सिंह बिष्ट, महावीर खन्तवाल, विनोद खन्तवाल, सी एम सिंह, राजेन्द्र सिंह रावत, हरीश रौतेला, गोवर्धन भट्ट, , रतन सिंह सांवत, प्रताप सिंह जंगलिया, हरेन्द्र नेगी, विनय रावत, रविंद बिष्ट, संगीता रावत,रंजना सिंह, विनीता तिवारी, मंजू मिश्रा, सुनीता जायसवाल, कंचन यादव, इंदू सिंह, शीला सिंह , कमला कठैत, सीमा, ऊषा, कोमल, निधि, ज्योति आदि कई भक्त गण मौजूद थे।

# लखनऊ स्पेक्ट्रम भारतीय कला की विविधता और संवेदना का उत्सव

### देश के 111 प्रतिष्ठित कलाकारों की कलाकृतियां प्रदर्शित, लखनऊ स्पेक्ट्रम 2025 आर्ट फेयर का भव्य शुभारंभ

● फिल्म अभिनेता पंकज झा और तीन राज्यों के पद्मश्री चित्रकारों की रचनाएँ बनीं आकर्षण का केंद्र

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। भारत की सांस्कृतिक राजधानी लखनऊ, जहाँ तहजीब और रचनात्मकता की परंपरा आज भी जीवंत है, वहीं शनिवार को फीनिक्स पलासियो के साउथ एट्रियम परिसर में फ्लोरेंसेंस आर्ट गैलरी एवं फीनिक्स पलासियो के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ स्पेक्ट्रम 2025 आर्ट फेयर का भव्य उद्घाटन संजय प्रसाद प्रमुख सचिव, गृह एवं सुचना विभाग, उत्तर प्रदेश ने किया। उन्होंने सभी कलाकारों की कलाकृतियों की बहुत बहुत प्रशंसा की।

कार्यक्रम से पूर्व आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजकों ने इस आर्ट फेयर की रूपरेखा और उद्देश्यों की जानकारी दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संजीव सरीन रिटेल डायरेक्टर फीनिक्स मिल्स लिमिटेड नार्थ,, विनय शहाने हेड मार्केटिंग फीनिक्स पलासियो, क्यूरेटर भूपेंद्र कुमार अस्थाना, राजेश कुमार और गोपाल सामंतराय उपस्थित रहे।

गैलरी की निदेशक नेहा सिंह और संजीव सरीन रिटेल डायरेक्टर फीनिक्स पलासियो का मानना है कि लखनऊ स्पेक्ट्रम 2025 केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि कल्पना, संवाद और नवाचार का उत्सव है। हमारा उद्देश्य कला को वह साझा भाषा बनाना है, जो कलाकार और दर्शक के बीच की दूरी मिटाकर संवेदनशील संवाद स्थापित करे।

फीनिक्स मिल्स लिमिटेड के रीटेल डायरेक्टर फीनिक्स मिल्स लिमिटेड नॉर्थ, श्री संजीव सरीन ने कहा, फीनिक्स पलासियो हमेशा ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देता है जो लखनऊ की पहचान और क्रिएटिविटी को सामने लाते हैं। द लखनऊ स्पेक्ट्रम 2025 हमारे लिए सिर्फ एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि शहर की कला भावना का उत्सव है। यह आर्ट फेयर भारतीय कला की विविधता, संवेदना और समकालीन दृष्टि का सुंदर संगम है। इस आर्ट फेयर को तीन क्यूरेटर – भूपेंद्र कुमार अस्थाना, राजेश कुमार और गोपाल सामंत्री ने अपने विशिष्ट दृष्टिकोण और अनुभव से एक रचनात्मक संगम का रूप दिया है।

हम फ्लोरेंसेंस आर्ट गैलरी की इस उत्कृष्ट पहल की सराहना करते हैं और सभी कलाकारों व आगंतुकों का हार्दिक स्वागत करते हैं। आइए, हम सब मिलकर इस सृजनात्मक उत्सव का आनंद लें। क्यूरेटर भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि फ्लोरेंसेंस आर्ट गैलरी, जिसकी स्थापना 2019 में हुई थी, केवल एक प्रदर्शन स्थल नहीं बल्कि एक सृजनात्मक आंदोलन है – जो कला को सुलभ, संवादमय और संग्रहणीय बनाने का स्वप्न लेकर आगे बढ़ रहा है। वहीं राजेश कुमार ने जानकारी दी कि फ्लोरोसेंस आर्ट गैलरी द्वारा आयोजित यह आर्ट फेयर 1 से 30 नवंबर तक फीनिक्स पलासियो, लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है।

इसमें देश के विभिन्न राज्यों–उत्तर प्रदेश, बिहार, नई दिल्ली, महाराष्ट्र, असम, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हैदराबाद, देहरादून, हिमाचल प्रदेश, वेस्ट बंगाल, उड़ीसा, तेलंगाना, केरल और आंध्र प्रदेश–से वरिष्ठ एवं युवा कलाकारों की कलाकृतियाँ प्रदर्शित की जा रही हैं। प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश का कोहबर, बिहार का मधुबनी, मध्य प्रदेश की भील और गोंड कला, राजस्थान की पिछवई और फड़ पेंटिंग, हिमाचल प्रदेश की पहाड़ी मिनिएचर, केरल की म्यूरल और वेस्ट बंगाल की पटचित्र जैसी पारंपरिक कलाओं के साथ समकालीन भारतीय कला के विविध रूपों को भी विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। इस आयोजन में चित्र, मूर्तिशिल्प, सिरामिक, म्यूरल, छापाचित्र, लघु शिल्प, फोटोग्राफी, टेक्सटाइल और असम के मजुली मास्क के साथ वॉश शैली के चित्र भी विशेष रूप से शामिल किए गए हैं।

## दिल छू लेने वाली कहानी है भोजपुरी फिल्म उमा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भोजवुड में हमेशा से एक्शन फिल्मों का बोलबाला रहा है। तड़क-भड़क वाले गीत संगीत का जोर है। ऐसे में डायरेक्टर अनंजय रघुराज एक ऐसी दिल छू लेने वाली कहानी लेकर आ रहे हैं, जिसके करीब चार मिनट के ट्रेलर को देखकर ही आप का दिल भर आएगा। माही श्रीवास्तव और रितेश उपाध्याय स्टारर फिल्म 'उमा' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के बैनर तले बनी इस फिल्म की कहानी में वो सबकुछ है, जो आप एक बेहतरीन ड्रामा फिल्म से उम्मीद करते हैं। एक अच्छी दिल छू लेने वाली कहानी, प्यार का रूमानी एहसास और दर्द का समंदर।

'उमा' की कहानी इसके डायरेक्टर अनंजय रघुराज ने ही लिखी है। फिल्म को रत्नाकर कुमार ने प्रोड्यूस किया है। स्कीनप्ले और डायलॉग अरबिंद तिवारी और राकेश त्रपिाठी का है। जबकि इसके गीतों को संगीत से सजाने का काम साजन मिश्रा ने किया है। गीतकार धरम हिंदुस्तानी हैं। 'उमा' के ट्रेलर की शुरूआत माही और रितेश के रूमानी प्यार से होती है। तांका-झांकी, कभी साइकिल तो कभी स्कूटर से पीछा और फिर प्रेम पत्र का दौर। दो जवान आत्मा एक-दूसरे की मोहब्बत में अभी डूब ही रही होती है कि उनकी प्रेम कहानी को गांव के कुछ लोगों की नजर लग जाती है। कहानी में ऐसा मोड़ आता है, जहां लड़की यहां तक कह देती है कि उसने कभी लड़के से प्यार किया ही नहीं। बल्कि वो जबरन उसके पीछे लगा था। इसके बाद हम ट्रेलर में एक और ट्विस्ट देखते हैं। हमें पता चलता है कि रितेश के किरदार का बाल विवाह हो चुका है। वो भी उसी उमा से, जिसने उसका दिल तोड़ा है। अब क्या दो टूटे दिल फिर से जुड़ेंगे, ऐसा क्या हुआ कि बात अदालत तक पहुंच गई, इश्क पर किसने गिराई गम की बिजलियां, यह सब जानने के लिए आपको इस फिल्म की रिलीज का इंतजार करना होगा।

# कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों को दिया गया ठहराव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सोनपुर में आगामी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले मेला में आने वाले श्रद्धालु एवं यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु रेलवे प्रशासन द्वारा 04 से 06 नवम्बर तक निम्नलिखित गाड़ियों का विभिन्न स्टेशनों पर 01 मिनट का अतिरिक्त अस्थाई ठहराव प्रदान किया जायेगा।

मुजफ्फरपुर-सोनपुर रेल खंड पर 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस का 04 नवम्बर को रामदयालुनगर, तुर्की, कुढ़नी एवं घोसवर स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 15203 बरौनी-लखनऊ एक्सप्रेस का 04 नवम्बर को रामदयालुनगर, तुर्की, कुढ़नी, गोरौल, भगवानपुर, सराय एवं घोसवर स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 14005 सीतामढ़ी-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को रामदयालुनगर, तुर्की, कुढ़नी, सराय एवं घोसवर स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 15027 सम्बलपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को रामदयालुनगर, तुर्की, कुढ़नी, सराय एवं घोसवर स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। सोनपुर-मुजफ्फरपुर रेल खंड पर 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को घोसवर, कुढ़नी, तुर्की एवं रामदयालुनगर स्टेशनों परठहराव प्रदान किया जायेगा। 02564 नई दिल्ली-बरौनी विशेष गाड़ी का 05 नवम्बर को सोनपुर, हाजीपुर, घोसवर, सराय, भगवानपुर, गोरौल, कुढ़नी, तुर्की एवं रामदयालुनगर स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 15028 गोरखपुर-सम्बलपुर एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को घोसवर, सराय, कुढ़नी, तुर्की एवं रामदयालुनगर स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 15708 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को घोसवर, सराय, भगवानपुर, गोरौल, कुढ़नी, तुर्की एवं रामदयालुनगर स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 14006 आनन्द विहार टर्मिनल-सीतामढ़ी एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को घोसवर, सराय, कुढ़नी, तुर्की एवं रामदयालुनगर स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को घोसवर, सराय, कुढ़नी, तुर्की एवं रामदयालुनगर स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 14524 अम्बाला कैंट-बरौनी एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को घोसवर, भगवानपुर, गोरौल, कुढ़नी, तुर्की एवं रामदयालुनगर स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 15204 लखनऊ जं.-बरौनी एक्सप्रेस का 06 नवम्बर को घोसवर, सराय, भगवानपुर, गोरौल, कुढ़नी, तुर्की एवं रामदयालुनगर स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 02570 नई दिल्ली-दरभंगा विशेष गाड़ी का 06 नवम्बर को सोनपुर, हाजीपुर, घोसवर, सराय, भगवानपुर, गोरौल, कुढ़नी, तुर्की एवं रामदयालुनगर स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा।

सोनपुर-छपरा रेल खंड पर 14015 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को परमानन्दपुर, नयागांव, सीतलपुर, अवतार नगर, बड़ागोपाल एवं गोल्डिनगंज स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को परमानन्दपुर, नयागांव, सीतलपुर, अवतार नगर, बड़ागोपाल एवं गोल्डिनगंज स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 19166 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को परमानन्दपुर, नयागांव, सीतलपुर, दिघवारा, अवतार नगर, बड़ागोपाल एवं गोल्डिनगंज स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 15027 सम्बलपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को परमानन्दपुर, नयागांव, सीतलपुर, अवतार नगर, बड़ागोपाल एवं गोल्डिनगंज स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 13019 हावड़ा-काठगोदाम एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को परमानन्दपुर, सीतलपुर, अवतार नगर, बड़ागोपाल एवं गोल्डिनगंज स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को परमानन्दपुर, नयागांव, सीतलपुर, दिघवारा, अवतार नगर, बड़ागोपाल एवं गोल्डिनगंज स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को परमानन्दपुर, नयागांव, सीतलपुर, अवतार नगर, बड़ागोपाल एवं गोल्डिनगंज स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को परमानन्दपुर, नयागांव, सीतलपुर, दिघवारा, अवतार नगर, बड़ागोपाल एवं गोल्डिनगंज स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा।

15559 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को परमानन्दपुर, नयागांव, सीतलपुर, दिघवारा, अवतार नगर, बड़ागोपाल एवं गोल्डिनगंज स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा।

11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को परमानन्दपुर, नयागांव, सीतलपुर, अवतार नगर, बड़ागोपाल एवं गोल्डिनगंज स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 15203 बरौनी-लखनऊ जं. एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को परमानन्दपुर, नयागांव, सीतलपुर, अवतार नगर, बड़ागोपाल एवं गोल्डिनगंज स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 13105 सियालदह-बलिया एक्सप्रेस का 06 नवम्बर को परमानन्दपुर, अवतार नगर, बड़ागोपाल एवं गोल्डिनगंज स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 14007 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस का 06 नवम्बर को परमानन्दपुर, नयागांव, सीतलपुर, अवतार नगर, बड़ागोपाल एवं गोल्डिनगंज स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा।

छपरा-सोनपुर रेल खंड पर 14650 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस का 04 नवम्बर को गोल्डिनगंज, बड़ागोपाल, अवतार नगर, दिघवारा, सीतलपुर, नयागांव एवं परमानन्दपुर स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को गोल्डिनगंज, बड़ागोपाल, अवतार नगर, सीतलपुर, नयागांव एवं परमानन्दपुर स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस का 05 नवम्बर को गोल्डिनगंज, बड़ागोपाल, अवतार नगर, सीतलपुर, नयागांव एवं परमानन्दपुर स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा। बछवारा-सोनपुर रेल खंड पर 13105 सियालदह-बलिया एक्सप्रेस का 04/05 नवम्बर को नन्दनी लगुनिया, सहदेई बुजुर्ग, चक सिकंदर एवं चकमकरंद स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया जायेगा।

## सहरसा-आनंद विहार के बीच चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

**लखनऊ।** छठ महापर्व के पश्चात यात्रियों की वापसी यात्रा हेतु रेलवे प्रशासन द्वारा 05511 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनल-सहरसा वाया गोरखपुर पूजा विशेष गाड़ी का संचलन सहरसा से 02 नवम्बर को तथा आनन्द विहार टर्मिनल से 03 नवम्बर को किया जायेगा। 05511 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनल पूजा विशेष गाड़ी 02 नवम्बर को सहरसा से 08.05 बजे प्रस्थान कर मानसी से 09.45 बजे, खगड़िया से 09.57 बजे, बेगूसराय से 10.42 बजे, बरौनी से 11.55 बजे, दलसिंह सराय से 12.22 बजे, समस्तीपुर से 13.05 बजे, मुजफ्फरपुर से 14.05 बजे, हाजीपुर से 15.05 बजे, सोनपुर से 15.17 बजे, छपरा से 16.55 बजे, सीवान से 17.55 बजे, देवरिया सदर से 18.52 बजे, गोरखपुर से 20.20 बजे, खलीलाबाद से 20.57 बजे, बस्ती से 21.22 बजे, गोंडा से 22.30 बजे, बाराबंकी से 23.52 बजे, दूसरे दिन बादशाहनगर से 00.40 बजे, ऐशबाग से 01.10 बजे, कानपुर सेंट्रल से 03.05 बजे, इटावा से 04.47 बजे, टूण्डला से 06.02 बजे, अलीगढ़ से 07.32 बजे तथा गाजियाबाद से 09.32 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनल 10.15 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में, 05512 आनन्द विहार टर्मिनल-सहरसा पूजा विशेष गाड़ी 03 नवम्बर को आनन्द विहार टर्मिनल से 12.00 बजे प्रस्थान कर गाजियाबाद से 12.45 बजे, अलीगढ़ से 14.45 बजे, टूण्डला से 16.02 बजे, इटावा से 17.32 बजे, कानपुर सेंट्रल से 20.05 बजे, ऐशबाग से 21.50 बजे, बादशाहनगर से 22.15 बजे, बाराबंकी से 22.57 बजे दूसरे दिन गोंडा से 00.15 बजे, बस्ती से 01.27 बजे, खलीलाबाद से 01.57 बजे, गोरखपुर से 03.05 बजे, देवरिया सदर से 04.07 बजे, सीवान से 05.05 बजे, छपरा से 06.20 बजे, सोनपुर से 08.30 बजे, हाजीपुर से 08.45 बजे, मुजफ्फरपुर से 10.40 बजे, समस्तीपुर से 11.45 बजे, दलसिंह सराय से 12.12 बजे, बरौनी से 13.30 बजे, बेगूसराय से 13.50 बजे, खगड़िया से 14.32 बजे तथा मानसी से 14.52 बजे छूटकर सहरसा 17.15 बजे पहुँचेगी।

इस गाड़ी में एसएलआरडी के 02, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 10, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्र निर्धारण के लिए मानक तय

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड परीक्षा केंद्र निर्धारण के लिए परीक्षा केंद्रों का निर्धारण ऑनलाइन प्रक्रिया से किया जाएगा। इसके लिए शनिवार को शासनादेश द्वारा परीक्षा केंद्र निर्धारण की नीति/मानक तय किए गए हैं। परीक्षा केंद्र निर्धारण की सम्पूर्ण कार्यवाही 10 नवम्बर से 30 दिसम्बर 2025 तक ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न की जाएगी। इसमें विद्यालयों द्वारा भौतिक संसाधन सम्बन्धी विवरण 10 नवम्बर तक अपलोड किए जाएंगे। तहसील स्तरीय समिति द्वारा भौतिक सत्यापन 17 नवम्बर तक किया जाएगा। सत्यापित आख्या ऑनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि 24 नवम्बर होगी और परिषद द्वारा ऑनलाइन चयनित केंद्रों की प्रारंभिक सूची 27 नवम्बर तक जारी की जाएगी। डिबार एवं अनर्ह विद्यालयों की सूची 28 नवम्बर को प्रदर्शित की जाएगी। आपत्तियां/प्रत्यावेदन ऑनलाइन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 04 दिसम्बर होगी।

# एकेटीयू में मनाया गया मध्य प्रदेश स्थापना दिवस

## मध्य प्रदेश पर आधारित आयोजित किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक के मंचन के जरिये दिखी शौर्य और बलिदान की अमर गाथा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में शनिवार को मध्य प्रदेश का स्थापना दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान छात्रों ने मध्य प्रदेश पर आधारित विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की शुरूआत मध्य प्रदेश पर आधारित एक लघु फिल्म से हुई। मध्य प्रदेश के उद्गम से लेकर अब तक की विकास यात्रा एवं सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पक्षों को समेटे इस फिल्म की शुरूआत एक कविता से हुई। जबकि इसके समापन पर बघेली लोक गीत ने मन मोह लिया।

**नाटक के मंचन में मध्य प्रदेश की शौर्य गाथा का बखान :** कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने गोण्डवाना की रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। नाटक के जरिये मुगलों से रानी की लड़ाई और अपने मातृभूमि और स्वाभिमान के लिए प्राणों के बलिदान को दशार्या गया। रानी की शौर्यगाथा पर आधारित इस मंचन से खूब वाहवाही बटोरी। इसी तरह महारानी लक्ष्मीबाई का ग्वालियर में लड़े गये अंतिम युद्ध का भी नाट्य मंचन छात्रों की टीम ने किया। इसमें अंग्रेजों के खिलाफ रानी लक्ष्मीबाई की लड़ाई को छात्रों ने बेहद संजीदगी से प्रस्तुत किया। छात्रों की एक टीम ने चित्रकूट में भगवान राम के प्रवास को केंद्रित एक भजन प्रस्तुति भी दी।

● विवि के घटक संस्थानों के छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों के जरिये दिखाई मध्य प्रदेश की छवि

**रंगोली और पेंटिंग में दिखी एमपी की संस्कृति :** कार्यक्रम के दौरान छात्रों की बनाई रंगोली और पेंटिंग में मध्य प्रदेश की संस्कृति, सभ्यता, ऐतिहासिकता एवं सामाजिक तानेबाने का चित्र उभरा। विभिन्न रंगों के संयोजन से छात्रों ने एमपी के महत्वपूर्ण स्थलों, मंदिरों एवं स्थानों को अपने रंगोली और पेंटिंग का हिस्सा बनाया। इन प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के घटक संस्थान जिसमें, सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज, इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड डिजाइन, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एवं फैकल्टी ऑफ फॉर्मेसी के छात्रों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा मध्य प्रदेश की सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक विशेषताओं पर छात्रों ने भाषण भी दिया। मध्य प्रदेश के सामान्य ज्ञान पर छात्रों के बीच एक क्विज प्रतियोगिता आयोजित करायी गयी। छात्रों ने कविता पाठ भी किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विजेता छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय, प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार, कुलसचिव रीना सिंह, वित्त अधिकारी केशव सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी सिंह, प्रो. अनुराग त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलन से किया। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने मध्य प्रदेश स्थापना दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम का संचालन शेफाली सिंह एवं आरजू गुप्ता ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने दिया। इस मौके पर उपकुलसचिव डॉ. आरके सिंह, डॉ. फरहीन बानो, डॉ. आकाश वेद, डॉ. आयुष श्रीवास्तव, डॉ. मनोज कुमार, सुनील पाण्डेय सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## आरडीएसओ में लगा शिकायत निवारण शिविर




**लखनऊ।** आरडीएसओ द्वारा भ्रष्टाचार निवारण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 27 अक्टूबर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस सप्ताह के अंतर्गत अनुसंधान भवन, आरडीएसओ में सेवा संबंधी विषयों एवं रेलवे आवास से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु एक शिकायत निवारण शिविर आयोजित किया गया। आरडीएसओ के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने इस शिविर में भाग लेकर अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर कार्मिक विभाग के प्रतिनिधियों सहित सतर्कता टीम के सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने कर्मचारियों से संवाद किया। प्रत्येक प्रतिभागी को परामर्श दिया गया तथा उनकी उचित शिकायतों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।यह आयोजन आरडीएसओ की पारदर्शिता एवं जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करता है।

## सभी जोन में डेलीगेट्स की हुई नियुक्ति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में होने जा रहे टैलेंट हंट प्रोग्राम को और अधिक प्रभावी और सुचारू ढंग से चलाने के लिए उत्तर प्रदेश के सभी जोन में एक-एक डेलीगेट्स की और नियुक्ति की गई है।

## श्रीलंका में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में शामिल होंगे शिक्षक

**लखनऊ।** साबरगमुवा यूनिवर्सिटी कोलंबो श्रीलंका में 6,7 नवंबर को होने वाले अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में पेपर प्रेजेंट करने और हिस्सा लेने लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज की शिक्षिका डॉ. अल्पना बाजपेई, राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ अनिल कुमार मिश्रा, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ गणेश शंकर पांडेय 4 नवंबर को जा रहे हैं। भारत का 42 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल इस सेमिनार में शामिल होने जा रहा है।

## लविवि में प्रवेश के लिए पंजीकरण आज से

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने महाविद्यालयों और छात्र संगठनों की मांग को देखते हुए दो दिन के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय रजिस्ट्रेशन नम्बर (एलयूआरएन) खोल दिया है। यह पोर्टल 2 नवम्बर से 3 नवम्बर रात 12 बजे तक के लिए खोला गया है। इसकी जानकारी देते हुए प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि यह पंजीकरण का अंतिम मौका है। लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए एलयूआरएन पंजीकरण अनिवार्य होगा। लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट ६६६.''ङ्क.४ळ५ू.ल पर समर्थ पोर्टल का लिंक एलयूआरएन पंजीकरण के लिए उपलब्ध है, इसी के द्वारा एलयूआरएन पंजीकरण करना अनिवार्य है।

## भाषा विवि में परीक्षा पोर्टल 5 तक रहेगा खुला

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में परीक्षा फार्म भरने के लिए एक बार फिर पोर्टल खोल दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक विकास ने बताया कि परीक्षा पोर्टल 5 नवम्बर तक खुला रहेगा। जिन छात्र-छात्राओं ने अभी तक परीक्षा फार्म नहीं भरा है उनके लिए यह अंतिम मौका है यदि इसके बाद भी विद्यार्थी परीक्षा फार्म नहीं भर पाते है तो इसकी जिम्मेदारी उनकी स्वयं होगी।

# एकेटीयू में नवाचार और उद्यमिता की योजनाओं से प्रभावित हुआ विदेशी प्रतिनिधिमंडल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शनिवार को सुषमा स्वराज विदेश संस्थान, विदेश मंत्रालय के 22 देशों 48 विदेशी सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय में युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं, अनुसंधान और प्रशिक्षण कार्यक्रम ही जानकारी प्राप्त की। सबसे पहले प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब पहुंचा। यहां विदेशी मेहमानों को प्रदेश के युवाओं और छात्रों को नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गयी। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के विभिन्न अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और सुविधाओं का अवलोकन किया। जिनमें आइडिया लैब, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन लैब, साइबर सिक्योरिटी लैब, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब शामिल रही। इसके अलावा कलाम इनक्यूबेशन सेंटर भी पहुंचे। इन सभी केंद्रों और लैब्स में छात्रों, शोधकताओं और स्टार्टअप्स द्वारा किए जा रहे अनुसंधान और नवाचार को देखा गया। इसके अतिरिक्त प्रश्नद्दउत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय की नवाचार, स्टार्टअप समर्थन, प्रशिक्षण और अनुसंधान गतिविधियों से जुड़े प्रश्न पूछे और अधिकारियों द्वारा उनके विस्तृत उत्तर प्रदान किए गए। इस दौरे से न केवल अंतरराष्ट्रीय सहयोग के अवसर बढ़ेंगे बल्कि भारत में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

डीन इनोवेशन एंड सोशल एंटरप्रेन्योरशिप डॉ. बीएन मिश्रा ने प्रतिनिधिमंडल के समक्ष विश्वविद्यालय की अनुसंधान, नवाचार और स्टार्टअप गतिविधियों एवं स्टार्टअप समर्थन पहलों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. राजवी कुमार, कुलसचिव रीना सिंह, वित्त अधिकारी केशव सिंह, प्रो. अनुराग त्रिपाठी, एसोसिएट डीन इनोवेशन डॉ. अनुज कुमार शर्मा, हेड इनोवेशन हब महीप सिंह, मैनेजर इनोवेशन हब वंदना शर्मा, असिस्टेंट मैनेजर इनक्यूबेशन अनुराग त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एलपीएस साउथ सिटी शाखा रहीं ओवर ऑल विजेता



**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन) की सेक्टर-आई शाखा में आयोजित यूफोरिया-2025 अंर्तशाखा प्रतियोगिता रचनात्मकता, संस्कृति और तकनीकी नवाचार का अनुपम संगम रही। आठों शाखाओं से आये 500 से अधिक प्रतिभागियों ने 21 विधाओं में अपनी सृजनात्मक दक्षता का प्रदर्शन किया, जिसने परिसर को उत्सवमय बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशिका डॉ. रश्मि पाठक द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर सेक्टर-आई ब्रांच के प्रिंसिपल आरके सिंह, रायबरेली ब्रांच के प्रिंसिपल अमित पाठक, साउथ सिटी ब्रांच के प्रिंसिपल प्रमोद कुमार सिंह सहित सभी शाखाओं के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ. पाठक ने कहा, यूफोरिया केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि लखनऊ पब्लिक स्कूल परिवार की सामूहिक रचनात्मकता, नवाचार और सीखने की प्रक्रिया का उत्सव है। प्रतियोगिता परिणाम में तीव्र प्रतिस्पर्धा के बीच साउथ सिटी ब्रांच ने ओवरऑल चैम्पियनशिप जीतकर अपनी उत्कृष्टता का परचम फहराया, जबकि रायबरेली ब्रांच दूसरे और सेक्टर-डी ब्रांच तीसरे स्थान पर रही।

वहीं, श्रेणीवार विजेता में आर्ट एंड डिजाइन में एलपीएस साउथ सिटी शाखा, कॉमर्स एंड बिजनेस में एलपीएस सेक्टर-आई एवं जानकीपुरम शाखा, साइंस एंड नॉलेज में एलपीएस रायबरेली शाखा, कल्चरल एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स में एलपीएस साउथ सिटी, लिटरेचर एंड परफॉर्मेंस में एलपीएस साउथ सिटी और टेक इनोवेशन एंड मल्टीमीडिया में एलपीएस अंसल रहे। यूफोरिया-2025 के सबसे चर्चित इवेंट्स में से एक रहा एआई मीमफेस्ट, जिसमें छात्रों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और व्यंग्य का बेहतरीन संगम प्रस्तुत किया। मीम्स के माध्यम से तकनीकी समझ, सामाजिक दृष्टिकोण और हास्य की सटीक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साउथ सिटी शाखा के दिग्विजय सिंह व दिव्यांशु पटेल विजेता रहे। रायबरेली शाखा से कार्तिकेय सिंह, और अंश सिंह की टीम ने दूसरा स्थान पाया। सेक्टर डी शाखा की

अभिनव सिंह और कौतुभ पटेल की टीम तीसरे स्थान पर रही। इन छात्रों ने रचनात्मकता और तकनीक का ऐसा मेल प्रस्तुत किया, जिसने निर्णायकों को प्रभावित किया और दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी।

# संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल में हरिओम द्विवेदी बने राष्ट्रीय वरिष्ठ सचिव

विशेष संवाददाता (vol)

● राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुड़िया निगम को संगठन से निष्कासित

**लखनऊ।** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक लखनऊ-कानपुर रोड पर संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से हरिओम दिवेदी को राष्ट्रीय वरिष्ठ सचिव, वंश अग्रवाल को जिला सचिव, शुभम कनौजिया को लखनऊ नगर प्रचार मंत्री, रामकुमार को संरक्षक आलमबाग, निधि सिंह को संयुक्त मंत्री इंदिरानगर, सौरभ कुमार विश्वकर्मा को संगठन मंत्री, मनोनीत किया गया।


बैठक में कानपुर रोड क्षेत्र के बड़ी संख्या में व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। चर्चा के दौरान व्यापारियों ने आलमबाग नहरिया चौराहे पर लगातार लगने वाले जाम की गंभीर समस्या उठाई। उन्होंने बताया कि यातायात अवरोध के कारण दुकानों पर माल आने-जाने में भारी कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं। पूरे प्रदेश भर में खुदरा व्यापार लगातार प्रभावित हो रहा है व्यापारियों को अपने कर्मचारियों की संख्या कम करनी पड़ रही है, जिससे बेरोजगारी में वृद्धि हो रही है।


वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुड़िया निगम को संगठन से निष्कासित कर दिया गया है।इस अवसर पर संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों में राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे, राष्ट्रीय संगठन मंत्री संदीप साहू, महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता गुप्ता, लखनऊ जिला प्रभारी परवीन मणि त्रिपाठी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नितिन सचान, आजाद नगर अध्यक्ष महेश चंद्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिल गुप्ता, अमन बाजपेई महेश चंद्रा सहित अनेक वरिष्ठ व्यापारीगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन व्यापारियों की समस्याओं को उत्तर प्रदेश सरकार तक मजबूती से पहुंचाएगा और उनके निस्तारण के लिए हर संभव प्रयास करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संगठन की एकजुटता से निश्चित रूप से व्यापारियों की समस्याओं का समाधान शीघ्र होगा।

# खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, जीवन का प्रशिक्षण है : डॉ. राजेश्वर

## 3 से शुरू होगी फुटबॉल टूर्नामेंट, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने निकाला ड्रा, फिक्स कीं टीमें

विशेष संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, यह जीवन का प्रशिक्षण है। यह अनुशासन, टीम भावना, सहयोग और आत्मविश्वास सिखाते हैं। जब युवा खेल मैदान में उतरते हैं, तो वे केवल जीतने नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की शक्ति प्राप्त करते हैं।₹ यह विचार सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने आशियाना स्थित आवास पर आयोजित सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग के 8वें चरण तथा सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाली की ड्रा एवं फिक्सचर मीट के अवसर पर व्यक्त किए।

शनिवार को विधायक के आशियाना आवास पर आयोजित ड्रा & फिक्सचर मीट में इंटर स्कूल & इंटर क्लब फुटबॉल टूनामेंट की टीमों के बीच मैचों का सेड्युल तय किया गया।

● खेल जातिवाद और भेदभाव से ऊपर उठकर एकता का संदेश देते हैं : डॉ. राजेश्वर सिंह

इस प्रतियोगिता में कुल 41 टीमें - इंटर स्कूल (22) एवं इंटर क्लब(19) हिस्सा ले रही हैं। फुटबॉल टूनामेंट का भव्य शुभारम्भ 03 नवम्बर को प्रातः 11:00 बजे, कानपुर रोड स्थित जय जगत पार्क में राज्य सभा सदस्य दिनेश शर्मा की उपस्थिति में किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने सभी का ध्यान देश की दो ज्वलंत समास्याओं - पहली बढती स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओ तथा समाज में तेजी से पैर पसार रही जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद की ओर इंगित करते हुए कहा कि, खेल लोगों को फिट रखने के साथ - साथ एकता, एकजुटता का सन्देश भी देते हैं। खेल हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे न केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाते हैं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण के लिए आवश्यक गुण भी विकसित करते हैं।

खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन, सम्मान और प्लेटफॉर्म प्रदान करने के उद्देश्य से सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग की शुरूआत तीन वर्ष पूर्व डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा की गई थी। आज यह लीग लखनऊ की सबसे बड़ी खेल प्रतिस्पर्धा बन चुकी है। अब तक इसके 7 चरणों के अंतर्गत क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल आदि खेलों के टूनामेंट्स सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से 10,000 से अधिक युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हुआ है।

इस अवसर पर भाजपा नेता शंकरी सिंह, मंडल अध्यक्ष विनोद मौर्य, शिव शंकर विश्वकर्मा, के.के. श्रीवास्तव, रमा शंकर त्रिपाठी, पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी, बृजमोहन शर्मा, राम नरेश रावत, सौरभ सिंह मोनू, कमलेश सिंह, संजीव अवस्थी, के.एन. सिंह, विमल तिवारी, मनोज रावत, हिमांशु अंबेडकर, कमलेश प्रताप सिंह, रीना उपाध्याय, शैलेंद्र सिंह, सुमन सिंह एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# चीफ ने डांटा तो कर्मचारी पहुंचा आईसीयू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लेसा सेन्ट्रल जोन में बाबू को प्रताड़ित करने पर शनिवार को बाबू की हालत खराब हो गई जिससे उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, ऐसे में यह बात कर्मचारियो को मालूम चली तो दर्जनो की संख्या में कर्मचारी मुख्य अभियंता कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन करने लगे / बाबू शौर्य द्विवेदी को लखनऊ के चरक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती करना पड़ा। शौर्य के माता पिता बेटे की इस हालत पर नाराज होकर बोले कि ऐसी नौकरी का क्या करना जिससे बच्चा इस हालात में पहुंच जाए। शौर्य का मामला नया नहीं है। अपने अधीनस्थ इंजीनियरों को मुर्गा बनाने के लेकर सस्पेंड करने और डिमोर्सन करने की चेतावनी देते वह मीटिंग में सुने जा सकते हैं।

शुक्रवार दोपहर में चीफ ने फोन कर शौर्य को काफी डांटा था। इसके बाद घबराहट में उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। साथी कर्मियों के अनुसार वह कांप रहा था जिसके कुछ देर में वह बेहोश हो गया। कर्मचारी उसे पहली मंजिल से उतार कर नीचे लाए और चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया। सांस लेने में दिक्कत के कारण डाक्टरों ने आईसीयू में रखा। जहां कुछ देर बाद उसकी तबियत में सुधार हुआ। शौर्य अभी भी अस्पताल में ही भर्ती है और वह सामान्य रूप से बोल नहीं पा रहा है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पूर्व चीफ ने अन्य लिपिक अरविन्द राव के साथ भी इसी प्रकार का व्यवहार किया था जिसके कारण अरविन्द कई दिनों तक तनाव में रहा।

इन घटनाओं को देखते हुए कर्मचारियों ने शनिवार को सेन्ट्रल जोन कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। काफी देर हुई नारेबाजी के बाद चीफ ने कर्मियों को वार्ता के लिए बुलाया। चीफ ने यह कहते हुए मामला हल्का करने की कोशिश की कि वह कर्मियों को अभिभावक के तौर पर डांटते हैं। हालांकि कर्मचारी इस बात को स्वीकार करने को तैयार नहीं हुए कि उनका व्यवहार अभिभावक के समान है।

संक्षेप

## चोरी की घटना का खुलासा न होने पर व्यापारियों में रोष

जनपद फतेहपुर के। छिवलहा कस्बे की घनी आबादी में रहने वाले शिव सनेही गुप्ता उर्फ बब्लू गुप्ता के यहां 30 अक्टूबर को अपराह्न 1 बजे से 6 बजे के मध्य अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर नगद व सोने चांदी के गहने जो लगभग 50 लाख रुपए के चोरी कर लिए पीड़ित परिवार ने पुलिस को सूचना देकर प्रथम सूचना दर्ज कराई परन्तु अभी तक किसी प्रकार का कोई खुलासा नहीं हुआ आज उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा व छिवलहा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष जियाउल हक के साथ पूरी टीम पीड़ित परिवार से मिली व उनके साथ न्याय पूर्ण कार्यवाही करवाने का आश्वासन दिया संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने कहा उपरोक्त घटना से व्यापारियों में रोष के साथ भय व्याप्त है विषय को लेकर दिनांक 3 नवम्बर को मा, पुलिस अधीक्षक से मिलकर घटना के खुलासे अपराधियों की गिरफ्तारी व चोरी गए समान व नगदी की बरामदगी की। मांग करेगा अवसर पर किशन मेहरोत्रा अनिल वर्मा जियाउल हक देवेन्द्र कुमार सोनी पुष्कर गुप्ता पवन गुप्ता विनय गुप्ता राजेन्द्र चौरसिया मोनू गुप्ता नीरज गुप्ता राम शंकर महेश गुप्ता राकेश गुप्ता प्रकाश सोनी रिंकू गुप्ता सहित अनेक स्थानीय व्यापारियों ने पीड़ित परिवार से मिलकर न्याय पूर्ण कार्यवाही किए जाने हेतु असश्रत कराया।

## रन फॉर यूनिटी का आयोजन

मौरावां, उन्नाव। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर रामनगरी में शुक्रवार को ह्यरन फॉर यूनिटीह्ल का आयोजन किया गया। जिसमे मौरावां पुलिस और स्कूली बच्चों ने रन फार यूनिटी में भाग लिया। मौरावां नगर पंचायत के विद्यालय के0एन0पी0एन0 इंटर कॉलेज के सामने एसएचओ मौरावां कुँवर बहादुर सिंह मौरावां थाने में तैनात कर्मियों के साथ पहुंचें। जहां से एसएचओ मौरावां कुँवर बहादुर सिंह की अगुवाई में के0एन0पी0एन0 इंटर कालेज के एनसीसी के छात्र व छात्रों तथा बी0के0एच0आर0 इंटर कॉलेज के छात्र छात्रों ने अपने अपने विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की अगुवाई में एन पी एन इंटर कॉलेज से राम पाल डिग्री कालेज तक रन फॉर यूनिटी में भाग लिया। बाबा मोतेश्वर मंदिर प्रांगण में एसएचओ मौरावां ने सरदार पटेल के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने हम लोगों को जोड़ा है और जो देश के छोटे-छोटे टुकड़ों में राज्यों में, प्रिंसली स्टेट्स में बटे हुए थे, उनको जोड़कर हमें इंडिया के रूप में आज खड़ा किया है। एसएचओ मौरावां के अतिरिक्त एसआई सुरेश कुमार, अमर चंद, सुरेंद्र कुमार यादव, धीरेंद्र सिंह, केसीएम सक्सेना, वंदना, अनुसुइया, राजननन्दनी, माधुरी, जोनिका सहित समस्त पुलिस कर्मी मौरावां, प्रधानाचार्य बीकेएचआर इंटर कॉलेज मौरावां बीरेंद्र कुमार, अध्यापक राम मिसाल, आरपी आर्या, कृष्ण कुमार, अनिल कुमार, शेष बरन, सुभाष, अमित आर्या, व केएनपीएन की प्रधानाचार्या के साथ पूरा स्टॉप उपस्थित रहा।

## सपा की मासिक बैठक में निष्क्रिय पदाधिकारी पर भड़के जिलाअध्यक्ष

फतेहपुर। आज समाजवादी पार्टी कार्यालय में शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार पूर्व से निर्धारित मासिक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें स्नातक मतदाता बनाए जाने और उन्हें जमा करने तथा इछअ बूथ लेवल एजेंट की समीक्षा की गई, बैठक की अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहां जिनकी जिम्मेदारी दी गई थी यदि वो काम नहीं कर रहे तो उनकी रिपोर्ट नेतृत्व से होगी तथा नए लोगों को जिम्मेदारी आवंटित की गई और 5 नवंबर तक कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए साथ ही नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ सोनू कोरी, व अल्पसंख्यक सभा जिला अध्यक्ष सलमान अहमद सदस्य जिला पंचायत एव पुनः पार्टी के प्रवक्ता नामित किए गए एड. जगदीश सिंह उर्फ जालिम सिंह का जिला अध्यक्ष ने माला पहना कर स्वागत सम्मान किया, बैठक का संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने किया बैठक में मुख्यरूप से सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, हुसैन गंज विधायक ऊषा मौर्या, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, दलजीत निषाद, राम तीरथ परमहंस, रीता प्रजापति, रत्नेश रत्ना, महेंद्र बहादुर सिंह बच्चा, पार्टी प्रवक्ता जगदीश सिंह, कुश वर्मा, नरेश उमराव, अनवर यादव, अनिरुद्ध यादव, सिया राम यादव, देवेंद्र लोधी, मनोज यादव, एड सुघर लाल यादव, डा अफसर अली, आदि लोग उपस्थित रहे।

# लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरण जल्द निपटायें



सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महोली में विधायक शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। वित्त मंत्रालय एवं भारतीय रिजर्व बैंक के ह्यआपकी पूंजी आपका अधिकारह्ल अभियान के अंतर्गत लीड बैंक, इंडियन बैंक के समन्वय में चयनित 7 लाभार्थियों को मा0 विधायक शशांक त्रिवेदी एवं जिलाधिकारी के कर-कमलों से अनक्लेम्ड डिपॉजिट के पुनर्जीवन प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी महोली देवेन्द्र कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील महोली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 88 शिकायतों में से 05 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील मिश्रिख में प्राप्त 62 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील लहरपुर में प्राप्त 45 प्रार्थना पत्रों में से 15, तहसील सदर में प्राप्त 12 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 72 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील बिसवां में प्राप्त 27 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील सिधौली में प्राप्त 75 प्रार्थना-पत्रों में से 11 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## डीएम ने चार्ज संभालते ही प्रशासनिक सख्ती का फूंका बिगुल

### बिना पूर्व सूचना और अनुमति के कोई भी राजस्व अधिकारी या कर्मचारी मुख्यालय नहीं छोड़ेगा

सीतपुर। सीतापुर में नवागत जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने चार्ज संभालते ही प्रशासनिक सख्ती का बिगुल फूंक दिया है।

बुधवार को पदभार ग्रहण करने के बाद डीएम ने सभी अधिकारियों को अनुशासन में रहने के सख्त निर्देश दिए हैं। शुक्रवार की देर रात डीएम ने आदेश जारी करते हुए कहा कि बिना पूर्व सूचना और अनुमति के कोई भी राजस्व अधिकारी या कर्मचारी मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। ऐसा करने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने स्पष्ट किया कि अवकाश के दिनों में भी अगर किसी अधिकारी या कर्मचारी को मुख्यालय से बाहर जाना है तो उसे इसकी पूर्व अनुमति लेनी होगी। साथ ही उन्होंने यह भी आदेश जारी किया है कि सभी अधिकारी अपने-अपने मुख्यालय पर ही निवास करें। ताकि किसी भी आपात स्थिति में उन्हें तुरंत संपर्क किया जा सके और प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाई जा सके। डीएम के इस आदेश के बाद जिले के सभी विभागों में हड़कंप मच गया है। कई विभागाध्यक्षों ने तत्काल अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को भी पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि वे मुख्यालय न छोड़ें और निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें। जिलाधिकारी का यह कदम शासन की मंशा के अनुरूप जिले में प्रशासनिक अनुशासन और जवाबदेही स्थापित करने के लिए उठाया गया है। अधिकारी वर्ग में चर्चा है कि नए डीएम अपने सख्त और संवेदनशील कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं और जिले में कार्य संस्कृति सुधारने के लिए वे शुरूआती दिनों से ही सक्रिय हो गए हैं।

# आग से प्रभावित परिवार को समाजसेवक ने पहुंचायी मदद



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र ग्राम पंचायत सराय मनिहार के प्रमोद कुमार अवस्थी पुत्र स्वर्गीय शिवकुमार के यहाँ अज्ञात कारणों से आग लग जाने से घर मे रखा अधिकांश सामान व खाने के लिए रखा। आनाज व दैनिक उपयोग की सामग्री आदि पूरा सामान जलकर राख हो गया है अचानक घर मे लगी आग से सब कुछ जलकर राख हो गया था, आर्थिक स्थिति कमजोर होने की जैसे ही सूचना पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को हुई तो उन्होंने मानवता के लिएं अपनी टीम के साथ अग्निपीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे व आर्थिक मदद देकर कहा कि भविष्य मे हम आपके सुख दुःख हर परिस्थिति मे साथ रहेंगे मदद पाकर परिजनों ने पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह का संकट की घड़ी मे साथ देने के लिये आभार ब्यक्त किया। इस मौके पर मुख्य रूप से ग्राम प्रधान प्रिंशु सिंह, बच्चा सिंह, शिवम यादव, राजकुमार, राघवेंद्र सिंह, लोटन पासवान सहित दर्जनो ग्राम वासी व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## लाइब्रेरी की सफाई के दौरान युवक घायल

सीतापुर। नैमिषारण्य कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक व्यक्ति आलोक एक खुली लाइब्रेरी की सफाई करते समय बिल्डिंग से नीचे गिर गया। पैर फिसलने से हुई इस घटना में आलोक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना ठाकुर नगर तिराहे पर स्थित लाइब्रेरी में हुई। युवक के छत से नीचे गिरने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें लापरवाही साफ दिख रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाइब्रेरी में सुरक्षा और स्वच्छता के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। बिल्डिंग के आसपास फिनिशिंग या सुरक्षा घेरा न होने से यहां आने वाले छात्रों के लिए भी खतरा बना हुआ है। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और लाइब्रेरी में आवश्यक सुरक्षा उपाय लागू करने की जल्द से जल्द मांग की है। घायल युवक का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है, लेकिन अभी तक कोई लिखित शिकायत (तहरीर) प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नेशनल हाईवे पर सीएनजी ऑटो पलटा, दो घायल

सीतापुर। सिधौली कोतवाली इलाके में नेशनल हाईवे पर महमूदाबाद चैराहा के निकट शनिवार को एक सीएनजी ऑटो और ई-रिक्शा में आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सीएनजी ऑटो पलट गया। हादसे में ऑटो सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के खानपुर गांव निवासी बालक राम 40 वर्ष और गौरव 17 वर्ष सहित लगभग छह लोग सीएनजी ऑटो से लखनऊ जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही ऑटो महमूदाबाद चैराहा के निकट पहुंचा, सामने से आ रहे एक ई-रिक्शा से उसकी टक्कर हो गई। जिससे ऑटो पलट गया और उसमें सवार सभी लोग गिर पड़े। स्थानीय राहगीरों ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली भेजा। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल बालक राम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि गौरव का इलाज सिधौली सीएचसी में जारी है।

## श्रद्धा और भक्ति के साथ विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने मनायी गोपाष्टमी

सीतापुर। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में गोपाष्टमी पर्व बड़ी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम नगर पालिका सीतापुर द्वारा संचालित बटगंज स्थित कान्हा गौशाला में आयोजित किया गया,



जहां कार्यकर्ताओं ने गोमाता की पूजा-अर्चना कर उन्हें फल, गुड़, केला और लड्डू खिलाकर सेवा की। गोपाष्टमी का पर्व हिंदू धर्म का प्रमुख उत्सव है, जो कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन नंद बाबा की आज्ञा से भगवान श्रीकृष्ण ने पहली बार गायों को चराने के लिए वन की ओर प्रस्थान किया था। इस अवसर पर श्रद्धालु गायों को विभिन्न वेशभूषा में सजाकर पूजा करते हैं, क्योंकि हिंदू धर्म में गाय में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास माना गया है। कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं ने गौशाला में उपस्थित सभी गायों का रोली, टीका और माला पहनाकर पूजन किया। इस अवसर पर प्रांत धर्म प्रसार प्रमुख विपुल सिंह, विभाग मंत्री उत्तम सिंह, तथा जिला कार्याध्यक्ष प्रमोद सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में गौ संरक्षण और सेवा का संकल्प दोहराया तथा समाज से भी गोमाता की सेवा में आगे आने का आह्वान किया।

# समाधान दिवस में 102 शिकायतें में आठ का निस्तारण



जिला संवाददाता(vol)

फतेहपुर। सदर तहसील के सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनता की शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्वक निस्तारण सुनिश्चित करना थाजिलाधिकारी ने राजस्व विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतों का समयसीमा के भीतर उचित समाधान करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी-पत्र कर्मचारी शिकायतकताओं से मौके पर मिलकर उनकी बात सुनें और समस्या का निस्तारण निष्पक्ष और शीघ्रता से करें। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी समय पर शिकायत न सुलझाए तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।इस दिन कुल 102 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 8 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया जबकि बाकी को संबंधित विभागों को भेजकर उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि वे शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र गरीब व्यक्तियों तक पहुंचाएं और किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतें। उन्होंने कहा कि शिकायतकताओं की संतुष्टि ही इस दिवस का प्राथमिक लक्ष्य है।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, पुलिस क्षेत्राधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, तहसीलदार और राजस्व व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। यह आयोजन जन शिकायतों के सुचारु निस्तारण और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्व माना गया।संपूर्ण समाधान दिवस का महत्व यह है कि यह उसी दिन या निर्धारित समय के भीतर जन समस्याओं के समाधान को सुनिश्चित करता है, जिससे जनता प्रशासन पर विश्वास बनाए रखती है। प्रशासनिक स्तर पर शिकायतों कोतथा संबंधित विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण के लिए जिम्मेदार होते हैं। यदि शिकायत का तत्काल समाधान संभव न हो तो जांच करके कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। इस प्रकार के आयोजन से प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ती है।इस मॉडल के तहत जिलाधिकारी के निदेर्शों में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि पर विशेष बल दिया जाता है, साथ ही अधिकारी व कर्मचारी समयबद्धता और सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं, ऐसे आदेश भी दिए जाते हैं। मिलकर न्याय पूर्ण कार्यवाही किए जाने हेतु असश्वत कराया।

# भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

फतेहपुर। सिद्धपीठ श्रीमोटेश्वर महादेव मंदिर में श्री विष्णु लक्ष्मी जी का 8वां स्थापना दिवस और भंडारा धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में भक्तों



ने गीत संगीत के साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। इसके बाद आयोजित भंडारे में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

मोटेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित भंडारा देर शाम तक चला।कार्यक्रम के आयोजक जेल पर्यवेक्षक विपिन बिहारी शरण ने बताया कि मोटे महादेवन मंदिर में सन 2017 में श्री विष्णु तथा लक्ष्मी जी की मूर्ति स्थापित की गई थी जिसका वार्षिकोत्सव मोटे महादेवन मंदिर में सुंदरकांड व भंडारे के साथ कराया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व न्याय मंत्री राधेश्याम गुप्ता, नगर पालिका के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम, आचार्य विमला कांत आचार्य रवि शंकर मिश्रा, जयप्रकाश सिद्धराज गिरजा शंकर श्रीवास्तव नमामि गंगे के जिला संयोजक शैलेंद्र शरण सिंपल, अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार गुप्त भाजपा नेता राम प्रताप सिंह, कुलदीप भदोरिया संतोष सिंह राजू, विनोद शरण गुप्ता अमिताभ बिहारी शरण सुरेंद्र पाठक विनय फौजी, सुशील फौजी, आशीष मिश्रा अभिषेक सैनी आदि रहे।

# सपा के प्रदेश सचिव ने मृतक के घर पहुंच परिजनों को सांत्वना दी



हिलौली, उन्नाव। थाना क्षेत्र के नया खेड़ा अकोहरी निवासी युवक अर्जुन लोधी के घर आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव गिरधारी लाल लोधी पहुंचे, उन्होंने पीड़ित परिजनों को सांत्वना देते हुए घटना की जानकारी ली जिसके बाद जिले के कप्तान से वार्ता कर आर्थिक मदद व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग किया साथ ही मौरावां थाना क्षेत्र के गांवों में कच्ची शराब पर लगाम लगाने की मांग किया। बताते चलें कि बीती 22 की सुबह अर्जुन लोधी की मौत हो गई थी जिसमें परिजनों व पत्नी ने बताया था कि उसके पति अर्जुन की पीट पीट कर लच्छी खेड़ा गांव के पिता पुत्रो ने अपने घर पर हत्या करके शव को घसीट कर घर से थोड़ी दूर पर डाल दिया था। जिसमें बाद में पिता पुत्रो पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। आज इसी सिलसिले में प्रदेश सचिव गिरधारी लाल लोधी मृतक की मां और पत्नी से मिलकर सांत्वना दिया और हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।

# रुक्मिणी हरण, श्रीकृष्ण विवाह व ब्रज के फूलों की होली ने मोहा मन

सफीपुर, उन्नाव। नगर के बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में चल रही सात दिवसीय कृष्णलीला का समापन शुक्रवार को भव्य रूप में हुआ।



समापन दिवस पर रुक्मिणी हरण, श्रीकृष्ण विवाह और ब्रज की लट्ठमार व फूलों की होली के मनोहारी प्रसंगों का सजीव मंचन हुआ। वृंदावन से पधारे ख्याति प्राप्त रसाचार्य परम पूज्य स्वामी देवकीनंदन जी महाराज के निर्देशन में आए प्रसिद्ध कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। लीला आयोजक घनश्याम गुप्ता व कमेटी सदस्यों ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रुक्मिणी हरण प्रसंग में दिखाया गया कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण को ही अपना पति मान लिया था। किन्तु उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह शिशुपाल से तय कर दिया। रुक्मिणी के अनुरोध पर श्रीकृष्ण विदर्भ पहुंचे और माता पार्वती के मंदिर से उनका हरण कर विवाह संपन्न किया। भगवान श्रीकृष्ण की बारात मोटेश्वर महादेव मंदिर से गाजे-बाजे के साथ निकाली गई, जिसे देखकर नगरवासी ह्लजय श्रीकृष्ण !ह्व के उद्घोष में झूम उठे। लीला के दूसरे दृश्य में बरसाने की लट्ठमार और फूलों की होली का मनोरम दृश्य प्रस्तुत हुआ। श्रीराधा रानी की सखियों और श्रीकृष्ण के ग्वालबालों के बीच रंगों और लाठियों की होली ने वातावरण को आनंदमय बना दिया। अंत में जब फूलों की होली खेली गई तो पूरा वातावरण पुष्पवर्षा से सराबोर हो गया। भक्तगण खुशी से झूमते हुए राधे कृष्णा के जयकारे लगाने लगे।

# डीएम, एसपी ने सुनी फरियादियों की शिकायत




जिला संवाददाता

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। तहसील क्षेत्र के छेदीलाल निवासी ग्राम सीतारामखेड़ा मजरा लऊवा सिघनखेड़ा परगना मौरावां तहसील पुरवा जिला उन्नाव ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि हम सभी काश्तकार एवं संक्रमणीय भूमिधर है पीड़ित के खेतों को जाने के लिये चकमार्ग भूमि सं० 1812 रकबा 0.0430 हे० को आस पास के काश्तकारों ने जोतकर अपने खेतो में मिला लिया है। जिससे आस पास के काश्तकारों को अपने खेतों में कृषि हेतु सामान ले जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

इस समस्या को डीएम ने गम्भीरता पूर्वक सुनकर तत्काल सम्बन्धित को कार्यवाही करनें के निर्देश दिए सभी की समस्या को अधिकारियों ने बारी बारी से सुनकर सभी सम्बंधित को तय समय पर निस्तारण करने के भी निर्देश दिए इसी क्रम में तहसील के लेखपाल प्रशान्त पांडे को डिजिटल क्राप सर्वे के लिए प्रशस्ति पत्र देकर डीएम ने सम्मानित किया, अन्य महिला लेखपाल को भी अच्छे कार्य के लिए सम्मानित किया और श्रीलाल पुत्र बुद्धा, मेवा लाल पुत्र रघुराज निवासी कटाव को कुम्हारी कला के लिए डीएम एसपी एसडीएम नायब तहसीलदार ने भी इन्हें प्रोत्साहित किया। कुल शिकायत 99 दर्ज की गई। जिसमे राजस्व 72, पुलिस 17, विकास 4, विद्युत 3, अन्य 3 विभागों से सम्बंधित रही जिसमें 9 का मौके पर निस्तारण किया गया। मौके पर मनीष द्विवेदी तहसीलदार, नीरज चतुवेर्दी नायब तहसीलदार व पुरवा के खंड विकास अधिकारी सन्तोंष कुमार श्रीवास्तव सीओ पुरवा, तीनो असोहा, मौरावां, पुरवा के थाना प्रभारी, राजस्व कानून गो व लेखपाल सहित अन्य विभागों के अधिकारियों, आबकारी इंस्पेक्टर निशांत सिंह, सहित तहसील के कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# यातायात नियमों का पालन कर हम स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं : डीएम

## डीएम व एसपी ने यातायात माह नवम्बर का फीता काटकर किया शुभारम्भ





जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने सिविल लाइन स्थित महिला थाना सीतापुर के निकट आयोजित कार्यक्रम में यातायात माह नवम्बर 2025 का फीता काटकर शुभारम्भ किया।

आमजनमानस को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरुक करने व सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से आयोजित यातायात माह के शुभारंभ के अवसर पर यातायात जागरुकता हेतु प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बिना हेलमेट के वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किये गये तथा भविष्य में सदैव हेलमेट के प्रयोग हेतु जागरूक भी किया गया। इस अवसर पर यातायात जागरूकता हेतु पम्पलेट का अनावरण किया गया एवं आमजनमानस में वितरित भी कराया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने सभी को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए वाहन पर सवार सभी व्यक्तियों को सीट बेल्ट व हेलमेट प्रयोग करने एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करके हम स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग गति सीमा में वाहन चलायें जिससे दुर्घटनाओं में कमी हो सके। इस अवसर पर



पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने स्पीड लिमिट बनाये रखने व पुलिस-प्रशासन द्वारा यातायात नियमों के पालन हेतु निरंतर किये जा रहे प्रयासों एवं आग्रह को सुनने के साथ उनके पालन करने का संकल्प लेने हेतु प्रोत्साहित करते हुए आमजनमानस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने की स्थिति में उनके प्रति नियमानुसार कार्यवाही के विषय में बताया। इसी क्रम में समस्त अधिकारियों द्वारा स्वयं के जीवन को खतरे में न डालने व यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गयी एवं बिना हेलमेट के मोटर वाहन चला रहे लोगों को रोककर उन्हें हेलमेट प्रदान करते हुए हेलमेट लगाने की अपील की गयी। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी विनायक भोसले, प्रभारी निरीक्षक यातायात फरीद अहमद व व्यापार मंडल के पदाधिकारी शोभित टंडन, भगवती गुप्ता व अन्य मौजूद रहे।

संक्षेप

## एसडीएम पर अभद्रता के आरोप भ्रामक, निराधार

बांदा। चकबंदी लेखपाल के अधिकार क्षेत्र से हटकर शिकायत का पटाक्षेप करने को लेकर उप जिलाधिकारी नरैनी ने जवाब मांगा था। इस पर वह एसडीएम को संतोषजनक जवाब नही दे सके और शिकायती प्रार्थना पत्र में आख्या लगाने से इनकार किया।इस पर उप जिलाधिकारी अमित शुक्ला ने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लेखपाल को निर्देश दिए। इसी से नाराज होकर चकबंदी लेखपाल ने सोशल मीडिया व समाचार पत्रों के माध्यम से निराधार भ्रामक तथ्य फैलाए। एसडीएम ने जारी प्रेस नोट में कहा है कि अनुपम शुक्ला पुत्र राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला निवासी पथरा ने गांव के ही अंबिका प्रसाद आदि के मकान निर्माण में अवरोध पैदा किए जाने के बारे में शिकायती पत्र दिए थे। यह गांव चकंबदी प्रक्रिया के अंतर्गत होने के कारण प्रकरण की जांच क्षेत्रीय नायब तहसीलदार व सहायक चकबंदी अधिकारी से कराई गयी। जांच में विवादित भूमि गांव की सघन आबादी के अंतर्गत है और चकबंदी प्रक्रिया के अंतर्गत आबादी क्षेत्र चकबंदी प्रक्रिया से बाहर होता है। लेखपाल की कारगुजारी के चलते मौके पर शांति व कानून व्यवस्था भंग होने की स्थिति पैदा हुई। इसी के चलते एसडीएम ने हस्तक्षेप किया लेकिन चकबंदी लेखपाल ने इसे मीडिया में भ्रामक तरीके से फैलाया और एसडीएम पर अभद्रता का आरोप लगाया। मामले की जांच रिपोर्ट एसडीएम ने उच्चाधिकारियों को भेजी है।

## पुलिस में भर्ती कराने के नाम पर ठगी

अयोध्या। नगर कोतवाली में में पुलिस में भर्ती कराने के नाम पर ठगी का मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। पीड़ित बस्ती जिले के छावनी थाना क्षेत्र स्थित कोतवालपुरअनिवासी सूरज शर्मा का कहना है कि कुछ दिन पूर्व सिद्धार्थ निषाद पुत्र विजय निषाद निवासी बरहज थाना पटेल नगर जनपद देवरिया ने उनके कोतवाली नगर क्षेत्र के देवनगर नवीनमंडी स्थित डिजिटल लाइब्रेरी में एडमिशन लिया था।

खुद को दिल्ली में एनआईए का सब इंस्पेक्टर तैनात बताया और उत्तर प्रदेश पुलिस में बड़े अधिकारियों से पहचान का वास्ता देकर हेड कांस्टेबल के पद पर भर्ती कराने का झांसा देकर उनसे कुल 72 हजार रुपए ठग लिया। फर्जी पुलिस की आईडी और नेम प्लेट भी दिया और डीजीपी कार्यालय के पास भी ले गया।

# जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जायेंगेः डीएम

जिला संवाददाता

ललितपुर। जनशिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दृष्टिगत शनिवार को नवागंतुक जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सदर तहसील में आयोजित अपने पहले सम्पूर्ण समाधान दिवस में जहां मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए जनशिकायतों का निस्तारण कराया, तो वहीं लापरवाह अधिकारियों को कड़े रुख में फटकार

**● प्रतिस्थानी भेजकर अनुपस्थित रहने वाले 7 अधिकारियों का स्पष्टीकरण किया तलब**

भी लगाई। जिलाधिकारी ने साफ शब्दों में कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जायेंगे। डीएम ने एसडीएम सदर को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिस्थानीय भेजकर अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेते हुए एक दिन का वेतन रोका जाए।

इसमें एक्सईएन राजघाट निर्माण खण्ड, एक्सईएन विद्युत शहरी एवं ग्रामीण, उपायुक्त उद्योग, रोजगार सहायता अधिकारी, पर्यटक अधिकारी एवं जिला क्रीड़ाधिकारी की अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण तलब करते हुए कारण बताने के निर्देश दिये गए। डीएम ने अतिक्रमण व अवैध कब्जों के मामलों में राजस्व व पुलिस अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर शिकायतों का निस्तारण कराकर अवगत कराने के निर्देश दिये। कहा कि अधिकारी निस्तारण के दौरान स्वयं मौके पर मौजूद रहकर ही निस्तारण करायें।

इसके अलावा कोई भी अधिकारी बिना हमारी अनुमति के मुख्यालय छोड़कर नहीं जायेगा, इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान एसपी मो.मुश्ताक, सीडीओ शेषनाथ चैहान, डीएफओ गौतम सिंह, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, एसडीएम सदर मनीष कुमार, डीडीओ अतिरंजन सिंह, पीडी डीआरडीए दीपक यादव, डीएसओ उमेशचन्द्र मिश्रा, डीआईओएस ओमप्रकाश सिंह, प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल, डीआईओ, डीपीओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुणवत्तापूर्ण हो शिकायतों का निस्तारणः सीडीओ



बांदा। तहसील नरैनी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस में विकास, पुलिस, विद्युत, एवं अन्य विभागों से संबंधित कुल 66 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें कई शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्ता निस्तारण तथा समयबद्धता के साथ करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे, अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेंद्र, उप जिलाधिकारी अमित शुक्ला, तहसीलदार, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने अधिकारियों को समस्याओं के बारे में बताया। अधिकारियों ने कुछ मामलों को मौके पर ही अधीनस्थों को निर्देशित कर निस्तारित किया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की टीमें गठित की गयीं। मुख्य विकास अधिकारी ने अधीनस्थों से कहा कि जमीन संबंधी विवादों का निस्तारण करने के लिए मौके पर जाकर जांच करने के पश्चात निस्तारित करें।

## प्राथमिक विद्यालय विघाखेत में एमडीएम की सामग्री चोरी

ललितपुर। प्राथमिक विद्यालय विघाखेत में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस सम्बन्ध में इंचार्ज प्रधानाध्यापिका ने अमरपुर मण्डी चैकी पुलिस को तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करायी है। मूल रूप से मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी अंतर्गत थाना भौंती पिछोर के ग्राम महोबा निवासी ज्योति राजा पत्नी अरूण प्रताप सिंह चैहान ने बताया कि वह प्राथमिक विद्यालय विघाखेत में इंचार्ज प्रधानाध्यापिका पद पर तैनात हैं। बताया कि 29 अक्टूबर को वह विद्यालय के सारे ताले बंद करके घर चली गयी थी। इसके बाद 30 अक्टूबर को जब वह सुबह 8.40 बजे विद्यालय पहुंची तो देखा कि विद्यालय के सभी ताले टूटे पड़े हैं और विद्यालय के अंदर रखी हुई मध्याह्न भोजन की सामग्री में गैस चूल्हा, सिलेण्डर, कुर्सियां, स्मार्ट क्लास की टी.वी., म्यूजिक सिस्टम आदि चोरी हो गया है। इसके अलावा विद्यालय में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र से 2 बोरियां पोषाहार, वजन मशीन, स्टेशनरी का सामान भी चोरी हो गया। इसके अलावा उन्होंने कई सामान चोरी होने की बात कही। पुलिस ने इं.प्रा.अ. की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मिशन शक्ति ने छात्रों को साइबर अपराधों की दी जानकारी

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम ने शहर के जीआईसी स्कूल में जागरुकता अभियान चलाकर छात्रों को साइबर अपराधों व जुलाई-2024 से लागू तीन नए कानूनों के महत्वपूर्ण प्रावधानों के बारें में जानकारी दी। नवीनतम तरीके से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से टीम ने जानकारी दी। जिसमें केवाईसी अपडेट के नाम पर फर्जी कॉल्स या लिंक भेजकर उपयोगकताओं से उनकी निजी और बैंकिंग डिटेल्स मांगी जाती हैं। ओटीपी फ्रॉड जिसमें कॉल या मैसेज के जरिए उपयोगकताओं से ओटीपी लेकर उनके बैंक खातों से पैसे ट्रांसफर कर लिए जाते हैं। यूपीआई स्कैम जिसमें यूपीआई पेमेंट लिंक या क्यूआर कोड स्कैन कराकर खातों से राशि चुरा लेने, सोशल मीडिया हैकिंग जिसमें सोशल मीडिया अकाउंट्स को हैक कर उनसे फर्जी संदेश भेजकर लोगों से पैसे मंगवाने, फर्जी कॉल्स जिसमें खुद को बैंक अधिकारी, पुलिस या किसी प्रतिष्ठित संस्था का प्रतिनिधि बताकर ठगी करने, फिशिंग ईमेल्स जिसमें आकर्षक ऑफर्स या नौकरी के नाम पर ईमेल भेजकर यूजर्स की निजी जानकारी लेना आदि प्रकार के साइबर अपराधों के बारें में जानकारी दी गई। 1 जुलाई 2024 से लागू हुए तीनो नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के महत्त्वपूर्ण प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत, पत्नी की हालत चिंताजनक



अफजलगढ़, बिजनौर। नेशनल हाइवे पर पीली नदी के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली टक्कर में बाइक की सवार व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि पत्नी गंभीर घायल हो गयी। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजने के बाद कार्रवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अफजलगढ थाना क्षेत्र के भिक्कावाला निवासी गुरदीप सिंह (35 वर्ष) पुत्र सतनाम सिंह गुरुवार अपनी पत्नी सरबजीत कौर के साथ बाइक से अपनी सास की मौत होने पर आरिष्टि में शामिल होने उत्तराखण्ड के केलाखेड़ा उधम सिंह नगर गया था। बीती शाम वापस आते समय रेहड़ से पहले पीली नदी के निकट बाइक सामने से आ रहे किसी अनियंत्रित वाहन को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गयी। दुर्घटना में गुरदीप सिंह की मौके पर मौत हो गयी जबकि पत्नी सरबजीत कौर गम्भीर घायल हो गयी। दुर्घटना के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर घायल को सीएचसी अफजलगढ़ पर भर्ती कराया। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है आरोपी वाहन पुलिस के कब्जे में है।

## हर मानव के अंदर, बाहर निवास करता है सत्यः माता सुदीक्षा



बांदा। निरंकारी संत समागम में सतगुरू माता सुदीक्षा ने कहा कि आत्ममंथन एक भीतर की यात्रा है। इसे केवल चंचल मन और बुद्धि के स्तर पर नहीं तय किया जा सकता। इसके लिए अपने अंदर आध्यात्मिक रूप में मंथन करने की जरूरत है। 31 अक्तूबर से 3 नवंबर तक आयोजित होने वाले 78वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के पहले दिन पूरे भारतवर्ष एवं विदेशों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होकर समागम का भरपूर आनंद प्राप्त कर रहे हैं। सतगुरु माता ने कहा कि हर मानव के अंदर और बाहर एक सत्य निवास करता है, जो स्थिर और शाश्वत है। इसी सत्य को पहले जानना होगा। जब मनुष्य को हर किसी के अंदर इस सत्य का दर्शन होगा तो फिर उसके मन में सबके प्रति प्रेम का भाव उत्पन्न होगा। वास्तव में परमात्मा ने मनुष्य को इस तरह ही बनाया है जिससे उसके मन में प्रेम भाव की प्राथमिकता हो, लेकिन अज्ञानता के कारण मनुष्य एक-दूसरे से नफरत करने के कारण ढूंढ लेता है। उन्होने संसार के लिए कामना की, कि मनुष्य मानवता की राह पर चलें, अंदर से खुद का सुधार करते चले जाएं ताकि सुधार का दायरा बढ़ते हुए पुरे संसार में सुधार हो सके और अमन एवं भाईचारे का वातावरण स्थापित हो सके। सतगुरु माता एवं निरंकारी राजपिता का स्वागत निरंकारी इंस्टिट्यूट ऑफ म्यूजिक एण्ड आर्टस, एनआईएमए के छात्रों ने भरत नाट्यम एवं स्वागत गीत से किया। इस दौरान विभिन्न संस्कृतियों के भक्त जाति, धर्म, भाषा को भुलाकर केवल प्रेमाभक्ति में सराबोर दिखे।

# नियमों का पालन कर सभ्य समाज के निर्माण में दें योगदान



बांदा। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और लोगों को यातायात नियमों का पालन, जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को ह्ययातायात सुरक्षा जागरूकता माह का शहर के खूंटी तिराहा रामलीला मैदान से मण्डलायुक्त अजीत कुमार व पुलिस उपमहानिरीक्षकी राजेश एस0 ने यातायात माह नवम्बर का शुभारम्भ किया। यातायात जागरुकता माह पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक

**● आयुक्त, डीआईजी ने किया यातायात माह का शुभारंभ**

शिवराज के मार्गदर्शन व सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी यातायात मेविस टॉक के नेतृत्व में सभी विभागों से समन्वय कर व्यापक जागरुकता अभियान चलाया जायेगा। जागरुकता अभियान के जरिए लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया जायेगा, जिसमें बिना ड्राइविंग लाइसेन्स के वाहन न चलाने, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाने, ओवर स्पीड में वाहन न चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा अपनी लेन में चलने के बारे में जागरुक किया जायेगा। इस दौरान बिना हेलमेट लगाये दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किये गये और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने यातायात जागरुकता रैली निकाली। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कहा कि जिस प्रकार क्रिकेट के खिलाड़ी बिना जोखिम लिए खेलते समय हेलमेट का प्रयोग कर दुर्घटना को रोकते हैं उसी प्रकार वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग दुर्घटना के समय हमारे शरीर के मुख्य अंग सिर को आघात से सुरक्षा प्रदान करता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिवर्ष तकरीबन दो लाख से अधिक लोगों की दुःखद मृत्यु हो जाती है, जो किसी भी अन्य आपदा से होने वाली घटनाओं से कई गुना अधिक है। लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरुक किया जायेगा यदि फिर भी लोग यातायात नियमों का पालन नहीं करते तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पीयूष कुमार पाण्डेय, पीटीओ रामसुमेर यादव, एआरएम मुकेश बाबू, यातायात प्रभारी संजय कुमार मिश्रा, मास्टर ट्रेनर पीयूष मिश्रा, यातायात जागरुकता समिति के सदस्य सुनील सक्सेना मौजूद रहे।

## पुलिस ने नगर में पैदल मार्च कर व्यापारियों को नये कानूनों के बारे में दी जानकारी




नगीना, बिजनौर। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगीना अंजनी कुमार द्वारा पुलिस बल के साथ नगीना नगर में नए आपराधिक कानूनों की दृष्टिगत पैदल मार्च किया। इस मौके पर उन्होनें आम नागरिकों व व्यापारियों को नये कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान पुलिस द्वारा नागरिको को कानून का पालन करने एवं अपने अधिकारों व दायित्वों के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रेरित भी किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के पर्यवेक्षण में नगीना क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार एवं थाना प्रभारी अवनीत मान द्वारा नगर के व्यापारियों व नगरवासियों से कानून का सम्मान करने, कानून संबंधी जानकारी दूसरों तक पहुँचाने एवं अपराध के प्रति सजग रहने की अपील भी की गई।

## यातायात माह नवम्बर 2025 का शुभारंभ



महोबा। 01 नवंबर 2025 को जनपद में यातायात माह नवम्बर 2025 का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं पत्रकारों की उपस्थिति रही। अपने उद्घाटन संबोधन में पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या चिंता का विषय है। इसमें कमी लाने के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे। यदि हम सभी यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी जागरूक करें, तो दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यातायात माह के दौरान जनपद के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग, निबंध लेखन प्रतियोगिता सहित अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने कहा कि यातायात अनुशासन केवल नियम नहीं बल्कि जीवन की सुरक्षा का संकल्प है। यदि हर व्यक्ति थोड़ी सी जिम्मेदारी दिखाए तो हम अनमोल जिंदगियाँ बचा सकते हैं। इस अवसर पर एआरटीओ दयाशंकर, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी के द्वारा सम्मानित पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की प्रधानाचार्या सरगम खरे व ज्योति सिंह द्वारा भी यातायात सुरक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए गए। इस मौके पर आर आई शिवकुमार, प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम और एसपी ने किया यातायात माह नवम्बर 2025 का शुभारम्भ



ललितपुर। आज शनिवार 1 नवम्बर को यातायात माह नवम्बर-2025 का शुभारंभ हुआ। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शासन के निदेर्शानुसार नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाधिकारी सत्यप्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा घण्टाघर से यातायात रैली के दौरान प्रतिभागियों को यातायात जागरुकता के विषय में सम्बोधित करते हुए, हरी झण्डी दिखाकर यातायात माह नवम्बर-2025 का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित शहर के सभ्रान्त नागरिकों एवं जागरुक आम नागरिकों से शहर की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व

**● जागरूकता रैली को किया गया रवाना**

सुगम बनाने के लिए मंच के सम्बोधन के माध्यम से सुझाव जाने गए, जिसमें अनेक लोगों ने अपने-अपने सुझाव देते हुए इसके लिए दूसरों को जिम्मेदार बताया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने अपने सम्बोधन में यातायात नियमों का पालन करने एवं अपने हिस्से की जिम्मेदारी का निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था पर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने वालों को आईना दिखाते हुए कहा कि जब हम दूसरे की ओर एक अंगुली उठाते हैं तो तीन अंगुली हमारी ओर होती हैं, इसलिए हम अपने शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ व सुगम बनाने के लिए एक जागरुक नागरिक की जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और अपने आसपास के लोगों को जागरुक करते हुए उनसे पालन करायें ताकि प्रशासन को प्रथक दृष्टया किसी के विरुद्ध कोई कार्यवाही न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि इसके लिए पहले हम शहर के व्यापारियों, दुकानदारों, रेहड़ी पटरी वालों एवं शहर के सभ्रान्त नागरिकों से वार्ता कर उनसे स्वयं समाधान मांगा जायेगा और तेजी से उस पर कार्य किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने आज ही उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित सम्बंधित अधिकारियों की संयुक्त समिति बना दी है, जो शहर का भ्रमण कर सम्बंधित लोगों से वार्ता कर समाधान प्रस्तुत करेगी। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से आम जनमानस में यातायात नियमों का पालन सम्बन्धी जागरूकता जैसे सीट बेल्टध्हेलमेट पहनना, ओवर स्पीड में गाडी न चलाना, यातायात के संकेतों का उल्लंघन न करना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन,ईयर फोन आदि का प्रयोग न करना, नशे, नींद की हालत में वाहन न चलाने आदि के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों के प्रति जागरुक रहकर उनका अक्षरशः पालन करने की उपस्थित सम्मानित आम जनमानस से अपेक्षा की गयी। अभिभावको से अपील की गयी कि वह अपने नाबालिग बच्चो को दो पहिया, चार पहिया वाहन का प्रयोग न करने दें। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं व्यापारी नेता मनमोहन जड़िया ने भी यातायात व्यवस्था को सुधारने के उपाय इस मौके पर रखे।यातायात माह का शुभारम्भ 1 नवम्बर 2025 से किया जा रहा है जो कि 30 नवम्बर 2025 तक चलेगा, माह भर यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जायेगा। सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु आयोजित इस यातायात जागरूकता कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य अग्निशमन अधिकारी तबारक हुसैन, सूचना अधिकारी डीएस दयाल, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चंद्र, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अनुराग अवस्थी, यातायात प्रभारी आलोक तिवारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी,कर्मचारीगण एवं जागरूक व्यक्ति मौजूद रहे।

## अंजुमन गुनचे-ए-मजलूमिया की हुई बैठक

अयोध्या। अंजुमनगुनचे-ए-मजलूमिया फैजाबाद की सालाना बैठक आयोजित की गई। बैठक का आगाज तिलावत-ए-कुरआन-ए-पाक से हुआ। बैठक की सदारत मौलाना मोहम्मद हसनैन और शादाब हुसैन ने संयुक्त रूप से की। संचालन का कार्य भी मोहम्मद हसनैन द्वारा किया गया।

अंजुमन के पदाधिकारियों के चुनाव में सर्वसम्मति से श्री कामिल हसनैन को लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुना गया। वहीं जिओ हैदर को सचिव (सेक्रेटरी) नियुक्त किया गया। बैठक में अंजुमन की गतिविधियों की समीक्षा की गई और आगामी वर्ष के कार्यक्रमों पर भी विचार-विमर्श हुआ। अंत में दुआ-ए-खैर के साथ बैठक समाप्त हुई।

## फंदे से लटका मिला अधिकारी का शव

अयोध्या। पूराकलंदर थाना क्षेत्र स्थित केएम शुगर मिल मसौधा में एक आला अधिकारी का शव उनके कमरे में फंदे से लटका मिला है। पत्नी की ओर से जिला अस्पताल पहुंचाए जाने पर डाक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मसौधा चीनी मिल में लगभग बीस वर्षों से उपमहाप्रबंधक इंस्ट्रूमेंट पद पर तैनात हमीरपुर जिले के मोदहा निवासी 52 वर्षीय मुकेश सुहाने हृदय रोग से पीड़ित थे। गुरुवार की शाम को परिवार के साथ खा-पीकर सोए थे और सुबह उठकर नाश्ता किया। उसके बाद फिर कमरे में जाकर बिस्तर पर लेट गये। वह छत के हुक से गमछा के फंदे से लटके हैं। मामले की खबर पर मिल प्रशासन में हलचल मच गई,आनन-फानन में उनको जिला अस्पताल पहुंचाया गया,जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल गुगरवारा पहुंचा



ललितपुर। विगत दिनों थाना बानपुर के ग्राम पंचायत गुगरवारा में जमीनी विवाद में दबंगों द्वारा दलित परिवार के साथ जमकर मारपीट कर दी गई थी, जिसमें पीड़ित परिवार श्रीमती गीता अहिरवार और उनके परिवार के सदस्यों को गंभीर चोटें आईं। पुलिस

**● पीड़ित दलित परिवार का हाल जाना**

द्वारा एफ आई आर दर्ज भी कर ली गई थी आज कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद बृजलाल खबरी के नेतृत्व मे कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित पक्ष के साथ बैठकर उनकी वास्तविकता को जाना। इस दौरान चैकी प्रभारी अनुज कुमार एवं एलआईयू टीम भी मौजूद रही। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई करने को कहा साथ ही पीड़ित पक्ष की जमीन पर प्रशासन द्वारा टीम गठित करके कब्जा दाखिल करने के लिए कहा। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुधांशु त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस राकेश रजक एड, पीसीसी बहादुर अहिरवार एड, मुन्ना खां,कुलदीप यादव,अजय प्रताप तोमर, ई सुनील अहिरवार, महेंद्र पनारी, दीपक बौद्ध आदि शामिल रहे।

# श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर श्रद्धा के साथ निकाली प्रभात फेरी



नगीना, बिजनौर। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष मे गुरुद्वारा संत सभा नगीना द्वारा नगर मे पांचवीं प्रभात फेरी सभी संगतों के सहयोग से बड़ी ही श्रद्धा के साथ निकाली गई। प्रभात फेरी का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष मे पांचवी प्रभात फेरी गुरुद्वारा संत सभा से प्रातः 5:50 बजे से प्रारंभ होकर स्टेशन रोड, तुलाराम रेस्टोरेंट, रोडवेज बस स्टैंड, चित्तौड़गढ़ पुलिस चैकी होते हुए आजाद कॉलोनी स्थित बीबी गुरचरण कौर तथा आजाद कॉलोनी ही स्थित जगमोहन सिंह के निवास गई। प्रभात फेरी का दोनों परिवारों द्वारा फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। प्रभात फेरी मार्ग में भी कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया गया। दोनों निवासो पर शब्द कीर्तन अरदास एवं मिष्ठान प्रसाद वितरण के बाद वापस गुरुद्वारे आकर पूर्ण हुई। प्रभात फेरी में पूरे मार्ग पर संगतों द्वारा किए गए गुरबाणी कीर्तन एवं वाहेगुरु नाम के जय कारों के साथ नगर का वातावरण भक्ति मय हो गया। प्रभातफेरी में मुख्य रूप से प्रधान गुरुद्वारा संत सभा नगीना सरदार केवल पाल सिंह, ज्ञानी भाई कृष्ण सिंह, भाई तारा सिंह, एड अमीर सिंह, हरमीत मल्होत्रा, मनमीत सिंह, जगप्रीत सिंह, चेतन सचदेवा, शिवा मिगलानी, मनोज टंडन, दीपक मल्होत्रा, हरदयाल सिंह सोढ़ी, दयाराम, कुशदीप सिंह, रमिंदर कौर, अवनीत कौर, अजीत कौर, जगमोहन सिंह, अरुण शर्मा, सचिन कुमार, कय्यूम राइन समेत अनेकों श्रद्धालु शामिल रहे। इस उपलक्ष में 03 नवम्बर को को गुरुद्वारा दीवान हाल में श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ किए जाएंगे एंव 05 नवम्बर को श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा संत सभा नगीना में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

## नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के अभियुक्त को 10 साल की कैद, 50 हजार का जुर्माना

बिजनौर। अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रकाश चंद्र शुक्ला ने नाबालिग किशारी से दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त उज्ज्वल को दोषी ठहराते हुए 10 साल के कठोर कारावास व पचास हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।अपर जिला शासकीय अधिवक्ता योगेन्द्र सिंह के अनुसार थाना हल्दौर में एक व्यक्ति ने 14 जनवरी 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा था कि उसकी नाबालिग पुत्री ट्यूशन पढ़ने के लिए गई थी। तभी पूर्व में उसके साथ पढ़ने वाला आरोपी उज्ज्वल निवासी गांव शफीपुर हीरा बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोपी ने उसी दौरान उसकी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया, तथा इसके बाद भी शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया था। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रकाश चंद्र शुक्ला ने अपर जिला शासकीय अधिवक्ता योगेन्द्र सिंह की दलील सुनने के बाद दुष्कर्म के अभियुक्त उज्जवल दोषी मानते हुए 10 साल के कठोर कारावास व पचास हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## किस्सागोई का आयोजन आज

अयोध्या। काकोरी एक्शन शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत रविवार 2 नवंबर को किस्सागोई का अद्भुत आयोजन अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान की तरफ से किया गया है। नारायण दास खत्री मेमोरियल ट्रस्ट निकट होटल में किस्सागो इप्टा के साथी शहजाद रिजवी तथा फरजाना महंदी अशफाक उल्ला खां के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से करेंगे। संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने बताया कि आयोजन अपराह्न 2 बजें से किया गया है। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य लोग तथा बुद्धिजीवी, पत्रकार आमंत्रित किए गए हैं।

संक्षेप

## 50 हजार का इनामी मुठभेड़ में घायल

मेरठ। पुलिस से हुई मुठभेड़ में गोली लगने से 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश घायल हो गया। बदमाश के कब्जे से अवैध पिस्टल, कारतूस और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की गयी है। नगर पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह ने शनिवार को बताया कि दौराला थाना पुलिस और स्वॉट टीम शुक्रवार रात संयुक्त रूप से काली नदी पुल के पास जांच कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल पर तेज रफ्तार से आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोकने का इशारा किया, तो उसने बाइक मोड़कर भागने की कोशिश की और पुलिस दल पर गोली चला दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी गोलीबारी की, जिसमें एक गोली बदमाश के बाएं पैर में लगी। घायल बदमाश को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया और उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस के अनुसार, घायल बदमाश की पहचान मुजम्मिल (25) पुत्र शकील निवासी अहमद नगर, थाना लिसाड़ी गेट, मेरठ के रूप में हुई है। उसके कब्जे से एक .32 बोर की अवैध पिस्टल, दो खोखा, एक कारतूस और बिना नंबर की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई है, जिसका चैसिस नंबर घिसा हुआ पाया गया। नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह कार्रवाई अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई है।

## कृषि विभाग के गलत रिपोर्ट से किसान असंतुष्ट

शाहगंज/सोनभद्र। घोरावल तहसील क्षेत्र में चक्रवात मोंथा तूफान के असर और भारी बरसात से धान आदि की फसल बर्बाद हो गयी है। खेत तथा खलिहान में फसल सुरक्षित नहीं है। ज्यादातर धान की खड़ी फसलेंगिर जाने और खेत में बरसाती पानी भरने के कारण सढ़ रही है। यां तककि पककर तैयार शेष खड़ी धान की फसलों में अब अंकुर भी आने लगे है। इससे किसानों में चिन्ता दिखने लगी है। इस सम्बन्ध में ढुटेर गांव के प्रगतिशील किसान रघुनाथ प्रसाद सिंह ने शनिवार को बपनी पीड़ा बंया करते हुए बताया कि बेमौसम बरसात से फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। इसको लेकर किसानों में मायूसीदिख रही है। शासन के निर्देश पर कहीं-कहीं कृषि विभाग के कर्मचारी सर्वे कर क्षति का आकंलन केवल 15 फीसदी ही लगा रहे है। यह रिपोर्ट पूरी तरह गलत और झूठा है। जबकि हकीकम यह है कि तमाम जगहों पर सौ से लेर पचास फीसदी तक धान की फसल बर्बाद हुई है। इससे किसानों की कमर टूट गई है। ऐसे में कैसे चलेगी घर गृहस्थी और कैसे होगी कर्जी अदायगी। इस तरह की मौसम की मार पहली बार देखने को मिल रही है। ऐसी दशा में कृषकों ने इस ओर शासन-प्रशान का ध्यानाकृष्ट कराते हुए कृषि विभाग के पन्द्रह फीसदी फसल क्षति के रिपोर्ट को खारिज कर जिम्मेदार उच्चाधिकारियों की निगरानी में सर्वे कराकर धान की नुकसान हुई फसल का उचित मुआवजा दिये जाने की मांग की है। जिससे सम्बन्धित किसानों को कुछ राहत मिल सके। किसानों ने सूबे के मुख्यमंत्री से भी इस सम्बन्ध में गुहार लगाते हुय सहयोग की अपेक्षा की है।

# विधायक व एसपी ने किया यातायात माह का शुभारंभ



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। 01 नवम्बर 2025 को यातायात माह नवम्बर 2025 का शुभारम्भ रामलीला मैदान, रॉबर्ट्सगंज से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे तथा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे को पुष्पगुच्छ एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि यह हमारी संवेदनशीलता और अनुशासन का प्रतीक है। एक क्षण की लापरवाही किसी परिवार की ज़िंदगी बदल सकती है। अतः हर नागरिक को चाहिए कि सड़क पर स्वयं की सुरक्षा के साथ दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखे तभी हमारा जनपद सुरक्षित यातायात की मिसाल बनेगा।सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत नागरिकों को जागरूक करते हुए यह अपील की गई कि वाहन चलाते समय नशे का सेवन न करें। तेज रफ्तार में वाहन न चलाएं और निर्धारित गति सीमा का पालन करें। रॉन्ग साइड या ओवरटेकिंग से परहेज करें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। नाबालिग बच्चों को वाहन न दें, यह न केवल कानूनन अपराध है बल्कि उनकी सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। मोबाइल फोन का प्रयोग वाहन चलाते समय न करने को जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे एवं पुलिस अधीक्षक ने हरी झण्डी दिखाकर यातायात जागरूकता रैली को रवाना किया। यह रैली रामलीला मैदान से प्रारम्भ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई गुजरी। रैली में विमला देवी इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हाथों में स्लोगन व बैनर लेकर नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया।

## पर्यटकों के लिए फिर खुला दुधवा बाघ अभयारण्य

लखीमपुर खीरी। दुधवा बाघ अभयारण्य (डीटीआर) के दरवाजे शीतकालीन सत्र के तहत शनिवार को पर्यटकों के लिये खोलदिये गये। उत्तर प्रदेश के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने इसकी शुरुआत की। आमतौर पर डीटीआर को शीतकालीन सत्र के तहत 15 नवंबर को खोला जाता था, लेकिन इस बार इसे एक नवंबर को ही खोल दिया गया है। मंत्री सक्सेना ने डीटीआर को जल्दी खोले जाने को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से पर्यटकों के लिए दीपावली का उपहार बताया। हालांकि इस बार पर्यटकों को डीटीआर में घूमने के लिए ज्यादा शुल्क देना होगा। दुधवा बाघ संरक्षण फाउंडेशन (डीटीसीएफ) के शासी निकाय ने शुक्रवार शाम को एक बैठक में शुल्क वृद्धि का फैसला लिया। डीटीआर में प्रति व्यक्ति प्रवेश शुल्क 200 रुपये से बढ़ाकर 250 रुपये कर दिया गया है। गैंडा विचरण क्षेत्र में भ्रमण शुल्क 150 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये कर दिया गया है और कैमरा शुल्क 100 रुपये से दोगुना करके 200 रुपये कर दिया गया है।

## समाधान दिवस पर 77 शिकायतें आयीं

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर के मुख्य पाटन स्थित जनसभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी कृति राज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस के दौरान कुल 77 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 5 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने पिछले सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करने के बाद आए हुए फरियादियों की एक-एक समस्या सुनी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन मामलों में स्थल निरीक्षण



आवश्यक है, उनमें संयुक्त रूप से मौके पर जाकर निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। समाधान दिवस में विभागवार प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग के 53, विकास विभाग के 4, पुलिस विभाग के 14 तथा अन्य विभागों के 6 प्रार्थना पत्र शामिल रहे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह, तहसीलदार गणेश सिंह, नायब तहसीलदार विजय रंजन, क्षेत्राधिकारी मधुप नाथ मिश्रा, राजस्व लेखपाल, कानूनगो एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पंचकुंडीय विराट रुद्र महायज्ञ के पांचवें दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा को उमड़ी भीड़

अयोध्या। नंदीग्राम भरतकुंड में शनिवार को पांचवें दिन पंचकुंडीय विराट रुद्र महायज्ञ में यज्ञ मंडप की परिक्रमा को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी जा रही है। इस दौरान जयकारे से समूचा यज्ञ स्थल गुंजायमान रहा। प्रतिदिन चलने वाले विशाल



भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के यज्ञाध्यक्ष भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि मणिराम छावनी रामजन्मभूमि अयोध्या के महंत कमल नयन दास जी महाराज के आशीर्वाद से पंचकुंडीय विराट रूद्र महायज चल रहा है। आचार्यगण गोपालधर द्विवेदी, राजेश कुमार पाठक, हरिओम द्विवेदी, राजेश तिवारी, रेवती तिवारी, रामपूजन मिश्र , योगेश तिवारी, कौशल तिवारी व निर्भय शुक्ला द्वारा पंचकुंडीय विराट रूद्र महायज्ञ एवं पूजन कराया जा रहा है। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी जा रही है। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। इस दौरान समूचा यज्ञ स्थल जयकारे से गुंजायमान हो गया। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भिखारी बाबा ने बताया कि जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट के संरक्षक एवं रसड़ा बलिया विधायक उमाशंकर सिंह ने मुहैया कराया है। इनके द्वारा वर्ष 2009 से हर यज्ञ कार्यक्रम में सहयोग किया जाता है। इसी प्रकार कई सहयोगी दान दाता हैं, जिनके सहयोग से कार्यक्रम सफल होता है। महंत परमात्मा दास जी महाराज, सम्पूणानंद जी, बजरंग दल अयोध्या के जिला संयोजक सूर्यकांत पांडेय, मुख्य यजमान चोपड़ा चेनराज, कमला शंकर पांडेय, पवन मिश्र, ओम नरायन पांडेय, अक्षत मिश्र, रमाकांत पांडेय, विनोद जायसवाल, पवन कुमार तिवारी, पवन मिश्र, राघवेंद्र पांडेय, शुभराम महाराज, राजेंद्र महाराज, रामखेलावन, खुशहाल मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## मानस मेले के तृतीय दिवस की शुरुआत श्रीराम कथा से



सीतापुर। अखिल भारतीय श्रीरामचरित मानस समिति, सीतापुर के तत्वावधान में आयोजित सप्तदिवसीय मानस मेला का आज तृतीय दिवस उत्साह, भक्ति और आध्यात्मिक माहौल के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन शहीद पार्क, लालबाग, सीतापुर में किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सुबह यज्ञाचार्य श्री ब्रजेंद्राचार्य जी एवं सहयोगी आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ हवन प्रारंभ कराया गया। इसके बाद मंचीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने काव्यपाठ और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनसे वातावरण भक्तिमय बन गया। भागवताचार्य पंडित निर्देश मिश्र जी ने दोपहर में श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। मध्यान काल में श्री अयोध्या धाम से पधारी परम्विदुषी देवी अनुराधा सरस्वती जी ने श्रीरामकथा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह 88 हजार ऋषियों की धरती है, यहाँ आना ही अपने आप में पुण्य प्राप्ति के समान है। श्रीरामचरित्र का वर्णन तब तक पूर्ण नहीं होता जब तक सीता जी के चरणों में बैठकर कथा न कही जाए। आज मुझे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि मैं सीता जी की नगरी में भगवान श्रीराम की कथा कह रही हूँ।ह्व उन्होंने आगे कहा कि भगवान श्रीराम का चरित्र मानव जीवन के आदर्श और आचरण की शिक्षा देता है, जिसे अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बना सकता है।

### 5 नवम्बर तक चलेगा मानस मेला

कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष विश्वंभर तिवारी ने देवी अनुराधा सरस्वती जी का स्वागत करते हुए बताया कि मानस मेला 5 नवम्बर तक प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा। प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से यज्ञ-हवन एवं पूजन, दोपहर 12 बजे से श्रीमद्भागवत कथा, और अपराह्न 3 बजे से श्रीरामकथा का आयोजन होगा। कार्यक्रम के संयोजक कन्हैया लाल शुक्ल, राजकुमार शुक्ल, नगर अध्यक्ष पंकज पांडेय, कमलेश पांडेय, शिवगोपाल बाजपेयी, रामप्रकाश पांडेय, दिनेश मिश्र, सुषमा त्रिवेदी, आयुषी पांडेय, पूनम चतुवेर्दी, डॉ. वेदप्रकाश त्रिपाठी, महिपाल सिंह चैहान, विनीत त्रिवेदी, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, भानु प्रकाश चतुवेर्दी और झनकार नाथ शुक्ल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। यातायात माह नवम्बर 2025 का शुभारम्भ, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने दिखाई हरी झण्डी

## कांग्रेस जनों ने सरदार पटेल, इन्दिरा गांधी व आचार्य नरेन्द्र देव को किया याद

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जनपद मुख्यालय स्थित शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर शुक्रवार को पुर्व प्रधानमंत्री स्व0 इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि, पुर्व गृहमंत्री सरदार पटेल की 150वी जयंती एवं आचार्य नरेन्द्र देव जयंती, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद की अध्यक्षता में मनाई गई।

शहर अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद एवं प्रदेश सचिव जितेंद्र कुमार पासवान ने इंदिरा गांधी एवं सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया, इस दौरान इंदिरा जी एवं पटेल जी को नमन करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम लोगो को इनके में आचरण को आत्मसात करने की आवश्यकता है, पुर्व शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी एवं जिला उपाध्यक्ष हाजी नूर उद्दीन खां ने इंदिरा गांधी के कुशल नेतृत्व और निर्णयों की प्रसंशा करते हुए कहा कि इन्दिरा जी को आयरन लेडी कहा गया, उन्होंने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिया। जिला उपाध्यक्ष प्रवक्ता कन्हैया लाल पाण्डेय एवं आर0 टी0 आई0 चेयरमैन कांत मिश्र ने सरदार पटेल के व्यक्ति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पटेल जी 562 रियासतों को भारतीय संघ में मिलवाया और देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सरदार पटेल ने भारत के पहले गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया और देश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया उनकी नेतृत्व क्षमता और कूटनीति ने देश को एकजुट करने में मदद की और उन्हें भारत का लौह पुरुष कहा जाता है।

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर हमें उनके आदर्शों और विचारों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव मंजू देवी, राबर्ट्सगंज ब्लाक अध्यक्ष अमरेश देव पाण्डेय शहर उपाध्यक्ष शंकर लाल भारती पुर्व अध्यक्ष चोपन स्वतन्त्र साहनी, अमिताभ सहीत बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में 36 जनशिकायतें आयीं , 3 का हुआ निस्तारण

जिला संवाददाता(vol)

- शेष 33 मामलों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश संबंधितों को दिए

दुद्धी, सोनभद्र। शनिवार को दुद्धी तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम वागिश शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।इस दौरान भूमि विवाद सहित अन्य मामलों के कुल 36 जनशिकायती पत्र आये जिसमें 2 मामले का निस्तारण मौके पर तथा 1 मामलें का निस्तारण टीम द्वारा किया गया। शेष 33 मामलों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश संबंधितों को दिए गए। दोपहर करीब 12 बजे एडीएम तहसील समाधान दिवस से चले गए।

एसडीएम निखिल यादव ने कहा कि फरियादियों के शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही संबंधित विभाग के अधिकारी ना करे अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें।

इस मौके पर एडिशनल एसपी टी एन टी, सीओ राजेश कुमार राय, तहसीलदार अंजनी गुप्ता,नायब तहसीलदार ओपी सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार,बीडीओ दुद्धी राम विशाल चौरसिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल में विजिलेंस वॉकथान का आयोजन




सोनभद्र। सतर्कता जागरूकता सप्ताह (टॉ) 2025 के अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा नगर परिसर में एक उत्साहपूर्ण शिविजिलेंस वॉकथॉनश का आयोजन किया गया। इस आयोजन में एनटीपीसी कर्मचारियों, उनके परिवारजनों तथा सीआईएसएफ के जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वॉकथॉन का शुभारंभ सरवेश्वरी मंदिर से हुआ तथा इसका समापन उमंग भवन में हुआ। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने सतर्कता-हमारी साझा जिम्मेदारी विषयवस्तु के अनुरूप भ्रष्टाचार-मुक्त भारत एवं देशभक्ति से ओतप्रोत नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल के मुख्य महाप्रबंधक संजीब कुमार साहा ने वरिष्ठ अधिकारियों ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), अतिन कुंडू, महाप्रबंधक (परियोजना), डॉ. बी. के. भराली, महाप्रबंधक(चिकित्सा), देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ) एवं राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) के साथ नेतृत्व करते हुए कर्मचारियों को ईमानदारी एवं पारदर्शिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने एक मानव श्रृंखला बनाकर एकजुटता एवं सत्यनिष्ठा के संकल्प का प्रदर्शन किया, जो यह संदेश देता है कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से ही भ्रष्टाचार-मुक्त भारत का निर्माण संभव है।

## विज्ञान प्रदर्शनी व अभिभावक सम्मेलन में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

सुलतानपुर (वीओएल)। सेंट जोसेफ ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, धम्मौर के प्रांगण में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी व अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक प्रोजेक्ट और वर्किंग मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के मैनेजर चंद्र भान यादव, प्रधानाचार्य गौरव यादव, अकाउंटेंट वैभव यादव, समस्त स्टाफ तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं में प्रेम नारायण, श्याम बहादुर, राजकुमार, अजय विक्रम सिंह, राम कलप, मोहम्मद असलम, डॉ. एफ्तेखार, निशा गुप्ता सहित सैकड़ों अभिभावकों की उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। बच्चों द्वारा बनाए गए ऑटोमैटिक रोड लाइट, स्मार्ट सिटी विद ऑटोमैटिक सिस्टम, लेजर लाइट सिक्योरिटी सिस्टम, एयर प्यूरीफायर, हाइड्रोलिक ब्रिज जैसे तकनीकी मॉडलों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अभिभावक अत्यंत प्रभावित दिखे। अभिभावकों ने अपने बच्चों की प्रतिभा देखकर गर्व महसूस किया और विद्यालय की ओर से ऐसे आयोजनों की सराहना की। विज्ञान प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों में विज्ञान व सामाजिक विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ ही समस्या-समाधान कौशल, रचनात्मक सोच और संचार क्षमता को भी प्रोत्साहित किया। शिक्षकों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

# भगवान का हृदय है भारत :स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती

जिला संवाददाता






उन्नाव। सुमेरपर छांछीराईखेड़ा स्थित लोटस कान्वेंट स्कूल में बैसवाड़ा ब्राह्मण उत्थान समिति के बैनर तले देवोत्थानी एकादशी के अवसर पर चतुर्दश विश्व वैदिक सम्मेलन और सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया, जिसमें शास्त्रोक्त विधि से 104 बटुकों का उपनयन संस्कार किया गया और उन्हें गायत्री मंत्र की दीक्षा प्रदान की गई।

नागपुर, महाराष्ट्र से पधारे स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती ने यज्ञोपवीत धारण करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में उपवास,उपनयन और उपासना काबहुत महत्व है। भगवान के पास वास करना उपवास है जबकि भगवान की ओर दृष्टि ही उपनयन संस्कार है। भगवान के नजदीक बैठना उपासना है। अध्यात्म की यात्रा गत्वा अर्थात जाने से शुरू होती है। प्यासे को नदी के पास जाना होता है। शिष्य को गुरु के पास जाना होता है। गीता का पहला अध्याय ही विषाद योग है। बिना विषाद के जीवन में भगवान का प्रसाद नहीं मिलता। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने से सभी धर्मों को छोड़कर अपनी शरण में आने की बात कही है। उन्होंने कहा कि सनातनधर्मी धर्म को धारण करता है। भारत धर्म की भूमि है। भगवान का हृदय है। भारत भूमि का गौरव है। गुरु विवेक दृष्टि देता है। उन्होंने बटुकों को उपदेश देते हुए कहा कि आपका उपनयन हो गया, अब आपके नयन ईश्वरोन्मुख होने चाहिए। उपनयन संस्कार ब्राह्मण को ब्राह्मण बनाने का उपक्रम है। धर्म के काम में शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए।भगवान भूपति है,भगवान श्रीपति है। ब्राह्मण में ब्रह्मबल का होना अति आवश्यक है। मानव शरीर जन्म जन्मांतर की तपस्या का परिणाम है। वैसे भी जाति, आयुष्य और भोग किसी के वश में नहीं है। ब्राह्मण का दायित्व विश्व कल्याण करना है। विश्व वसुधा को परिवार बनाए रखना है। इसलिए हमें ब्रह्म तेज को भी प्राप्त करने का सतत प्रयास करना चाहिए।

- समाज के मन को बदलने का काम करता है संत : संजय विनायक जोशी
- जिसे कर्तव्य का बोध नहीं ,वही खतरे में : स्वामी सिद्धेश्वर आनंद गिरी
- लोटस कान्वेंट स्कूल में 104 बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार

वरिष्ठ भाजपा नेता संजय विनायक जोशी ने कहा कि नेता और संतों में अंतर होता है। नेता सामाजिक और भौतिक समस्याओं का समाधान करता है लेकिन संत समाज के मन को बदलने का काम करता है।गायत्री साधना से हम सूर्य से ऊर्जा प्राप्त करते हैं।और अपने साथ ही समाज के उत्थान में सहायक होते हैं। समाज रचना में जो भी ज्ञान की साधना करते हैं,वे सभी ब्राह्मण हैं। इसलिए सभी को देश समाज के विकास की जिम्मेदारी लेनी होगी। यह दायित्व अकेले विप्रों पर छोड़ना ठीक नहीं है। इस अवसर पर राजधानी लखनऊ से पधारे जूना अखाड़ा के संत सिद्धेश्वर आनंद गिरी ने कहा कि आज की तिथि में जनेऊ केवल धागा बन गया है। इसे केवल सूत्र न मानें। अधिकांश लोग अक्सर कहते रहते हैं कि ब्राह्मण खतरे में है। हिन्दू खतरे में हैं। ऐसा नहीं है,जिसे अपने कर्तव्य का बोध नहीं है,वही खतरे में है। लोग 200 ग्राम का आभूषण धारण कर लेते हैं लेकिन 2 ग्राम का यज्ञोपवीत धारण नहीं करते हैं। अगले साल क्षत्रियों और वैश्यों का भी उपनयन संस्कार कराने की भी उन्होंने सलाह दी। इस अवसर पर बैसवाड़ा ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बटुक भारतीय संस्कारो के प्रतीक हैं।उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि इस साल 2000 बटुकों के उपनयन संस्कार का आंकड़ा पूरा हो जाएगा लेकिन कुछ बटुकों के मुंडन संस्कार न करने की वजह से ऐसा नहीं हो पाया। कार्यक्रम में बालगोविंद द्विवेदी ,डॉ. प्रेम शंकर मिश्र, कमलाकांत त्रिवेदी को शिक्षारत्न सम्मान,स ंजय विनायक जोशी,के. के. शुक्ल और अम्बिका शुक्ल को ब्राह्मण गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। इस अवसर आशीष शुक्ला रिंकू, दिलीप वाजपेयी, गोविंद नारायण शुक्ल, एमएलसी राज बहादुर सिंह चंदेल, अंकित परिहार, राहुल सिंह, योगेश वाजपेयी, संजय शुक्ला, विकास मिश्र, शीबू निगम, सियाराम पांडेय 'शांत', अशोक मिश्र, स्वामी ब्रह्मात्मानंद सरस्वती, विनोद त्रिपाठी, जयद वाजपेयी और मनोज पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल पटवध का किये औचक निरीक्षण



सोनभद्र ।जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने शनिवार को इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल पटवध का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान स्कूल में अध्यनरत्न बच्चों से सीधा संवाद किये उन्होने इस दौरान कक्षा एक में अध्यनरत्न छात्रा-छात्राओं से क ख ग व ।ठब्क भी सुने जिसमें में से एक बच्चा। नहीं सुना पाया जिस पर जिलाधिकारी ने शिक्षक सत्यप्रकाश सहायक अध्यापक को निर्देशित किये कि बच्चों को शिक्षा बेहतर तरिके से दी जाये कुछ बच्चें स्कूल ड्रेस नहीं पहने थे जिस पर जिलाधिकारी ने अध्यापक को निर्देशित किया कि बच्चे स्कूल में ड्रेस पहनकर आये।

उन्होनें विद्यालय में मीडे मील में बनाये जा रहे खाने की गुणवत्ता को भी देखे और अध्यापक को निर्देशित कियें कि निर्धारित मीनू के अनुसार ही विद्यालय में भोजन बनाया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में रंगाई-पोताई के कार्य के सम्बन्ध में जानकारी ली तो सहायक अध्यापक द्वारा बताया गया कि 23 हजार प्रथम किश्त के रूप में प्राप्त हुआ, लेकिन रंगाई-पोताई का कार्य नहीं कराया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नारजगी व्यक्त की और कहा कि विद्यालय में साफ-सफाई और रंगाई-पोताई का कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता बरतने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खण्ड शिक्षा अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में स्थित आंगनबाडी केन्द्र में ताला बन्द पाया गया। श्री सिंह ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केन्द्र बन्द होने व आंगनबाड़ी केन्द्र में कार्यरत कार्यकत्री व सहायिका के अनुपस्थिति के सम्बन्ध में रिपोर्ट प्रस्तुत करें और यह सुनिश्चित किया जाये कि जनपद में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र नियमित रूप से खुले, इसमें किसी प्रकार की शिथिलताा न बरती जाये, इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह नियमित रूप से निर्धारित मानक के अनुरूप सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण सुनिश्चित करें और उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जायें।

संक्षेप

## सनोज कुमार झा बने सीआईएल के सीएमडी

नयी दिल्ली। कोयला मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव सनोज कुमार झा ने शनिवार को सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पदभार संभाल लिया। कंपनी ने बताया कि झा की यह नियुक्ति शनिवार से प्रभावी होगी और यह व्यवस्था नियमित पदाधिकारी की नियुक्ति या अगला आदेश जारी होने, इनमें से जो भी पहले हो, तक लागू रहेगी। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने शेयर बाजार को बताया कि झा ने यह जिम्मेदारी पी एम प्रसाद के सेवानिवृत्त होने के बाद संभाली। झा ने दिल्ली विश्वविद्यालय से भौतिकी में ऑनर्स के साथ स्नातक, किंग्स कॉलेज लंदन से लोक नीति एवं प्रबंधन में एमएससी और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस से एडवांस्ड मैनेजमेंट प्रोग्राम इन पब्लिक पॉलिसी पाठ्यक्रम पूरा किया है।

## 5,817 करोड़ मूल्य के 2,000 रुपये के नोट अब भी चलन में

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 5,817 करोड़ रुपये मूल्य के 2,000 रुपये के नोट अभी भी चलन में हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये के नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। हालांकि, ये नोट अभी भी वैध मुद्रा के रूप में बने हुए हैं। केंद्रीय बैंक ने बताया कि चलन में 2,000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य 31 अक्टूबर, 2025 तक घटकर 5,817 करोड़ रुपये रह गया है, जो 19 मई, 2023 को 3.56 लाख करोड़ रुपये था। आरबीआई के अनुसार 19 मई 2023 तक प्रचलन में रहे 2,000 रुपये के 98.37 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं। आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालयों में 19 मई, 2023 से 2,000 रुपये के नोटों को बदलने की सुविधा उपलब्ध है।

## अब एपेक सम्मेलन की मेजबानी करेगा चीन

बीजिंगाझोंगजू। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने शनिवार को घोषणा की कि चीन अगले साल नवंबर 2026 में एपेक आर्थिक नेताओं की बैठक की मेजबानी करेगा। चिनफिंग ने दक्षिण कोरिया के ज्ञोंगजू में आयोजित इस वर्ष की बैठक के समापन सत्र में कहा कि एशिया और प्रशांत क्षेत्र के 21 देशों के नेताओं का 2026 का शिखर सम्मेलन शेन्झेन में आयोजित किया जाएगा। चीन, एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) के शिखर सम्मेलन की पहले भी दो बार मेजबानी कर चुका है। इस साल के एपेक शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और शी चिनफिंग की मुलाकात खबरों में छाई रही। ट्रंप हालांकि, चिनफिंग के साथ बैठक के तुरंत बाद अमेरिका चले गए और सम्मेलन में शामिल नहीं हुए।

## कांगो में बाल विवाह की उच्च दर बरकरार

केपटाउन। बाल विवाह को समाप्त करने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के बावजूद, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में इस कुप्रथा की दर अब भी उच्च बनी हुई है। बाल विवाह उस औपचारिक या अनौपचारिक रिश्ते को कहा जाता है, जिसमें एक या दोनों पक्षों की आयु 18 वर्ष से कम होती है। यह प्रथा नुकसानदायक है क्योंकि यह लड़कियों के शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यक्तिगत विकास के अधिकारों से उन्हें वंचित कर देती है। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में 20 से 24 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 29 प्रतिशत युवतियों का विवाह 18 वर्ष की उम्र से पहले ही हो गया था। निवास स्थान के आधार पर इसमें स्पष्ट अंतर देखा जाता है-ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह की दर 40.1 प्रतिशत है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह घटकर 19.4 प्रतिशत रह जाती है। कुछ अन्य अफ्रीकी देशों में बाल विवाह की दर और भी अधिक है। नाइजर में यह दर 76 प्रतिशत, चाड में 67 प्रतिशत, मध्य अफ्रीकी गणराज्य में 68 प्रतिशत, माली में 54 प्रतिशत, मोजाम्बिक में 48 प्रतिशत, सोमालिया में 45 प्रतिशत, दक्षिण सूडान में 52 प्रतिशत और इथियोपिया में 40 प्रतिशत है। दक्षिण अफ्रीका में यह दर काफी कम यानी चार प्रतिशत है। सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक जनसांख्यिकी के शोधकर्ता के रूप में, मैंने उप-सहारा अफ्रीका में जनसंख्या स्वास्थ्य और विकास को प्रभावित करने वाली चुनौतियों का अध्ययन करने में 20 से अधिक वर्ष बिताए हैं।

# एसआईआर को लेकर ईसी को घेरने की तैयारी

### एमवीए-मनसे ने मुंबई में निकाला मोर्चा, चुनाव आयोग पर महत्वपूर्ण चीजों को नजरअंदाज करने का लगाया आरोप

एजेंसी

मुंबई। कांग्रेस, शिवसेना (उबाठा) और राकांपा (शप) के गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) ने मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं के खिलाफ महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के साथ मिलकर शनिवार को विरोध मार्च निकाला। विपक्ष का आरोप है कि ये अनियमितताएं सत्तारूढ़ भाजपा के लिए फायदेमंद साबित हो रही हैं।

सत्याचा मोर्चा (सत्य के लिए मार्च) दोपहर में दक्षिण मुंबई के फैशन स्ट्रीट से शुरू होकर लगभग एक किलोमीटर दूर बीएमसी मुख्यालय पर समाप्त हुआ। इस मार्च में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, राकांपा (शप) प्रमुख शरद पवार, मनसे प्रमुख राज ठाकरे और कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट समेत विभिन्न नेता शामिल हुए। विपक्ष ने भारत निर्वाचन आयोग पर इस मुद्दे को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव तभी कराए जाने चाहिए जब इन कमियों को दूर किया जाए। कांग्रेस नेता नसीम खान, सतेज पाटिल, भाई जगताप और राकांपा



(शरदचंद्र पवार) सांसद सुप्रिया सुले भी हजारों कार्यकर्ताओं के साथ मार्च में शामिल हुईं। राज ठाकरे अपने समर्थकों और पार्टी सहयोगी बाला नंदगांवकर के साथ दादर स्टेशन से ट्रेन में सवार होकर चर्चगेट पहुंचे।

इससे पहले इस सप्ताह मुंबई में एक सभा को संबोधित करते हुए ठाकरे ने मनसे कार्यकर्ताओं से सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर मोर्चे के स्थल तक पहुंचने की अपील की थी।

इससे पहले, शिवसेना (उबाठा) ने शनिवार को कहा कि विपक्ष का सत्याचा मोर्चा मुंबई में निर्वाचन आयोग को झकझोर देगा। पार्टी के मुखपत्र सामना में प्रकाशित संपादकीय में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) ने लिखा कि संयुक्त महाराष्ट्र आंदोलन के बाद पहली बार सभी दल संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होकर उतरे हैं। संपादकीय में कहा गया है, सभी दलों का यह मोर्चा दिल्ली में निर्वाचन आयोग को झटका देगा। संपादकीय में यह भी दावा किया गया है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) से लेकर मतदाता सूची तक में घोटाला है। शिवसेना (उबाठा) ने आरोप लगाया कि भाजपा 2014 से मतदाता सूची में हुई अनियमितताओं के कारण चुनाव जीतती आ रही है। संपादकीय में कहा गया है कि 2024 लोकसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र में मतदाता सूची में 60 लाख से अधिक नए नाम जोड़े गए हैं।

## एसआईआर मामला : ममताबाला ठाकुर ने दी अनशन की धमकी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस की सांसद ममताबाला ठाकुर ने शनिवार को धमकी दी कि यदि चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में मतुआ समुदाय के किसी भी सदस्य का नाम शामिल किया गया तो वे पांच नवंबर से अनिश्चितकालीन अनशन करेंगी। मतुआ समुदाय (अनुसूचित जाति) के लोग आजादी के बाद पूर्वी पाकिस्तान से आकर पिछले कई दशकों में पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिलों में बस गए थे।

ठाकुर ने कहा कि वह उत्तर 24 परगना जिले के ठाकुरनगर स्थित संघ मुख्यालय में मतुआ समुदाय की दिग्गज नेता बीनापाणि देवी के आवास के सामने अनशन पर बैठेंगी। उन्होंने कहा हम विभिन्न समुदायों के लोगों को हमारे विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। एसआईआर का उद्देश्य मतुआ और अन्य हाशिए पर पड़े समुदायों को खत्म करना और उनके मताधिकार को छीनना है। हम अगले कुछ दिनों में अपनी आगे की रणनीति की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक चुनाव आयोग एसआईआर अभियान को लेकर मतुआ समुदाय के लोगों की इस आशंका को दूर नहीं कर देता है कि एसआईआर के नाम पर इस समुदाय के एक भी व्यक्ति को बाहर नहीं किया जाएगा, अनशन जारी रहेगा।

## विदेशों में गिरावट के बीच तेल तिलहन की कीमतों में नरमी

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में नरमी और आयातकों द्वारा लागत से कम दाम पर की जा रही बिकवाली के बीच स्थानीय बाजार में शनिवार को अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में नरमी देखी गई तथा सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन और बिनौला तेल के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। गुजरात जैसे मुख्य उपभोक्ता राज्य में बरसात के मौसम की वजह से कमजोर कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे। नीचे दाम पर किसानों की बिकवाली कमजोर रहने से सोयाबीन तिलहन के दाम में सुधार आया।

बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में बाजार टूट रहा है। पिछले दिनों मलेशिया एक्सचेंज में 8-10 प्रतिशत की गिरावट रही है। जबकि तेल-तिलहन विषय पर होने वाली परिचर्चाओं में कुछ प्रवक्ता एवं विशेषज्ञ, मलेशिया में लगभग 10 प्रतिशत तेजी रहने का अनुमान जता रहे थे। सरकार ने एक नवंबर को सीपीओ के आयात शुल्क मूल्य को 15 रुपये क्विंटल तथा पामोलीन का आयात शुल्क मूल्य 13 रुपये क्विंटल घटाया है।

## जीएसटी संग्रह 4.6 प्रतिशत बढ़कर 1.96 लाख करोड़ हुआ

एजेंसी

नयी दिल्ली। जीएसटी दरों में कटौती के बावजूद त्योहारी खरीदारी के कारण अक्टूबर में सकल जीएसटी संग्रह 4.6 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.96 लाख करोड़ रुपये हो गया। हालांकि यह चालू वित्त वर्ष में अब तक की सबसे धीमी दर है।

रसोई के सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स और ऑटोमोबाइल सहित 375 वस्तुओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नयी दरें 22 सितंबर से प्रभावी हुईं थीं। यह नवरात्रि का पहला दिन था और यह समय नए सामान खरीदने के लिए शुभ माना जाता है। अक्टूबर के जीएसटी संग्रह के आंकड़े त्योहारी सत्र की बिक्री और दबी हुई मांग के प्रभाव को दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में दिवाली से पहले जीएसटी दरों में कटौती की घोषणा की थी। इसके बाद उपभोक्ताओं ने जीएसटी दरों में कटौती का इंतजार करते हुए अपनी खरीदारी का फैसला टाल दिया था। शनिवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में सकल




जीएसटी संग्रह लगभग 1.96 लाख करोड़ रुपये रहा, जो अक्टूबर 2024 के 1.87 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 4.6 प्रतिशत अधिक है। इस साल अगस्त और सितंबर में कर संग्रह क्रमशः 1.86 लाख करोड़ रुपये और 1.89 लाख करोड़ रुपये से थोड़ा कम रहा। हालांकि अक्टूबर में जीएसटी संग्रह में सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत की वृद्धि पिछले महीनों में देखी गई लगभग नौ प्रतिशत की औसत वृद्धि से कम है। सकल घरेलू राजस्व, जो स्थानीय बिक्री का एक संकेतक है, अक्टूबर में दो प्रतिशत बढ़कर 1.45 लाख करोड़ रुपये हो गया। दूसरी ओर आयात कर लगभग 13 प्रतिशत बढ़कर 50,884 करोड़ रुपये रहा। जीएसटी रिफंड भी सालाना आधार पर 39.6 प्रतिशत बढ़कर 26,934 करोड़ रुपये हो गया। रिफंड समायोजित करने के बाद अक्टूबर 2025 में शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.69 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.2 प्रतिशत अधिक है। प्राइस वाटरहाउस एंड कंपनी एलएलपी के पार्टनर प्रतीक जैन ने कहा कि 22 सितंबर से प्रभावी दरों में भारी कटौती के बावजूद घरेलू जीएसटी संग्रह में मामूली वृद्धि दर्शाती है कि मांग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा जीएसटी रिफंड (घरेलू और निर्यात दोनों) में लगातार वृद्धि से कर प्रशासन के इस भरोसे का पता चलता है कि भविष्य में भी जीएसटी संग्रह सकारात्मक रहेगा। ईवाई इंडिया के टैक्स पार्टनर सौरभ अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी संग्रह बढ़ने की धीमी गति मुख्य रूप से दरों को युक्तिसंगत बनाने और त्योहारी सत्र से पहले उपभोक्ता खर्च में देरी के कारण थी।

## साइबर अपराधी भेज रहे नकली न्यौते


जयपुर। राजस्थान में शादी-विवाह का सीजन शुरू होते हुए साइबर ठगों ने नकली न्यौते (ई-निमंत्रण लिंक) भेजने शुरू कर दिए जबकि पुलिस ने लोगों को किसी भी प्रकार के लिंक पर क्लिक न करने को लेकर आगाह किया। पुलिस ने बताया कि लिंक पर क्लिक करने से निजी जानकारी व बैंकिंग ब्यौरा चोरी हो सकता है। उपमहानिरीक्षक (साइबर अपराध) विकास शर्मा ने बताया कि अपराधी मोबाइल पर एक फर्जी एपीके फाइल साझा कर रहे हैं, जिसका नाम अक्सर आमंत्रण.एपीके होता है। उन्होंने बताया कि जैसे ही यूजर शादी के आमंत्रण या लोकेशन लिंक समझकर इस पर क्लिक करते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट से पॉक्सो का आरोपी बरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने एक दुर्लभ मामले में संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी पूर्ण शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए उस व्यक्ति के खिलाफ पॉक्सो की कार्यवाही निरस्त कर दी है, जिसने नाबालिग लड़की के साथ यौन संबंध बनाए और बाद में उससे शादी कर ली थी। न्यायालय ने यह भी कहा, यह अपराध वासना का नहीं, बल्कि प्रेम का परिणाम था।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ए. जी. मसीह की पीठ ने कहा कि पीड़िता (अब पत्नी) ने कहा है कि उसकी शादी उस व्यक्ति (दोषी) के साथ हुई थी और उन दोनों का एक साल का बेटा भी है। वे अब खुशहाल जीवन जी रहे हैं। लड़की के पिता भी चाहते हैं



कि उनकी बेटी के पति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही समाप्त हो। पीठ ने कहा, हम इस तथ्य से अवगत हैं कि अपराध केवल एक व्यक्ति के विरुद्ध नहीं, बल्कि समग्र समाज के विरुद्ध है। जब कोई अपराध होता है, तो वह समाज की सामूहिक चेतना को आहत करता है और इसलिए समाज, अपने निर्वाचित सांसदों के माध्यम से, यह निर्धारित करता है कि ऐसे अपराध के लिए क्या दंड होगा और अपराधी के साथ कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए, ताकि उसकी पुनरावृत्ति न हो। पीठ ने कहा कि आपराधिक कानून समाज की संप्रभु इच्छा का प्रकटीकरण है, लेकिन ऐसे कानून का क्रियान्वयन व्यावहारिक वास्तविकताओं से अलग नहीं है।

पीठ ने 28 अक्टूबर के अपने आदेश में कहा, न्याय प्रदान करने के लिए एक सूक्ष्म दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। यह न्यायालय प्रत्येक मामले की विशिष्टताओं के अनुसार अपने निर्णय देता है, अर्थात आवश्यकतानुसार दृढ़ता एवं गंभीरता के अलावा दयालुता के साथ भी निर्णय सुनाता है। जहां तक संभव हो, किसी विवाद का अंत करना समाज के सर्वोत्तम हित में भी है।

## सबरीमला मंदिर से सोना चोरी मामले में एक और गिरफ्तार

एजेंसी

पथनमथिट्टा (केरल)। केरल के प्रसिद्ध सबरीमला मंदिर से कथित तौर पर सोना गायब होने की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पूर्व कार्यकारी अधिकारी सुधीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि कुमार 2019 में सबरीमला मंदिर के कार्यकारी अधिकारी थे। उन्हें तिरुवनंतपुरम स्थित अपराध शाखा कार्यालय में पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। कुमार पर यह आरोप है कि उन्होंने द्वारपालक की मूर्तियों के सोने से मढ़े होने की बात छिपाई और मंदिर के आधिकारिक अभिलेखों में उन्हें तांबे की मूर्तियां बताकर दर्ज किया। सूत्रों ने बताया कि कुमार 1990 के दशक में सबरीमला से जुड़े थे और उन्हें पता था कि 1998 से




1999 तक द्वारपालक की मूर्तियों सहित गर्भगृह पर सोने की परत चढ़ाई गयी थी। एक अधिकारी ने बताया कि जब द्वारपालक की मूर्तियों के सोने की मढ़ने का काम मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी को सौंपा गया तो कुमार ने कथित तौर पर उन्हें तांबे की प्लेट के रूप में दर्ज किया, जिससे आरोपी बाद में मौजूदा सोने की परत को हटा सका। कुमार ने त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) से सिफारिश की कि द्वारपालक प्लेटों को इलेक्ट्रोप्लेटिंग के लिए पोट्टी को सौंप दिया जाए। सूत्रों ने बताया कि प्लेटों को हटाने का काम टीडीबी तिरुवभरणम (पवित्र आभूषण) आयुक्त की उपस्थिति के बिना किया गया। कुमार इस मामले में गिरफ्तार किए गए तीसरे व्यक्ति हैं। उनसे पहले पोट्टी और पूर्व प्रशासनिक अधिकारी बी. मुरारी बाबू को गिरफ्तार किया गया था। कुमार को यहां न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) की अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अदालत ने आदेश दिया है कि आरोपी को सोमवार को दोबारा पेश किया जाए। इस बीच, एसआईटी ने पोट्टी के करीबी सहयोगी वासुदेवन से भी पूछताछ की। जांच अधिकारियों ने बताया कि वासुदेवन ने द्वारपालक की मूर्तियों के अलावा स्वर्ण की परत चढ़े आसन को अपने पास रखा था, जिसे बाद में पिछले महीने तिरुवनंतपुरम में पोट्टी के एक रिश्तेदार के घर से जब्त किया गया था।

## पेज एक का शेष

### आंध्र प्रदेश

लोहे की ग्रिल के गिरने से हुआ, जिसके बाद लोग डर गए और उन्हें लगा कि कुछ गिर रहा है। उन्होंने कहा घबराहट के कारण वे लगभग छह फुट की ऊंचाई से गिर गए। भगदड़ जैसी कोई घटना नहीं हुई। चूंकि यह छह फुट की ऊंचाई से गिरा था, इसलिए एक व्यक्ति दूसरे पर गिर गया और इसी वजह से यह हादसा हुआ। उन्होंने कहा, ‘यह पूरी तरह से एक दुर्घटना है और मालिक की गलती के कारण ऐसा हुआ है। उन्होंने पुलिस बंदोबस्त के लिए आवेदन नहीं किया था, इसके लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई थी’।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये और घायलों को 2,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। मोदी ने एक्स पर लिखा आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में स्थित वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगदड़ मचने की घटना से दुखी हूं। अपने प्रियजन को खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया। आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री वी. अनीता ने कहा कि इस घटना में कम से कम पांच लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में कम से कम सात की उम्र 35-40 वर्ष के बीच है। गृह मंत्री के अनुसार, मंदिर पहली मंजिल पर ऊंचाई पर स्थित है और जब श्रद्धालु चढ़ रहे थे, तो रेलिंग टूट गई, जिससे एक कोने में खड़े लोग गिर गए और कुछ लोग उनके ऊपर गिर पड़े।

### दुनिया की बड़ी

को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) -2020 में भी महत्व दिए जाने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देश में और सकारात्मक बदलाव लाने में एनईपी बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकती है, बशर्ते सभी शिक्षण संस्थान इसे समयबद्ध ढंग से लागू करें। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने एनईपी के उद्देश्यों के अनुरूप टाटा टेक्नोलॉजी के साथ 150 से अधिक आईटीआई से युवाओं को मॉडर्न वोकेशनल ट्रेनिंग से जोड़ने के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है।

सीएम योगी अपने संबोधन में विद्यार्थियों के समक्ष एक अभिभावक और शिक्षक की भूमिका में नजर आए। उन्होंने कहा कि व्यवस्था या सिस्टम को कोसना हममें से अधिकतर लोगों की आदत बन गई है। ऐसे लोगों को हर कार्य में सिर्फ सरकार दोषी लगती है। ऐसे लोग किसी समस्या पर अपनी खामी दूर करने की बजाय सिर्फ दूसरों की खामियों को निकालने में लगे रहते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि समस्या असाध्य हो जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान का मार्ग ही सफलता दिलाता है। सफलता प्राप्त करने के दो ही मार्ग हैं, एक, समाधान के लिए पहल या फिर उससे पलायन। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए समस्या के समाधान पर चर्चा करनी होगी। कोसने से समस्या का समाधान नहीं हो पाएगा बल्कि हम पलायन कर जाएंगे।

सीएम योगी ने समस्या के समाधान से जुड़े अपने वक्तव्य को एक उदाहरण से स्पष्ट किया। कहा कि जाम की समस्या पर चर्चा तो सभी लोग करते हैं लेकिन उनमें से अधिकांश लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन भी खुद ही करते हैं। ट्रैफिक के नियम सुविधा और सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। यदि हम ट्रैफिक नियमों का पालन करें तो जाम नहीं लगेगा। कोई तो कारक होता ही है जाम लगने का। अक्सर देखा जाता है कि लोग मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट या कार चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं करते हैं। वाहन चलाते समय इयरफोन भी लगाए रहते हैं।

### जल्द ही

तथा दशकों तक देश पर शासन करने वाले लोग जनता को अपने हाल पर छोड़कर एयर कंडीशन कमरों में बैठकर अपने जीवन का आनंद लेते रहे। प्रधानमंत्री ने कहा मोदी अपने आदिवासी भाई-बहनों को हिंसा के इस खेल में बर्बाद होने के लिए नहीं छोड़ सकता था। मैं लाखों माता बहनों को अपने बच्चों के लिए रोते हुए नहीं छोड़ सकता था। 2014 में आपने हमें अवसर दिया। हमने भारत को माओवादी आतंक से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया और आज इसके नतीजे देश देख रहा है। मोदी ने कहा 11 साल पहले देश के 125 जिले माओवादी आतंक की चपेट में थे। अब 125 जिलों में से सिर्फ तीन जिले बचे हैं। मैं देशवासियों को गारंटी देता हूं वह दिन दूर नहीं जब हमारा छत्तीसगढ़, हमारा हिंदुस्तान, हिंदुस्तान का हर कोना माओवादी आतंक से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ के जो साथी हिंसा के रास्ते पर निकल पड़े थे वह तेजी से हथियार डाल रहे हैं। कुछ दिन पहले कांकेर में 20 से अधिक नक्सली मुख्यधारा में लौट आए। इससे पहले 17 अक्टूबर को बस्तर में 200 से अधिक नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था। बीते कुछ महीनों में ही देश भर में माओवादी आतंक से जुड़े दर्जनों लोगों ने हथियार डाल दिए। इनमें से बहुतों पर लाखों रुपए का इनाम हुआ करता था। अब इन्होंने बंदूक छोड़कर, देश के संविधान को स्वीकार कर लिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जहां बम-बंदूक का डर था वहां हालात बदल गए हैं और बीजापुर के चिकपल्ली गांव में सात दशक के बाद पहली बार बिजली पहुंची है। अबूझमाड़ के रेकावाया गांव में आजादी के बाद पहली बार स्कूल बनाने का काम शुरू हुआ है।

### सबसे भारी

बजकर 26 मिनट पर प्रक्षेपित होगा। उसने बताया कि एलवीएम3 (प्रक्षेपण यान मार्क-3) इसरो का भारी वजन वहन करने वाला नया प्रक्षेपण यान है और इसका उपयोग 4,000 किलोग्राम के अंतरिक्ष यान को लागत प्रभावी तरीके से जीटीओ में स्थापित करने के लिए किया जाएगा। दो ठोस मोटर स्ट्रैप-ऑन (एस200), एक द्रव प्रणोदक कोर चरण (एल110) और एक क्रायोजेनिक चरण (सी25) वाला यह तीन चरणीय प्रक्षेपण यान इसरो को जीटीओ में 4,000 किलोग्राम तक वजन वाले भारी संचार उपग्रहों को प्रक्षेपित करने में पूर्ण आत्मनिर्भरता प्रदान करता है।

एलवीएम3- को इसरो के वैज्ञानिक भू-समकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) एमके3 भी कहते हैं। इसरो ने कहा कि एलवीएम3-एम5 पांचवीं अभियानगत उड़ान है। इससे पहले, अंतरिक्ष एजेंसी ने पांच दिसंबर, 2018 को एरियन-5 वीए-246 रॉकेट के जरिए फ्रेंच गुयाना के कौरू प्रक्षेपण केंद्र से अपने सबसे भारी संचार उपग्रह जीसैट-11 को प्रक्षेपित किया था। लगभग 5,854 किलोग्राम वजनी जीसैट-11 इसरो द्वारा निर्मित सबसे भारी उपग्रह है। इसरो ने कहा कि रविवार के मिशन का उद्देश्य यह है कि बहु-बैंड संचार उपग्रह सीएमएस-03 भारतीय भूभाग सहित एक विस्तृत समुद्री क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करेगा। एलवीएम-3 रॉकेट ने इससे पहले चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण किया था, जिसके जरिए भारत 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफलतापूर्वक उतरने वाला पहला देश बन गया। एलवीएम3 यान अपने शक्तिशाली क्रायोजेनिक चरण के साथ 4,000 किलोग्राम वजन का पेलोड जीटीओ तक तथा 8,000 किलोग्राम वजन का पेलोड पृथ्वी की निचली कक्षा तक ले जाने में सक्षम है।

### संप्रभुता

भारत आसियान के नेतृत्व वाले समावेशी क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचे को मजबूत बनाने के पक्ष में है। रक्षा मंत्री ने कहा, भविष्य की सुरक्षा केवल सैन्य क्षमताओं पर निर्भर नहीं करेगी, बल्कि साझा संसाधनों के प्रबंधन, डिजिटल और भौतिक बुनियादी ढांचे की सुरक्षा, और मानवीय संकटों के प्रति सामूहिक प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगी। सिंह ने कहा कि एडीएमएम-प्लस रणनीतिक संवाद को व्यावहारिक परिणामों से जोड़ने और क्षेत्र को शांति एवं साझा समृद्धि की ओर ले जाने वाला सेतु बन सकता है। उन्होंने कहा भारत इस ढांचे में अपनी भूमिका को साझेदारी और सहयोग की भावना के नजरिए से देखता है।

### बम की

अड्डे जैसे एक बड़े विस्फोट की योजना बनाई है। इसने बताया कि सभी हितधारकों को सतर्क कर दिया गया और विमान का मार्ग मुंबई हवाई अड्डे की ओर कर दिया गया, जहां इसे सुरक्षित उतार लिया गया। पुलिस ने कहा कि सभी (सुरक्षा) जांच की गई और कोई समस्या नहीं पाई गई। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। इंडिगो के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा एक नवंबर को जेद्दा से हैदराबाद जाने वाले इंडिगो के विमान 6ई 68 के लिए सुरक्षा संबंधी खतरे का मेल प्राप्त हुआ था और विमान को मुंबई की ओर मोड़ दिया गया। इसने कहा कि स्थापित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, एयरलाइन ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित किया और विमान को आगे के संचालन के लिए मंजूरी देने से पहले आवश्यक सुरक्षा जांच करने में उनके साथ पूरा सहयोग किया। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा हमने अपने ग्राहकों की असुविधा को कम करने के लिए हरसंभव प्रयास किया, जिसमें उन्हें जलपान उपलब्ध कराना और नियमित जानकारी साझा करना शामिल है।

### आपदा प्रबंधन

सते सिंह के परिजनों को आर्थिक सहायता स्वरूप 5-5 लाख रुपये के चेक प्रदान किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पीड़ित अपने आपको असहाय महसूस न करे। उन्होंने कहा कि आपदा से क्षतिग्रस्त सड़क, पेयजल, बिजली, आवास और संचार तंत्र से संबंधित सभी संरचनाओं का त्वरित पुनर्निर्माण सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल पुनर्स्थापन नहीं, बल्कि स्थायी और सुदृढ़ पुनर्निर्माण है ताकि भविष्य में किसी भी आपदा की स्थिति में लोगों को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर क्षेत्र के विकास और आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए कई घोषणाएं भी कीं। मुख्यमंत्री ने भौंर में स्थायी हेलीपैड के निर्माण, ग्राम भौंर में आंगनवाड़ी केंद्र की स्थापना, ग्राम भौंर तक मोटर मार्ग के लिए सड़क निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये की स्वीकृति, आपदा के दौरान पूरी तरह नष्ट हुए घरों के लिए उनके विस्थापन की योजना किए जाने और वाहन क्षति पर मुआवजा दिए जाने की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में विशेष प्रावधान किए हैं ताकि प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता तुरंत मिल सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कठिन समय में धैर्य और एकजुटता बनाए रखें तथा प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रबंधन प्रणाली को आधुनिक तकनीक और स्थानीय सहभागिता के साथ और अधिक सशक्त बना रही है। इसके तहत पूर्व चेतावनी प्रणाली, त्वरित राहत दलों की संरचना और प्रशिक्षण, तथा ग्रामीण स्तर पर आपदा प्रबंधन समितियों को सक्रिय किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक रुद्रप्रयाग भरत चौधरी, जिलाधिकारी प्रतीक जैन, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध घिल्डियाल, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार, तहसील प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, पेयजल निगम सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### भारतीय लोकतंत्र

में समांतर रूप से विभाजित किया जा सका। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश विक्रम नाथ ने कहा कि आंबेडकर ने उदारवाद और सामाजिक न्याय के विचार को जन्म दिया और उनका मानना था कि कोई भी व्यक्ति भारतीय संविधान से ऊपर नहीं है। उन्होंने कहा कि आंबेडकर समाज में व्याप्त जाति, लैंगिक और समाज आधारित भेदभाव को समाप्त करने के पक्षधर थे। उन्होंने ही सभी के लिए सुलभ न्याय की अवधारणा को संविधान के जरिए रखा।

# बिहार में विकास और जंगलराज की जंग

## पटना,गोपालगंज,समस्तीपुर में गृहमंत्री अमित शाह ने जन सभा को किया संबोधित

एजेंसी

पटना/गोपालगंज/समस्तीपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव राज्य की जनता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास का रास्ता चुनने और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाले विपक्ष के जंगलराज को वापस लाने के बीच का चुनाव है। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह बात गोपालगंज और समस्तीपुर जिलों में आयोजित रैलियों को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए कही। खराब मौसम के कारण वह स्वयं इन स्थानों पर नहीं पहुंच सके।



राजद प्रमुख लालू प्रसाद के गृह जिले गोपालगंज का उल्लेख करते हुए शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के भाई और पूर्व विधायक साधू यादव के अत्याचारों का जिक्र किया और लोगों को चेताया कि अगर विपक्ष सत्ता में आया तो फिर से जंगलराज लौट आएगा। शाह ने कहा, यह चुनाव यह तय करने का अवसर है कि बिहार का भविष्य किसे सौंपना चाहिए। एक ओर वे लोग हैं जिन्होंने राज्य में जंगलराज लाया था और दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी है, जिन्होंने विकास का रास्ता दिखाया है। उन्होंने कहा, गोपालगंज के लोगों ने 2002 से राजद को वोट नहीं दिया है। मुझे पूरा भरोसा है कि वे इस परंपरा को बनाए रखेंगे। गोपालगंज के लोगों से बेहतर कोई साधू यादव के कारनामों को नहीं जानता। साधू यादव, जो गोपालगंज से विधायक और सांसद दोनों रह चुके हैं, राबड़ी देवी के मुख्यमंत्री रहने के दौरान काफी प्रभावशाली माने जाते थे। शाह ने उन घटनाओं का भी उल्लेख किया जिनमें यादव का नाम सामने आया था, जैसे 1999 में राबड़ी देवी की बड़ी बेटी मीसा भारती की शादी के दौरान शो-रूम से कथित तौर पर जबरन कारें उठवा लेने का मामला, जिसका जिक्र प्रधानमंत्री मोदी ने भी हाल में एक रैली में किया था। 90 के दशक के शिल्पी गौतम हत्याकांड में भी यादव का नाम आया था। हाल में यह मामला तब सुर्खियों में आया जब जनसुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर ने उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी (जो उस वक्त राजद में थे) पर इस मामले में संलिप्तता का आरोप लगाया।

शाह ने अपने संबोधन में राजद शासनकाल के दौरान मध्य बिहार के उन गांवों का भी नाम लिया, जो नरसंहारों के लिए कुख्यात रहे थे, जब राज्य के कई जिले नक्सलियों और ऊंची जाति के जमींदारों की निजी सेनाओं के बीच खूनी संघर्ष की चपेट में थे। गृह मंत्री ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, घोषणापत्र में दो बड़ी बातें हैं - एक किसानों के लिए और एक महिलाओं के लिए। हाल में नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री मोदी ने 1.41 करोड़ जीविका दीदियों के खातों में 10 हजार रुपए भेजे हैं। अगले चरण में इन दीदियों को दो लाख रुपए तक विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता दी जाएगी। किसानों को भी अब सालाना छह हजार की जगह नौ हजार रुपये दिए जाएंगे। शाह ने यह भी घोषणा की कि अगले पांच वर्षों में बिहार की सभी बंद पड़ी चीनी मिलें दोबारा चालू की जाएंगी।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्थापना दिवस पर दी बधाई



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पंजाब और पुडुचेरी के स्थापना दिवस पर शनिवार को लोगों को बधाई दी। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के जरिए इन राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सफलता और इनके निवासियों की खुशहाली की कामना की। उन्होंने लिखा आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पंजाब और पुडुचेरी के स्थापना दिवस पर उनके निवासियों को हार्दिक बधाईउ इन सभी क्षेत्रों ने भारत की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

उन्होंने कहा, ये राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपनी विकास यात्रा में नए कीर्तिमान स्थापित करते रहें। मैं इनके सभी निवासियों की निरंतर समृद्धि और कल्याण के लिए शुभकामनाएं देती हूं। आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, केरल और लक्षद्वीप 1956 में इसी दिन अस्तित्व में आए थे। पंजाब और हरियाणा का गठन 1966 में हुआ था तथा छत्तीसगढ़ का गठन 2000 में मध्य प्रदेश से अलग होकर हुआ था। ये सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी एक नवंबर को अपना स्थापना दिवस मनाते हैं।

## संक्षेप

### तंजानिया की राष्ट्रपति ने 97 प्रतिशत मतों से चुनाव जीता

कंपाला। तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन ने देश के विवादित चुनाव में 97 प्रतिशत से अधिक मतों से जीत हासिल की है। शनिवार सुबह आधिकारिक तौर पर चुनाव नतीजे की घोषणा की गई जिसमें हसन को विजेता घोषित किया गया। हसन, प्रशासनिक राजधानी डोडोमा में एक कार्यक्रम में चुनाव अधिकारियों से विजेता प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए पहुंचीं। उन्हें 97 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बाद में कहा कि परिणाम दर्शाते हैं कि तंजानियावासियों ने एक महिला नेता के लिए पूरे जोर-शोर से मतदान किया। हसन ने चुनाव के बाद कहा, यह हमारे देश को एकजुट करने का समय है न कि छह दशकों से भी अधिक समय में हमने जो बनाया है उसे नष्ट करने का। उन्होंने कहा, हम देश में शांति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे और सभी सुरक्षा एजेंसियों को इसमें शामिल करेंगे। हसन 2021 में राष्ट्रपति बनी थीं। वर्ष 2021 में राष्ट्रपति जॉन पोम्बे मैगुफुली की अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के कुछ महीनों बाद ही मौत हो गई थी, जिसके बाद उपराष्ट्रपति के रूप में सेवाएं दे रहीं सामिया सुलुहू हसन पदोन्नत होकर राष्ट्रपति बन गई थीं। चुनाव के नतीजे से आलोचकों, विपक्षी दलों और अन्य लोगों की चिंताएं बढ़ने की संभावना है।

## अब बिहारी होना गर्व की बात , राज्य के विकास के लिए राजग को दें वोट : नीतीश

एजेंसी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता नीतीश कुमार ने शनिवार को राज्य के लोगों से एक बार फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट देने की अपील की। उन्होंने साथ ही कहा कि अब बिहारी होना गर्व की बात है और राज्य के समग्र विकास के लिए राजग सरकार का बने रहना जरूरी है। जद(यू) की ओर से सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने परिवार के लिए कभी कुछ नहीं किया और बिहार के विकास को ही हमेशा प्राथमिकता दी है।

कुमार ने कहा कि नवंबर 2005 में उनकी सरकार के गठन के बाद से राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा लोग जानते हैं कि 2005 से पहले बिहार की स्थिति क्या थी। हमने सत्ता में आने के बाद कानून-व्यवस्था की बहाली को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और राज्य में कानून का राज स्थापित किया।

## राजद के समय में फैली थी अराजकता

एजेंसी



पटनाासीवान। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अगर सत्ता में आया तो वह बिहार में एक बार फिर जंगलराज लेकर आएगा।

उन्होंने कहा कि राजद द्वारा दिवंगत बाहुबली नेता मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे को उम्मीदवार बनाना इसका स्पष्ट संकेत है। खराब मौसम के कारण सीवान नहीं पहुंच पाने पर नड्डा ने वर्चुअल माध्यम से चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा राजद शासनकाल में बिहार ने जंगलराज देखा था। उस समय राज्य में अराजकता फैली हुई थी। कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी थी और अपहरण एक उद्योग बन गया था, जिसका सौदा तत्कालीन मुख्यमंत्री के आवास पर तय होता था। भाजपा अध्यक्ष ने कहा सीवान ने शहाबुद्दीन का आतंक झेला है और अब राजद ने विधानसभा चुनाव में उसके बेटे को टिकट देकर एक बार फिर वही भयावह दौर लौटाने का संकेत दिया है। लालू प्रसाद की पार्टी बिहार में जंगलराज वापस लाना चाहती है।

राजद ने सीवान जिले की रघुनाथपुर सीट से शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब को अपना उम्मीदवार बनाया है। नड्डा ने कहा, राजद का मतलब ह। रंगदारी, जंगलराज और दादागीरी। उन्होंने लोगों से अपील की, राजद को वोट न दें, क्योंकि उसके तमाम नेता लालू प्रसाद, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और मीसा भारती सभी जमानत पर हैं।

## दिल्ली से नियंत्रित होता है बिहार : प्रियंका गांधी

एजेंसी



बेगूसराय। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को बिहार में बेरोजगारी और पलायन के मुद्दे पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर हमला करते हुए कहा कि राज्य में डबल इंजन की सरकार नहीं है, क्योंकि सब कुछ दिल्ली से नियंत्रित किया जाता है। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बेगूसराय में अपनी पहली चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य, दोनों जगह राजग की सरकारें विभाजनकारी राजनीति और झूठे राष्ट्रवाद का सहारा लेकर लोगों का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रही हैं।

कांग्रेस सांसद ने कहा मतदान का अधिकार भारतीय संविधान का सबसे बड़ा वरदान है, लेकिन राजग सरकार ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए लोगों के वोट का अधिकार कमजोर कर दिया, जिसमें 65 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। उन्होंने कहा बिहार में कोई डबल इंजन सरकार नहीं है, बल्कि एक ही इंजन है। सब कुछ दिल्ली से नियंत्रित किया जाता है। न तो आपकी सुनी जाती है और न ही आपके मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सम्मान होता है। प्रियंका ने मतदाता सूची की समीक्षा प्रक्रिया को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मतदाताओं के नाम हटाना लोगों के अधिकारों का हनन है। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया, पहले उन्होंने लोगों को बांटा, फिर लड़ाई करवाई, लेकिन जब जनता का ध्यान असली मुद्दों से नहीं हटा सके, तो अब वोट चुराने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया जब शीर्ष राजग नेता यहां आते हैं, तो क्या बात करते हैं? या तो 20 साल आगे की बातें करते हैं ।

## कन्नड़ की उपेक्षा कर रही केंद्र सरकार : सिद्धरमैया

एजेंसी



बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को केंद्र सरकार पर कन्नड़ भाषा की उपेक्षा करने और हिंदी थोपने का आरोप लगाया। उन्होंने राज्य के लोगों से कन्नड़-विरोधी ताकतों का विरोध करने का भी आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने राज्य स्थापना दिवस (राज्योत्सव दिवस) के अवसर पर राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में कहा, केंद्र सरकार कर्नाटक के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

सत्तरवें कन्नड़ राज्योत्सव समारोह का आयोजन स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य केंद्र को 4.5 लाख करोड़ रुपये का राजस्व देता है, लेकिन उसे उसका उचित हिस्सा नहीं मिलता और बदले में बहुत ही मामूली राशि दी जाती है। कन्नड़ भाषा के साथ अन्याय होने का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, हिंदी थोपने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हिंदी और संस्कृत के विकास के लिए अनुदान दिए जाते हैं, जबकि देश की अन्य भाषाओं की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि कर्नाटक को राज्य के विकास के लिए आवश्यक धन से वंचित किया जा रहा है। सिद्धरमैया ने कहा, कन्नड़ जैसी शास्त्रीय भाषा के विकास के लिए पर्याप्त धनराशि नहीं दी जा रही, जिससे उसके साथ अन्याय हो रहा है। हमें उन सभी का विरोध करना चाहिए जो कन्नड़-विरोधी हैं। कन्नड़ भाषा और उसकी संस्कृति को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा में कन्नड़ भाषा की उपेक्षा के कारण कई समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। उन्होंने कहा विकसित देशों के बच्चे अपनी मातृभाषा में सोचते, पढ़ते-लिखते और सपने देखते हैं, लेकिन यहां स्थिति इसके विपरीत है। अंग्रेज़ी और हिंदी हमारे बच्चों की प्रतिभा को कमजोर कर रही हैं। सिद्धरमैया ने कहा इसलिए मातृभाषा को शिक्षा के माध्यम के रूप में लागू करने के लिए कानून बनाने की आवश्यकता है। मैं इस दिशा में केंद्र से गंभीरता से विचार करने का आग्रह करता हूं।

### रूसी सेना को ईंधन आपूर्ति करने वाली प्रमुख पाइपलाइन पर हमला : यूक्रेन

कीव। यूक्रेन की सेना ने मॉस्को क्षेत्र में स्थित एक महत्वपूर्ण ईंधन पाइपलाइन पर हमला किया है। यह ईंधन पाइपलाइन रूसी सेना को ईंधन की आपूर्ति करती है। यूक्रेन की सेना के खुफिया विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन ने यह दावा ऐसे समय में किया है जब रूस की ओर से ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए जा रहे हैं। टेलीग्राम मैसेजिंग चैनल पर दिए गए एक बयान के अनुसार यह हमला शुक्रवार देर रात को किया गया। समाचार एजेंसी एचयूआर के मुताबिक यह हमला रूसी सेना के लिए एक गंभीर झटका है।

## इंटरटेनमेंट...

### सलमान ने अनुराग से नई फिल्म के लिए मिलाया हाथ



**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान एक बार फिर सुर्खियों में हैं। जहां एक तरफ वे अपनी अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर चर्चा का विषय बने हुए हैं, वहीं अब रेडिट की एक नई रिपोर्ट ने फैंस के बीच हलचल मचा दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान खान ने डायरेक्टर अनुराग कश्यप संग एक नई फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। खास बात यह है कि यह सहयोग तब सामने आया है जब अनुराग के भाई और 'दबंग' के डायरेक्टर अभिनव कश्यप ने कुछ समय पहले सलमान खान और उनके परिवार पर गंभीर आरोप लगाए थे। अभिनव ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था कि खान परिवार ने उनके करियर को बर्बाद करने की कोशिश की और इंडस्ट्री में काम पाना उनके लिए मुश्किल बना दिया। इस बयान के बाद से अभिनव और सलमान खान के बीच मनमुटाव खुलकर सामने आ गया था। ऐसे में अब सलमान और अनुराग का साथ काम करना फैंस और इंडस्ट्री के लिए चौंकाने वाली खबर है। रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों की इस डील में अभिनेता बॉबी देओल ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई है। हालांकि इस फिल्म को लेकर अभी तक सलमान खान या अनुराग कश्यप की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। सलमान खान जल्द ही डायरेक्टर अपूर्वा लखिया की फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में नजर आने वाले हैं, जिसमें उनके साथ चित्रांगदा सिंह, अभिलाष चौधरी और अंकुर भाटिया नजर आएंगे।

- भाई अभिनव संग पुराने विवाद के बीच चौंकाने वाली खबर, दोनों के बीच बॉबी देओल बने मिडिएटर

### संवेदनशील कहानियां मुझसे जुड़ती हैं : यामी



एक्ट्रेस यामी गौतम ने अपनी नई फिल्म 'हक' में शाजिया का मजबूत किरदार निभाया है। एक ऐसी महिला जो समाज और सिस्टम से अपने अधिकार और सच्चाई के लिए लड़ती है। सुपर्ण वर्मा के निर्देशन में बनी यह फिल्म शाह बानो केस से प्रेरित है, जिसने मुस्लिम पर्सनल लॉ, यूनिफॉर्म सिविल कोड और महिलाओं के अधिकारों पर देशभर में बड़ी बहस शुरू की थी। फिल्म में यामी सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि एक सोच और आवाज के रूप में नजर आती हैं। यह फिल्म 7 नवंबर को रिलीज होने जा रही है। मैं हाईस्कूल में थी जब मैंने पहली बार अखबार में शाह बानो केस के बारे में पढ़ा था। उनका चेहरा और उनकी आंखों में दिखने वाला दर्द आज तक याद है। जब ये फिल्म मेरे पास आई, तो मैं उसी समय में लौट गई। स्क्रिप्ट पढ़ते ही लगा कि कहानी में गहराई और सच्चाई है। भले ही यह बायोपिक नहीं है, लेकिन किरदार की गरिमा बनाए रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी थी।

- 'हक' में सिर्फ शाजिया नहीं, हर उस औरत की आवाज हूं जो न्याय चाहती है

### हैलोवीन पार्टी में पहुंचे बॉलीवुड सेलेब्स

मुंबई। कॉन्टेंट क्रिएटर ओरी ने एक हैलोवीन पार्टी का वीडियो शेयर किया, जिसमें बॉलीवुड के कई सितारे भी पहुंचे। इस पार्टी में आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, अर्जुन कपूर, आर्यन खान, नीता अंबानी, आकाश अंबानी और श्लोका मेहता जैसे सितारे शामिल हुए। ओरी ने जो वीडियो शेयर किया, उसकी शुरूआत खुद ओरी से होती है। उन्होंने डिज्नी की फिल्म लिटिल मरमेड के किरदार 'सेबेस्टियन द क्रैब' का लुक अपनाया। उन्होंने लाल रंग का कॉस्ट्यूम पहना था। इसके बाद एंट्री होती है नीता अंबानी की, जो फिल्म ब्रेकफास्ट ऐट टिफनीज की ऑड्री हेपबर्न के लुक में नजर आईं।

### गुलशन देवैया की शुरुआती तीन फिल्में नॉमिनेट हुईं



**मुंबई।** टैलेंट और अपनी मेहनत के दम पर गुलशन देवैया ने बॉलीवुड में एक अलग पहचान बनाई है। गुलशन देवैया का बेंगलुरु से मुंबई तक का सफर आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने अपने सपनों को कभी छोड़ा नहीं। फैशन इंडस्ट्री से थिएटर और फिर सिनेमा तक पहुंचे गुलशन की मेहनत, ईमानदारी और संवेदनशीलता ने उन्हें खास बनाया। उनकी तीन फिल्मों को नॉमिनेशन मिला, पर अवॉर्ड हाथ नहीं आया, जिसने उन्हें सिखाया कि फिल्मों में सफलता सिर्फ पुरस्कार नहीं बल्कि आत्मविश्वास और सच्चाई होती है। अनुराग कश्यप जैसे दिग्गजों का भरोसा और उनके अनुभवों में मिलने वाली चुनौतियां गुलशन की प्रतिभा को परखने का जरिया रहीं। साथ ही, शाहरुख खान की पार्टी में व्यक्तिगत छोटे-छोटे जेस्चर ने उनका दिल जीता। गुलशन का मानना है कि असली सफलता नाम और पैसा नहीं, बल्कि मन की शांति और ईमानदारी से जीवन जीना है। बहरहाल, गुलशन इन दिनों 'कांतारा चैप्टर वन' की सक्सेस को एन्जॉय कर रहे हैं। 28 मई 1978 को बेंगलुरु में जन्मे गुलशन देवैया के पिता देवैया भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में कार्यरत थे। उनकी मां पुष्पलता जॉब के साथ-साथ थिएटर भी करती थीं। गुलशन ने अपनी प्राथमिक शिक्षा बेंगलुरु के क्लूनी कॉन्वेंट और सेंट जोसेफ इंडियन हाई स्कूल से पूरी की और बाद में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी से ग्रेजुएशन किया। गुलशन देवैया ने फैशन इंडस्ट्री में दस साल तक काम किया। लेकिन उनका असली झुकाव थिएटर और एक्टिंग की ओर था। बेंगलुरु में अंग्रेजी थिएटर में छोटे-छोटे रोल करके उन्होंने अभिनय में अपनी रुचि विकसित की।

- अवॉर्ड न मिलने पर छलका दर्द शाहरुख खान की पार्टी में झिझके 'कांतारा' से भरी नई उड़ान




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com